सूर्योदय : 6:04
सूर्यास्त : 6:19
अधिकतम तापमान : 35.5
न्यूनतम : 21.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-274 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 27 मार्च 2026

07 शव्वाल 1447 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी : मुख्यमंत्री

- सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के गोरखपुर सेंटर का सीएम ने किया लोकार्पण
- तकनीकी से परहेज कर दुर्गति की ओर नहीं जाना, करना है प्रगति का अनुसरण : योगी



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है। हमारी गति को प्रगति में बदल सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है।

सीएम योगी गुरुवार को गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के गोरखपुर सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हम तकनीक नहीं अपनाते, उससे परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं। और, जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं। हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे युवाओं में बहुत टैलेंट है। उसके टैलेंट को जब हम टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ते हैं तो वह अपनी प्रतिभा को कई गुना तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल होता है। यही कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र ने पिछले 11 वर्षों में देश में किया है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत में है। यहां युवाओं में स्केल तो था लेकिन उसे वर्ष 2014 के पहले की सरकारों ने महत्व नहीं दिया। स्केल को स्किल में बदलने का प्रयास नहीं किया, कोई प्लेटफार्म नहीं उपलब्ध करवाया। परिणाम था कि युवा हतोत्साहित होता था, पलायन करता था। युवाओं के मन में निराशा थी। पर, 2014 के बाद एक-एक करके हर एक क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। न केवल भारत सरकार के स्तर पर बल्कि हर जनपद स्तर पर युवाओं के स्केल को स्किल में बदलने के लिए अनेक कार्यक्रम प्रारंभ हुए। उन कार्यक्रमों की श्रृंखला में एसटीपीआई का गोरखपुर केंद्र भी अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। इसका शुभारंभ वासन्तिक नवरात्र की अष्टमी तिथि पर होना शुभ लक्षण है और हम सब का ध्यान आकर्षित करता है कि वास्तव में इसका भविष्य उज्ज्वल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अप्रैल को गोरखपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ भी हो जाएगा।

### एसटीपीआई से मिलेगी युवाओं के सपनों को नई उड़ान

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसटीपीआई का गोरखपुर सेंटर गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क की सबसे बड़ी विशेषता है कि स्टार्टअप चलाने वाला व्यक्ति केवल अपना कंप्यूटर लेकर वहां जाएगा। उसे जगह, विद्युत कनेक्शन और अन्य जन सुविधाओं की चिंता नहीं करनी है। देश और दुनिया में जहां कहीं भी सॉफ्टवेयर की टेक्नोलॉजी आज अपनी धमक दिखा रही है, उसके पीछे यही मॉडल सब जगह सफल हुए हैं।

### एमएमएमयूटी में बनेगा ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी का सेंटर

मुख्यमंत्री ने ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी को भविष्य की ऊर्जा बताते हुए कहा कि सरकार गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनवा रही है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। एनर्जी के लिए हमें किसी अन्य देश पर निर्भर न रहना पड़े, इसके लिए ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी इसका एक माध्यम बनने वाली है। सीएम ने कहा कि हम लोग जापान गए थे।

# जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान कराएं अधिकारी : योगी

- मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में लगभग 200 लोगों की समस्याएं सुनीं

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। समस्या से जुड़ी शिकायत को संवेदनशीलता से लेकर संतुष्टिप्रद निस्तारण सुनिश्चित कराने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए। सरकार आपकी हर समस्या पर कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी।

गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि समस्याओं का निस्तारण संतुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने की शिकायतों पर कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

# पीएम मुख्यमंत्रियों संग करेंगे बैठक

## पश्चिम एशिया संकट : सभी राज्यों की तैयारियों का लेंगे जायजा

- आचार संहिता लागू होने से चुनाव वाले राज्यों के सीएम बैठक में शामिल नहीं होंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर उनकी तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे।

यह संघर्ष 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के साथ शुरू हुआ था। ईरान ने भी खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले कर जवाबी कार्रवाई की है। सूत्रों ने बताया, ''प्रधानमंत्री कल शाम वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष पर बातचीत करेंगे, ताकि राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की जा सके।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ प्रयासों में तालमेल सुनिश्चित करना होगा।'' जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, उन राज्यों के मुख्यमंत्री, आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय, चुनाव वाले राज्यों - तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों के साथ एक अलग बैठक करेगा।

बैठक में वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश में स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा हो सकती है। जिन राज्यों में फिलहाल चुनाव चल रहे हैं, वे आचार संहिता के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह कैबिनेट सचिवालय के जरिये उनके मुख्य सचिवों के साथ अलग से बैठक की जाएगी, ताकि योजनाओं और प्रतिक्रिया की प्रक्रिया जारी रहे।

यह बैठक इसलिए भी अहम मानी जा रही है, क्योंकि भारत इस समय एलपीजी की कमी का सामना कर रहा है। इससे घरों में इस्तेमाल होने वाले इस जरूरी ईंधन की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ईरान की ओर से अधिकांश देशों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किया गया है। हालांकि, भारत को इससे अलग रखा गया है। इसके बावजूद यह चिंता बनी हुई है कि आने वाले समय में हालात और कठिन हो सकते हैं। इससे पहले सरकार ने आज नागरिकों को आश्वस्त किया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। सरकार ने बताया कि देश के पास 60 दिनों का ईंधन उपलब्ध है। लोगों से ईंधन की कमी से जुड़ी अटकलों पर ध्यान न देने की अपील की गई। सरकार ने पुष्टि की कि देश की ऊर्जा आपूर्ति स्थिर और अच्छी तरह प्रबंधित है और मौजूदा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, कच्चे तेल की आपूर्ति अगले लगभग दो महीने के लिए पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल बाजार कंपनियों ने पहले से ही आयात की व्यवस्था कर ली है, जिससे आपूर्ति में निरंतरता बनी रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाओं के बावजूद भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल खरीद रहा है, जिससे किसी एक मार्ग पर निर्भरता कम हो जाती है।

अधिकारियों ने बताया कि देश की रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता से भी अधिक पर काम कर रही हैं, जिससे पूरे देश में ईंधन की लगातार आपूर्ति बनी हुई है। भारत की कुल भंडारण क्षमता 74 दिनों की खपत को पूरा कर सकती है। जबकि, वर्तमान भंडार 60 दिनों के लिए पर्याप्त है, जिसमें रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि संकट के कई हफ्तों बाद भी कोई कमी नहीं है और भविष्य में आपूर्ति स्थिर बनाए रखने के लिए आगे की खरीद की योजनाएं भी पहले से तैयार हैं।

### रामनवमी पर मोदी ने दी देशवासियों को बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्श न केवल भारत के लोगों के लिए, बल्कि अंनतकाल तक पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे।

# रेलवे लाइन पार करने से मिलेगी मुक्ति, पटरी के नीचे बनाए जाएंगे ट्रैक



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री ने रेलवे क्रॉसिंग पर बढ़ते हादसों को देखते हुए बड़ा फैसला किया है। रेलवे लाइन पार करते हुए होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों के साथ एक मीटिंग की। इसमें तय किया गया कि देशभर में ऐसी जगह रेलवे लाइन के नीचे आरओबी यानी रोड अंडर ब्रिज बनाई जाएंगी।

जहां रेलवे पटरी के एक तरफ बस्ती है और दूसरी तरफ खेत, स्कूल-कॉलेज, श्मशान घाट या अन्य ऐसा पाइंट जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके लिए छह साल का टारगेट रखा गया है। जब देश में इस तरह की जहां भी आरओबी की जरूरत है। वह बनाई जाएंगी।

रेल मंत्रालय ने बताया कि इसके लिए 12 घंटे का ब्लॉक लेने की बात कही गई है। इससे पहले पुलिया बनाने के लिए तमाम जरूरी चीजें तैयार की जाएंगी। फिर जब ट्रेन ट्रैफिक कम रहता है। उस वक्त 12 घंटे का ब्लॉक लेकर ऐसी तमाम लाइनों पर ट्रैक के नीचे से रास्ता बनाया जाएगा। ताकि वहां से लोग रेल पटरी पार कर सकें। यह आरओबी ऐसे बनाए जाएंगे। जहां से ना केवल आदमी निकल सकें, बल्कि वह अपनी साइकिल, बाइक और अन्य कामकाज से जुड़ी चीजों को भी अपने साथ ले जा सकें।

# फ्रांस दौरे पर विदेश मंत्री जयशंकर, जी7 सहयोगी देशों के साथ बैठक में लेंगे हिस्सा

- बैठक में अमेरिका, कनाडा सहित कई देशों के शीर्ष राजनयिक हिस्सा ले रहे



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को फ्रांस रवाना हुए। इस बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा होगी और होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हालांकि भारत जी7 का सदस्य नहीं है लेकिन इस प्रभावशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे साझेदार देश के रूप में आमंत्रित किया है।

इस बैठक में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, इटली, फ्रांस, जापान और ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक हिस्सा ले रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री 26 और 27 मार्च को फ्रांस में एबे डेस-वॉक्स-डे-सेर्नें की यात्रा करेंगे, जहां वह साझेदार देशों के साथ जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। बयान में कहा गया कि जयशंकर जी7 बैठक से इतर अपने समकक्षों के साथ संभवतः द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

फ्रांस ने भारत के अलावा सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को भी आमंत्रित किया है। फ्रांस के एक अधिकारी के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट पर एक अलग सत्र आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि मंत्री इस क्षेत्र में तनाव कम करने और समुद्री मार्ग फिर से खोलने के लिए विभिन्न वार्ता माध्यमों की तलाश करने पर विचार-विमर्श करेंगे।

अधिकारी ने कहा कि विदेश मंत्री इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि ''ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक कार्यक्रम से कैसे निपटा जाए।'' ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आवाजाही होती है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है। पिछले कुछ सप्ताह में भारत ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त कराने और होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने पर केंद्रित कूटनीतिक प्रयास किए हैं। भारत का मानना है कि यदि इस नौवहन मार्ग पर अवरोध जारी रहा तो भारत सहित कई देशों की ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर इसके गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं। जी7 दुनिया की सात सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका का समूह है। यूरोपीय संघ भी इसका सदस्य है।

### भारत ने किए कूटनीतिक प्रयास

पिछले कुछ सप्ताह में भारत ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को जल्द समाप्त कराने और होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने पर केंद्रित कूटनीतिक प्रयास किए हैं। भारत का मानना है कि यदि इस नौवहन मार्ग पर अवरोध जारी रहा तो भारत सहित कई देशों पर इसके गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं। जी7 दुनिया की सात सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका का समूह है।

# जंग का अब दिखने लगा असर

- मोबाइल फोन से प्लास्टिक तक के बढ़ने लगे दाम
- डॉलर के मुकाबले रुपया 94 तक गिरा, आयात महंगा हुआ



**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले रुपए में हो रही लगातार गिरावट से आयात से जुड़ी सभी वस्तुओं के दाम बढ़ने की आशंका बढ़ती जा रही है। ईरान व अमेरिका के बीच जारी जंग के समाप्त नहीं होने के आसार से कच्चे माल की आपूर्ति प्रभावित होना अब तय माना जा रहा है। गत 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में तीन रुपए से अधिक की गिरावट हो चुकी है। रुपए के कमजोर होने से आयात के लिए पहले के मुकाबले अधिक रुपए देने पड़ते हैं जिससे आयात महंगा हो जाता है।

मोबाइल फोन रिसर्च एजेंसी काउंटरप्वाइंट के रिसर्च डायरेक्टर ने बताया कि मोबाइल फोन समेत अन्य इलेक्ट्रानिक्स आइटम के निर्माण से जुड़े 80 प्रतिशत कच्चे माल के लिए भारत आयात पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि अगले महीने तक आयात की लागत बढ़ने व युद्ध की वजह से कच्चे माल की कमी को देखते हुए मोबाइल फोन के दाम बढ़ने लगे हैं।

इसके अलावा फोन में लगने वाले मेमोरी के दाम में पिछले कुछ महीनों में दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। इस कारण अगले माह तक मोबाइल फोन के दाम 15 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। लैपटाप, पैड जैसे सभी आइटम महंगे होने लगे हैं या होने वाले हैं। प्लास्टिक आइटम के दाम पहले ही बढ़ चुके हैं। कनफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि कच्चे माल व निर्माण लागत बढ़ने से टेक्सटाइल उद्योग वालों अपने-अपने उत्पादों के दाम में एक राउंड की बढ़ोतरी कर दी है।

कीमतों में दूसरे राउंड की बढ़ोतरी भी शुरू हो गई है। जैन कहते हैं कि अगले कुछ दिनों में युद्ध समाप्त भी हो जाता है तो सप्लाई चेन को दुरुस्त होने में महीनों लग जाएंगे। यह भी तय है कि आने वाले महीनों में खपत में भी कमी आने वाली है।

### कच्चे माल की आपूर्ति बाधित, उत्पादन लागत बढ़ी

कच्चे माल के आयात महंगे होने व युद्ध की वजह से सप्लाई बाधित होने से कई वस्तुओं के उत्पादन भी प्रभावित होने जा रहे हैं। एक डॉलर का मूल्य 94 रुपए तक चला गया है। डॉलर के मुकाबले रुपए में हो रही गिरावट को देखते आरबीआई से हस्तक्षेप की उम्मीद की जा रही है, लेकिन वैश्विक उथल-पुथल के इस काल में आरबीआई फिलहाल हस्तक्षेप करता नहीं दिख रहा है।

# बांग्लादेश में पद्मा नदी में गिरी बस, 24 यात्रियों की मौत, कई लापता

**ढाका।** बांग्लादेश में यात्रियों से भरी एक यात्री बस, नौका पर चढ़ाये जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पद्मा नदी में गिर गई जिससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दर्दनाक हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया फेरी टर्मिनल के पास शाम लगभग सवा पांच बजे तब हुआ जब ढाका की ओर जा रही 'सौहार्द परिवहन' की बस पंटून नंबर 3 से नदी में जा गिरी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, फेरी के करीब पहुंचते ही चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई और नदी में 30 फीट नीचे डूब गई। फायर सर्विस के अधिकारी ने बताया कि जलमग्न बस के भीतर से 22 शव बरामद किए गए हैं, जिनमें 6 पुरुष, 11 महिलाएं और 5 बच्चे शामिल हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, कोस्ट गार्ड और सेना की सहायता से बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। रात भर चले इस ऑपरेशन में कई दमकल यूनिटों और गोताखोरों को लगाया गया। एक दमकल अधिकारी के मुताबिक, 'हमजा' नामक जहाज और क्रेन की मदद से करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बस को नदी से बाहर निकाल लिया गया।

## सहयोग — ईरान ने सिर्फ मित्र देशों के लिए खोले द्वार

# दुश्मनों और उनके सहयोगियों के लिए होर्मुज बंद



**तेहरान।** ईरान ने अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 15-सूत्री शांति योजना का उपहास करते हुए उसे खारिज कर दिया। ईरान ने कहा कि अमरीका और इजरायल खुद से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने ईरान के साथ शांति वार्ता के बारे में ट्रंप के बयानों को फर्जी बताया। इसी बीच ईरान ने भारत और कुछ अन्य मित्र देशों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा कि हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि यह जलडमरूमध्य दुश्मनों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है। होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इसे बंद कर दिया था। अराघची ने कहा कि हमारे दृष्टिकोण से होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से बंद नहीं है। यह केवल दुश्मनों के लिए बंद है।

अपने दुश्मनों और उनके सहयोगियों के जहाजों को गुजरने देने का कोई कारण नहीं है। इससे पहले, ऊर्जा आपूर्ति में वैश्विक व्यवधानों और ईंधन की आसमान छूती कीमतों के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस जलमार्ग को फिर से खोलने का आह्वान किया था।

### ईरान ने हिज़्बुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अमरीका, इज़रायल से एक संभावित शांति समझौते के तहत लेबनान स्थित शिया संगठन हिज़्बुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, ईरान ने मार्च के मध्य में यह रुख ज़ाहिर किया था। हिज़्बुल्लाह को ईरान से यह आश्वासन मिला है कि लेबनान में संघर्ष-विराम इस समझौते का एक हिस्सा होगा। ईरान के एक उच्च-पदस्थ सूत्र ने बताया कि तेहरान लगभग एक महीने से अमरीका के शांति प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच सप्ताहांत में 'बहुत ही सकारात्मक और सार्थक' बातचीत हुई।

### राहत : एलपीजी से भरा एक और टैंकर 'अपोलो ओशन' होर्मुज पार करके पहुंचा भारत

**मेंगलुरु।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस की एक महत्वपूर्ण खेप लेकर आया एलपीजी पोत अपोलो ओशन गुरुवार को न्यू मंगलौर बंदरगाह पहुंच गया। अधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इस खेप से कर्नाटक और पड़ोसी दक्षिणी राज्यों को एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होने की उम्मीद है। बंदरगाह अधिकारियों ने पुष्टि करते हुए कहा कि सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के अंतर्गत माल उतारने का काम तुरंत शुरू किया जाएगा। अपोलो ओशन का आगमन अमेरिका और रूस से हाल ही में हुई एलपीजी और कच्चे तेल की कई खेपों की प्राप्ति के बाद हुआ है जो वैश्विक व्यवधानों के बावजूद घरेलू ईंधन आपूर्ति को सुरक्षित रखने के भारत के प्रयासों को दर्शाता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ने के बावजूद, हमारे बंदरगाह का संचालन सुचारू रूप से जारी है और उपभोक्ताओं को एलपीजी की उपलब्धता के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।'

# तेंदुए के हमले में 7 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत के बाद लोगों में भारी आक्रोश

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** तेंदुए के हमले में बुधवार की शाम 7 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना से नाराज भारतीय किसान यूनियन टिकैत, सिख संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता परिजनों और ग्रामीणों के साथ फुटहा फार्म पर तंबू लगाकर धरने पर बैठ गए। वन विभाग और शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी जानकारी होते ही प्रशासन में हलचल मच गई। मौके पर पहुंचे अफसरों ने प्रदर्शनकारियों की पांच मांगों को स्वीकार किया। इस पर लोग शांत हुए। तब जाकर कहीं छह घंटे बाद धरना समाप्त हो सका ग्राम पंचायत सिन्हौना के फुटहा फार्म निवासी जोगा सिंह की पुत्री सिमरनदीप कौर (7) घर में खेल रही थी। बुधवार की देर शाम तेंदुआ घर में घुस आया और परिजनों की आंखों के सामने ही उसकी गर्दन दबोच ली और उसे खींच ले गया। शोर शराबा होने पर तमाम ग्रामीण और परिजन तेंदुए के पीछे दौड़े। इस पर तेंदुआ उसे घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित एक खेत में छोड़कर भाग निकला था। घटना के बाद समूचे क्षेत्र में रोष फैल गया। सूचना के करीब तीन घंटे बाद वन विभाग की टीम के पहुंची तो उसे ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। हालांकि एसडीएम और सीओ ने किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया। नाराज ग्रामीणों ने पुलिस को शव नहीं दिया। गुरुवार की सुबह होते ही किसान यूनियन, सिंख संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता फुटहा फार्म पहुंच गए। परिजनों के साथ टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान वन विभाग और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालात अधिक तनाव पूर्ण देखते हुए निघासन, तिकुनिया, पलिया, मझगईं, पढुआ, धौरहरा समेत कई थानों की पुलिस और पीएचसी को भी मौके पर बुला लिया गया। धरने पर बैठे लोगों ने प्रशासन के सामने पांच मांगें रखीं। इनमें पीड़ित परिवार को 21 लाख रुपये मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, मुर्तिहा व लद्धौहा जंगल किनारे झटका तार (फेंसिंग) की फिनिशिंग, घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और भविष्य में यदि आत्मरक्षा में हमलावर जानवर को मार दिया जाए तो किसी प्रकार की विभागीय कार्रवाई न करने की मांग रखी। साथ ही डीएम और डीएफओ को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। मौके पर मौजूद एसडीएम निघासन, एसडीओ बेलरायां मनोज तिवारी, बेलरायां रेंजर भूपेंद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी प्रदर्शनकारियों को मनाने की कोशिश करते रहे, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी जिद पर अड़े रहे कई चरणों में हुई वार्ता के बाद मौके पर पहुंची डीएफओ कीर्ति चौधरी ने मांगों का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। तब जाकर कहीं छह घंटे बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त हुआ और परिजनों ने शव पुलिस को सौंप दिया। विधानसभा अध्यक्ष जयमल सिंह ढिल्लों ने पांच सूत्रीय मांग पत्र भी डीएफओ कीर्ति चौधरी को सौंपा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस दौरान किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह, जयमल सिंह, जसपास सिंह पल्ला, कुलविंदर सिंह,, नानकमत्ता कमेटी के डायरेक्टर गुरबाज सिंह, पपिंदर सिंह, नवल किशोर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## दुर्गा महाष्टमी के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद की ओर से चैती मेला कार्यालय का विधिवत किया गया शुभारंभ

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दुर्गा महाष्टमी के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद की ओर से चैती मेला कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभासदों के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान पं. लवकुश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू परिषद द्वारा आयोजित ऐतिहासिक मेला चैती का शुभारंभ 28 मार्च से होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। 29 मार्च को भजन संध्या, 30 मार्च को मनोहरी कला केंद्र एवं पल्लवी आर्ट ग्रुप की प्रस्तुति, 31 मार्च को लोक नृत्य एवं लोक गायन कार्यक्रम होंगे।इसके बाद 1 अप्रैल को बाल कवि सम्मेलन, 2 अप्रैल को संगीत सम्मेलन आर्केस्ट्रा, 3 अप्रैल को जूनियर गायन व नृत्य प्रतियोगिता और 4 अप्रैल को स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों का सिलसिला आगे बढ़ाते हुए 5 अप्रैल को सीनियर गायन, 6 अप्रैल को स्थानीय कवि सम्मेलन, 7 अप्रैल को पंजाबी नाइट, 8 अप्रैल को खाटू श्याम संकीर्तन, 9 अप्रैल को धन निरंकार सत्संग और 10 अप्रैल को स्थानीय संगीत कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 11 अप्रैल को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 12 अप्रैल को कपिल बाबरा झांकी ग्रुप की प्रस्तुति, 13 अप्रैल को भोजपुरी कार्यक्रम, 14 अप्रैल को कव्वाली, 15 अप्रैल को कुल हिंद मुशायरा और 16 अप्रैल को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के साथ मेले का समापन होगा। कार्यालय पूजन के अवसार पर नगर अध्यक्ष भाजपा विनोद स्वर्णकार, पूर्व कुम्भी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, सभासद राजेश वर्मा, दानिश राइन, हर्ष अवस्थी, राजीव सैनी अल्लू, धर्मेन्द्र जायसवाल, सुशील कश्यप, अनिल गुप्ता, धर्मेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जनता बाल निकेतन स्कूल का परिणाम हुआ घोषित

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** जनता बाल निकेतन जूनियर हाई स्कूल में बुधवार को शैक्षिक सत्र के परीक्षाफल घोषित होने के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और उपलब्धियों की चमक से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुव्यवस्थित ढंग से किया गया, जिसका संचालन कुमारी अरिशा ने आत्मविश्वास और प्रभावशाली शैली में करते हुए पूरे आयोजन को क्रमबद्ध बनाए रखा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व तहसीलदार जनाब शमीम ने की, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में इस्लामी फंड मैनेजर नफीस खान, विद्यालय के ओनर आदिल अतहर एवं श्रीमती कौकब-ए-रुश्दा हाशमी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया।कार्यक्रम के दौरान जैसे ही परीक्षाफल की घोषणा की गई, विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम सामने आया, जिसने न केवल छात्रों के परिश्रम को प्रमाणित किया बल्कि शिक्षकों की मेहनत और विद्यालय प्रबंधन की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया। इस उपलब्धि से बच्चों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला, वहीं विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं–शोएब, साद, सिदरा, दक्षी, अहमद, सानिया इल्मानुर और अनिकेत वर्मा–को ट्रॉफी और मेडल देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सम्मान समारोह के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था, जो उनके आगामी शैक्षिक सफर के लिए प्रेरणादायक संकेत है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जनाब शमीम एवं अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की सफलता की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और ऐसे परिणाम विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिक गुणवत्ता को दर्शाते हैं। विद्यालय के ओनर आदिल अतहर ने भी सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीमती किश्वर जहां ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच का परिणाम होती है, इसलिए हर विद्यार्थी को अपने लक्ष्य की ओर पूरी निष्ठा के साथ अग्रसर रहना चाहिए।

# डीएम एवं एसएसपी ने मां शाकंभरी देवी मेला की व्यवस्थाओं का लिया जाएजा

## अस्थाई अस्पताल में प्रतिदिन 150-200 श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही है चिकित्सा सुविधा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा अष्टमी एवं नवमी के अवसर पर मां शाकंभरी देवी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसी के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना एवं हवन कर मां का आशीर्वाद भी लिया। डीएम व एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान मां शाकंभरी देवी मेला में सीसीटीवी, पीए सिस्टम, शौचालय व्यवस्था, अस्थाई अस्पताल, एंबुलेंस, पार्किंग व्यवस्था, बैरीकेटिंग, साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, मजिस्ट्रेट, पुलिस बल की उपलब्धता आदि को देखकर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि सभी व्यवस्थाओं को पिछले वर्षों के अनुभवों के आधार पर और अधिक दुरूस्त बनाया गया है। आमनजों के सुविधा के तहत खोया-पाया केन्द्र भी बनाया गया है जिसका मूल उद्देश्य मेले में अपने अभिभावकों से बिछड चुके बच्चों को यथाशीघ्र मिलवाना है। उन्होने बताया कि 19 तारीख से अब तक अपने परिजनों से बिछड चुके 70 बच्चों को खोया-पाया केन्द्र से माध्यम से मिलवाया गया है। अस्थाई अस्पताल में प्रतिदिन 150-200 श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेले को और अधिक दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी निरंतर नजर बनाए रखें एवं सौंपी गई जिम्मेदारियों का इसी प्रकार निर्वहन करते रहें। जिलाधिकारी मनीष बंसल बताया कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को सूपर जोन, जोन्स, सैक्टर में विभाजित कर 08-08 घंटों की शिफ्ट में मजिस्ट्रेट्स की तैनाती की गयी है। प्रति सैक्टर सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस




अधिकारी पुलिस प्रभारी के रूप में तैनात है। मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी, होमगार्ड की तैनाती की गयी है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस सहायता केन्द्र, खोया-पाया केन्द्र, मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किए गये हैं। मनीष बंसल ने बताया कि सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की देख-रेख के लिए 04 वरिष्ठ अधिकारियों को मेला प्रभारी, 18 जोनल मजिस्ट्रेट, 48 सेक्टर मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक, 04 उपजिलाधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा 05 पुलिस उपाधीक्षक सहित विभिन्न पदों पर नियुक्त 450 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी है जिसके तहत निरीक्षक, यातायात पुलिस के अधिकारी व कर्मी, आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी, होमगार्ड एवं पीआरडी सदस्य, पीएसी कम्पनी, महिला आरक्षी एवं महिला मुख्य आरक्षी, 100 से अधिक सीसीटीवी, 40 पीए सिस्टम, शिफ्टवार 250 सफाई कर्मी, 10 हैक्टेयर भूमि पर पृथक-पृथक 07 वृहद पार्किंग स्थल, टायलेट, पेयजल, हैल्थ कैम्प, 03 एम्बुलेंस, बैरिकेटिंग कर भीड नियंत्रण, यातायात प्रबन्धन, अस्थायी पुलिस चौंकियों का गठन, महिला हेल्पडेस्क, दिशा-सूचक संकेतक, 20 स्वच्छ पेयजल टैंकर एवं 100 से अधिक शौचालय व्यवस्था, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना, चिकित्सा व्यवस्था, प्रकाश एवं विद्युत की बेहतर व्यवस्था की गयी है।

19 मार्च से प्रारम्भ इस मेले में देश के विभिन्न प्रदेशों एवं जनपदों से लाखों श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर बना हुआ है। 22 मार्च, 29 मार्च, 05 अप्रैल को रविवार के दिन, 25 मार्च को सप्तमी, 26 मार्च को दुर्गा अष्टमी, 27 मार्च को राम नवमी, 28 मार्च को दशमी, 30 मार्च को त्रयोदशी, 01 अप्रैल को चतुर्दशी एवं 02 अप्रैल को पूर्णिमा तथा हनुमान जयंती के अवसर पर अधिक भीड़ की संभावना के दृष्टिगत मण्डलायुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी एवं एसएसपी तथा प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारीगणों द्वारा निरंतर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए समय-समय पर बैठकें कर दिशा-निर्देश दिए जा रहे है।

मेला परिसर में स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है ताकि किसी भी श्रद्धालु की आकस्मिक तबियत खराब होने की स्थिति में उसे प्राथमिक उपचार दिया जा सके और गंभीर स्थिति होने पर मरीज को के जाने के लिए एम्बुलेंस भी चौबीसों घंटे तैनात है।

## उद्योगपति साहू राकेश अग्रवाल के निधन पर शोक



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वैश्य समुदाय द्वारा चंद्रा कत्था इंडस्ट्रीज के एमडी साहू राकेश अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। समाज के लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और इश्वर से यह भी प्रार्थना की ईश्वर उनके परिवार जनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। संगठन के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने बताया साहू राकेश अग्रवाल जी ने न केवल उद्योग जगत में अपनी मजबूती से पहचान बनाई बल्कि उन्होंने क्षेत्र में विकास और रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका व्यवहार अत्यंत सरल था। शोक सभा में अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, रजत अग्रवाल, अमित सिंघल, आयुष बंसल, अनमोल गुप्ता, शुभम अग्रवाल आदि रहे।

## गैंगस्टर एक्ट में तीन अभियुक्तों को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में 03 अभियुक्तों को 03 वर्ष का सश्रम कारावास व 05-05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता मेघराज सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 7 अगस्त 2010 को प्रभारी निरीक्षक सुरेश इटोरिया थाना कोतवाली देहात की सूचना पर अभियुक्तों उम्मेद पुत्र जमील निवासी दतौली मुगल थाना फतेहपुर, श्रीपाल पुत्र प्रेम सिंह निवासी सन्दलहेडी थाना कोतवाली देहात, रविन्द्र उर्फ काका पुत्र जसपाल निवासी सन्दलहेडी थाना कोतवाली देहात व नेपाल सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी सन्दलहेडी थाना कोतवाली देहात द्वारा अपने साथियों के साथ संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ हेतु अपराध कारित कर जनता में भय व्याप्त करने की सूचना पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत कराया गया था। यह मामला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन व पुलिस मांनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 द्वारा आज अभियुक्तों उम्मेद, श्रीपाल व रविन्द्र उर्फ काका को धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाते हुए 03 वर्ष का सश्रम कारावास व 05-05 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। श्री चौहान ने बताया कि अभियुक्त नेपाल सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी सन्दलहेडी थाना कोतवाली देहात की पूर्व मृत्यु हो चुकी है ।

## झपट्टा मार गैंग के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे एक मोबाइल फोन व घटना मं प्रयुक्त बाईक बरामद

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सदर बाजार पुलिस ने झपट्टा मारी गैंग के दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक बाईक बरामद की है। थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 26 मार्च को वादिया की तहरीर पर बाईक पर सवार एक अज्ञात युवक द्वारा वादिया का फोन झपटा मार कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री देव ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों बन्टी कुमार पुत्र जोनी कुमार निवासी रामपुर खेड़ी थाना काधला जनपद शामली हाल पता शिवाजी नगर दिल्ली रोड थाना सदर बाजार व सागर पुत्र जसवीर निवासी हसनपुर चुंगी दिल्ली रोड थाना सदर बाजार हाल पता ग्राम मनोहरपुर थाना सदर बाजार को विनोद विहार खाली ग्राउंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना हुआ एक मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक बाईक बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# ढमोला नदी की सफाई के लिए दस करोड़ स्वीकृत

## प्रदेश शासन ने पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत दी स्वीकृति



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रदेश शासन ने पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत ढ़मोला नदी की सफाई के लिए करीब दस करोड़ रुपये स्वीकृत करते हुए लगभग पांच करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिये है। ढमोला नदी में सिल्ट/गार्बेज/स्लश सफाई का कार्य शाकुम्भरी विहार से ग्राम पिंजौरा तक किया जायेगा। यह परियोजना कार्य प्रारंभ होने की तिथि से एक वर्ष में पूर्ण करनी होगी।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि ढमोला नदी में गत कुछ वर्षो में आयी बाढ़ से नदी किनारे रहने वाले लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था और उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि नदी किनारे के लोगों को भविष्य की संभावित बाढ़ से बचाने के लिए ढमोला नदी की सफाई कराने का कार्य महापौर चुने जाने के बाद से ही उनकी प्राथमिकता में था। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा आईआईटी रुड़की से 1136.76 लाख की डीपीआर बनवाकर शासन को भेजी गयी थी। परियोजना की स्वीकृति के लिए उन्होंने व्यक्तिगत रुप से मिलकर भी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 10 दिसंबर 2024, नगर विकास मंत्री ए के सिंह व प्रमुख सचिव नगर विकास को 17 दिसंबर 24 को पत्र लिखकर करीब साढ़े 11 करोड़ रुपये की कार्ययोजना स्वीकृत करने का अनुरोध किया था।

उल्लेखनीय है कि शाकुम्भरी विहार से ग्राम पिंजौरा तक ढमोला नदी में सिल्ट/गार्बेज/स्लश सफाई आदि कार्य के लिए सिंचाई विभाग द्वारा 1139.26 लाख की डीपीआर तैयार की गयी थी। जिसे जांच-परख( पर्यवेक्षण) के लिए 7 मार्च 2025 को नगर निगम द्वारा आईआईटी रुड़की को भेजा गया था। आईआईटी रुड़की ने उक्त कार्ययोजना के आगणन में संशोधन करते हुए 1136.76 लाख की डीपीआर गत 21 अगस्त 2025 को नगर निगम को प्रेषित की गयी थी। नगरायुक्त द्वारा उक्त 1136.76 लाख की डीपीआर संलग्न करते हुए 27 अगस्त 2025 को विशेष सचिव नगर विकास विभाग को पत्र लिखकर उक्त कार्ययोजना को स्वीकृत करने तथा कार्य हेतु धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया था।

प्रदेश शासन द्वारा उक्त परियोजना के लिए 09 करोड़ 94 लाख 95 हजार रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए परियोजना की 50 प्रतिशत धनराशि 04 करोड़ 97 लाख 47 हजार धनराशि अवमुक्त करने की जानकारी दी गयी है। इस सम्बंध में प्रदेश शासन द्वारा नगरायुक्त को गत 25 मार्च 2026 को पत्र भेजा गया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि नगरायुक्त नगर निगम सहारनपुर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जायेगा जिसमें मुख्य अभियंता सिंचाई, मुख्य अभियंता नगर निगम तथा सम्बंधित कार्यदायी संस्था के अभियंता एवं वित्त नियंत्रक भी शामिल होंगे। इस समिति की देखरेख में ही प्रस्तावित कार्य पूर्ण कराये जायेंगे। परियोजना का निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने की तिथि से 12 माह में पूर्ण किये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## युवती को नौकरी का झांसा देकर बेच डाला, चार गिरफ्तार



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेच देने के मामले में वांछित चल रहे एक महिला समेत चार आरोपियों को थाना गागलहेड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना गागलहेड़ी प्रभारी अमित नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 25 मार्च को वादिया की तहरीर पर आरोपियों लता पत्नी स्व.धनपाल, राहुल पुत्र ओम प्रकाश, आदेश पुत्र नाथी के खिलाफ वादिया को नौकरी दिलाने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये में नोनिस उर्फ अज्जू पुत्र रणवीर को बेच देने व विरोध करने पर अवैध रूप से घर में बन्द रखने व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना गागलहेड़ी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री नागर ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वांछित चार आरोपियों लता पत्नी स्व. धनपाल निवासी मौहल्ला घुमानी वाला थाना डोईवाला ऋषिकेश जिला देहरादून, राहुल पुत्र ओम प्रकाश निवासी धडकौली थाना गागलहेडी, आदेश पुत्र नाथी निवासी तिवडा थाना बेहट व नोनिस उर्फ अज्जू पुत्र रणवीर निवासी माण्डेबास थाना गागलहेडी को हरौड़ा ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## धूमधाम से निकाली श्री सांई बाबा की पालकी यात्रा



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** श्री साईं सिद्ध पीठ मंदिर में आज मंदिर का 22वां वार्षिकोत्सव एवं श्री साईं बाबा की पालकी यात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। बेहट रोड स्थित मंदिर में प्रातः बाबा का मंगल स्नान कर बाबा को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित किया गया। उसके पश्चात धूनी पूजन हुआ। बाबा की भव्य पालकी सजाई गई। बाबा की पालकी का पूजन संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुंबर, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, ट्रस्टी विनीत कर्णवाल द्वारा किया गया। पंडित आनंद मिश्रा ने नारियल तोड़कर एवं रणसिंहा की मधुर धुन पर बाबा की पालकी की शुरुआत की। ढोल की थाप पर भक्त झूम उठे और नाचते गाते बाबा की भव्य पालकी श्री द्वारका माई से चलकर चावड़ी जी तक पहुंची। पूजन के पश्चात धूमधाम से बाबा की भव्य पालकी मंदिर प्रांगण में निकाली गई। मंदिर में आए हुए सभी श्रद्धालुओं द्वारा बाबा की पालकी को कांधा दिया गया। विधायक राजीव गुंबर, शीतल बिश्नोई, व विनीत कर्णवाल ने साईं स्किल डेवलपमेंट सेंटर में कंप्यूटर एवं मेहंदी सीख रहे बच्चों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर राजीव शर्मा, राजू सेतिया, प्रवीण चांदना ने ढोल नगाड़ों के साथ डांस किया। इस दौरान नितिन गुप्ता, जितेंद्र राणा, सुबोध पुंडीर, दीपक वालिया, कृष्णा जायसवाल, नरेश जायसवाल, राकेश सिंह, अनुज अग्रवाल, टोनी राणा, चनिक अरोड़ा, सुनील गोयल, ललित अग्रवाल, सचिन तायल, अलका कर्नवाल, मानसी कश्यप, महिमा शर्मा, जेपी बंसल आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का किया स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय, काजीवाला (ब्लॉक पुंवारका) की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मंडल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत आयोजित बालिका क्रिकेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित एक सम्मान समारोह में विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया गया। टीम की कप्तान शिवांशी और उपकप्तान प्रियांशी, प्रियांशी-सूरज, दीपाशी, सूर्यांशी, खुशी, वशी, उपासना, आरती, इशिका और सिमरन को क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा, भाजपा महानगर मंत्री आरती शर्मा, महानगर भाजपा मीडिया प्रभारी (महिला मोर्चा) हरप्रीत कौर के द्वारा सम्मानित किया गया।

क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते



हुए कहा, यह सफलता इन बेटियों की कड़ी मेहनत और अटूट लगन का परिणाम है।

उन्होने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। भाजपा महानगर मंत्री आरती शर्मा ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहरा दिया। महानगर भाजपा मीडिया प्रभारी (महिला मोर्चा) हरप्रीत कौर ने कहा कि खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर सहारनपुर जनपद समेत अपने स्कूल का नाम रोशन कर दिया।

सम्मान समारोह में क्रिकेट कोच प्रीति मेहरा को भी सम्मानित किया गया। क्रिकेट कोच प्रीति मेहरा ने कहा कि ये खिलाड़ी पिछले कई महीनों से उनकी देखरेख मे क्रिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त करते है। इस अवसर पर सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीन कुमार, प्रधानाध्यापक इंचार्ज अब्दुल बाकी, कुश्ती कोच आदेश कुमार, मनोज कुमार आदि ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## अटूट श्रद्धा के साथ मनाया दुर्गा अष्टमी पर्व

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** महानगर में दुर्गा अष्टमी पर्व अटूट श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर देवी स्वरूप बालिकाओं को उपहार में भोजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा मंदिरों में भी दुर्गा अष्टमी मनाई गई और विशेष पूजा अर्चना की गई। चैत्र माह के नवरात्र पर आज दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजन किया गया। प्रत्येक घर में आज पूजन को लेकर विशेष तैयारी की गई थी। सुबह से ही हर घर में हर कोई कार्यों में व्यस्त था। सभी ने हलवा पूरी व काले चने का प्रसाद बनाया गया था। बालिकाओं को तलाशने के लिए हर किसी को ढूंढना पड़ा। सभी घरों में कंजिका जमाई गई। इस दौरान बालिकाओं की घरों में देवी स्वरूप पूजा अर्चना की गई और प्रसाद उपहार देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन आज कन्या पूजन होता रहा। दोपहर बाद तक लोगों ने अपने घरों में कन्या पूजन किया। इसके अलावा समस्त मंदिरों में भी अटूट श्रद्धा के साथ कन्या पूजन किया गया।

## हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी भेजा जेल

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना नकुड़ पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना नकुड़ प्रभारी सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 13 फरवरी को वादी मुकेश पुत्र अख्तर निवासी ग्राम नवाजपुर थाना नकुड की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ एक राय होकर लाठी-डण्डों, चाकू, तमंचे से लैस होकर वादी के पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर देने व गाली-गलौच कर जाने से मारने की धमकी देने की सूचना के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना नकुड़ प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित आरोपी मुसारिक पुत्र सादीन निवासी ग्राम घाटमपुर थाना नकुड़ को ग्राम घाटमपुर से गिरफ्तार कर

# ऊर्जा मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

- गर्मी को लेकर अंडरग्राउंड केबलिंग व बांस-बल्ली हटाने पर विशेष जोर



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने सर्किट हाउस वाराणसी में विद्युत विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए विभागीय तैयारियों का गहन आकलन किया और अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, क्षमता वृद्धि, अनुरक्षण कार्यों, ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता तथा फाल्ट रेस्पॉन्स सिस्टम के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी उपकेंद्रों पर आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल (रैपिड रिस्पॉन्स टीम) सक्रिय रखे जाएं। उन्होंने अंडरग्राउंड केबलिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही जर्जर तारों को बदलने, ओवरलोडिंग की समस्या को दूर करने तथा एक महीने के अंदर बांस-बल्ली के स्थान पर सुरक्षित एवं स्थायी ढांचे विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित विद्युत वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि कहीं भी अनावश्यक कटौती की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने अनुरक्षण के कार्यों में तेजी लाए जाने के कड़े दिशा निर्देश दिए और कहा कि कार्य में लापरवाही/शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने ट्रिपिंग की समस्या पर विस्तार से पूछताछ करते हुए अधिकारियों को इसे न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, संकट मोचन मंदिर एवं ताज होटल जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर विद्युत आपूर्ति की स्थिति की विशेष जानकारी ली और इन स्थानों पर 24म7 निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था विशेष रूप से मजबूत रखी जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने पूर्वांचल के सभी जिलों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पूरी सतर्कता, जवाबदेही एवं समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन को बेहतर, सुरक्षित और निर्बाध विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# सुप्रसिद्ध अभिनेत्री माधुरी दीक्षित सपरिवार पहुंची वाराणसी

- आज श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मंगला आरती में शामिल होगी



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित गुरुवार को अपने परिवार के साथ वाराणसी पहुंची। जानकारी के अनुसार वह यहां एक ज्वेलरी शॉप के उद्घाटन के लिए आई हैं। इस अवसर पर उनके साथ उनके पति डॉ.श्रीराम नेने(सर्जन) और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह भी मौजूद रहे। वाराणसी पहुंचने पर उन्होंने कहा कि यह एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक नगरी है और यहां की खूबसूरती देखने के लिए वह काफी उत्साहित हैं। एयरपोर्ट पर माधुरी दीक्षित के प्रशंसक मौजूद रहे।

इस दौरान लोग उनके साथ सेल्फी लेते नजर आई। ज्वेलरी शॉप का उद्घाटन करने आई माधुरी दीक्षित ने अपने प्रशंसकों के साथ बातचीत की और उन्हें अपने नए परियोजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि,वाराणसी संस्कृत और परंपराओं की धरोहर है।

जानकारी के अनुसार फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित दो दिन काशी में रहेंगी,इस दौरान उनकी काशी भ्रमण की योजना बन सकती है।इस दौरान श्री काशी विश्वनाथ धाम में होने वाली मंगला आरती में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। शनिवार को दोपहर में एयर इंडिया के विमान से वह मुंबई रवाना होंगी।

# गहरी खाई में जा गिरी बेकाबू कार, एक की मौत, चालक सहित दो घायल

- मौत के बाद से मृतक के परिजनों का रो रोकर बना हुआ बुरा हाल



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** चरखारी सूपा मार्ग पर ट्रक से क्रासिंग करते समय एक कार गहरी खाई में गिर जाने से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित दो लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। बताया जाता है कि कार सवार पिता पुत्र व एक अन्य चरखारी क्षेत्र के बमनेथा गांव में अपने रिश्तेदार के यहां हो रहे चौक कार्यक्रम में शामिल गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मौत के बाद से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

कस्बा कुलपहाड़ निवासी गणेश पुत्र बंशी अपने 17 वर्षीय पुत्र कुणाल कुशवाहा के साथ बीती शाम कार से चरखारी क्षेत्र के बमनेथा गांव अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित चौक कार्यक्रम में शामिल हो गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर रात पिता पुत्र व एक अन्य रिश्तेदार राजेश पुत्र छिद्दू के साथ कार पर सवार होकर वापस कुलपहाड़ आ रहे थे। कार जैसे ही सूपा रोड पर दादी के खुड़े के समीप पहुंची ही थी कि अचानक चालक गणेश का संतुलन बिगड़ गया, जिससे सड़क किनारे गहरी खाई में कार गिर कर क्षति ग्रस्त हो गई।

कार दुर्घटना ग्रस्त होते ही पीछे बैठे कुणाल की मौके पर ही मौत हो गई, जगकि गणेश और राजेश बुरी तरह से घायल हो गए। कार के गिरने से हुई जोरदार आवाज सुन आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में भर्ती कराया। डाक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए हालत में सुधान न होने पर दोनो घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रवणी कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे साथ ही अस्पताल पहुंचकर घायलों से सम्पर्क किया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चालक गणेश ने बताया कि चरखारी से सूपा की ओर जाते समय समाने से आ रहे एक ट्रक ने उसके वाहन को कट मार दिया जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और कार खाई में गिर गया।

# अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में फारसी भाषा और साहित्य पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के फारसी अनुसंधान संस्थान द्वारा 'उन्नीसवीं सदी में भारत और ईरान में फारसी भाषा और साहित्य के प्रचलित रुझान' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रो वाइस-चांसलर प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत फारसी अनुसंधान केंद्र के निदेशक प्रो. मोहम्मद उस्मान ग़नी के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने संगोष्ठी के उद्देश्य और उन्नीसवीं सदी में फारसी भाषा के दरबारी और सरकारी भाषा के रूप में उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस काल के प्रमुख कवियों और लेखकों के योगदान की भी चर्चा की।

केंद्र की सलाहकार प्रो. आज़रमी दुख्त सफवी ने कहा कि उन्नीसवीं सदी का फारसी साहित्य भारत में एक बौद्धिक और सांस्कृतिक क्रांति लेकर आया। इस समय लेखक और कवि विश्व स्तर पर फारसी भाषा और साहित्य के माध्यम से अपनी छवि स्थापित कर रहे थे। उन्होंने ईरान में अमीर कबीर और भारत में सर सैयद अहमद खान के योगदान का उल्लेख किया, जिन्होंने आधुनिक शिक्षा और फारसी ग्रंथों के संपादन और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. फरीदुद्दीन फरीद अस्र, कल्चरल काउंसलर (ईरान), नई दिल्ली ने कहा कि इस काल में यात्रा वृतांत और यूरोपीय साहित्य के अनुवाद सामने आए। फारसी साहित्य ने समाज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित किया, जिसमें युद्ध-विरोधी और सामाजिक एकता पर जोर दिया गया।

कुंजी भाषण देते हुए प्रो. फरहत हसन (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने कहा कि मुग़ल काल के इतिहास से जुड़े उनके शोध ने उन्हें फारसी साहित्य के अध्ययन का अवसर दिया। उन्होंने महिलाओं के साहित्यिक योगदान और उन्नीसवीं सदी की रचनाओं में उनकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

# सीडीओ ने विकास भवन कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने बुधवार को विकास भवन स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ द्वारा सर्वप्रथम लघु सिंचाई विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां सहायक अभियंता लक्ष्मी चन्द्र एवं जुबेर उपस्थित पाए गए किंतु अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक नहीं था तथा पटल सहायकों के मेज पर नाम पट्टिका नहीं लगी थी एवं कर्मचारियों द्वारा आईडी कार्ड धारण नहीं किया गया था। इस पर सीडीओ द्वारा तत्काल व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने एवं भविष्य में लापरवाही न होने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां अधिशासी अभियंता हरिओम श्रीवास्तव अनुपस्थित पाए गए।

# टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में तेजी से बढ़े गोरखपुर के कदम

- योगी सरकार के नौ साल में पर्यटन के नक्शे पर चमका, रामगढ़ताल का हुआ कायाकल्प,
- चिड़ियाघर की भी मिल चुकी है सौगात, एशिया का पहला जटायु संरक्षण केंद्र भी गोरखपुर में

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नौ वर्षों का कार्यकाल गोरखपुर में पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए भी बेमिसाल साबित हुआ है। कभी माफियागिरी, पिछड़े और बीमारू के तमगे वाले गोरखपुर के कदम टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में भी तेजी से बढ़े हैं। बीते नौ सालों में बदलाव ऐसा हुआ है कि गोरखपुर की पहचान पूर्वी उत्तर के नव पर्यटन केंद्र के रूप में होने लगी है।

पर्यटन से जुड़ी परियोजनाओं के आकार लेने से यह हॉस्पिटैलिटी के हब के रूप में भी उभरने लगा है। फाइव स्टार होटलों की खड़ी होती श्रृंखला, सेवन डी थिएटर वाला जू, रामगढ़ताल व चिलुआताल जैसी नैसर्गिक झीलों का टूरिस्ट स्पॉट के रूप में कायाकल्प, वाटर एडवेंचर की गतिविधियां और क्रूज-फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का होना इसकी बानगी भर है। यह देखना सुखद है कि अपराध से जुड़ी छवि वाले जिस शहर में बाहर के लोग आने से कतराते तेज़ वहां अब वैश्विक ख्याति के तीन फाइव स्टार होटल रैडिसन ब्लू, मैरियट और रमाडा में भीड़ लगी रहती है। आने वाले समय में यहां होटल ताज की सेवा भी पर्यटकों को मिलने लगेगी।

गोरखपुर भौगोलिक रूप से बौद्ध सर्किट के केंद्र में स्थित है। तथागत बुद्ध से जुड़े चार प्रमुख स्थानों सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु और लुम्बिनी जाने वाले अधिकांश पर्यटक यहीं से होकर जाते हैं। पर, कुछ साल पहले तक देश के अन्य राज्यों और विदेशी पर्यटकों के अनुरूप हॉस्पिटैलिटी सेक्टर था ही नहीं। तब गोरखपुर में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के ऐसे आकर्षण की जरूरत थी जो बाहर से आने वाले पर्यटकों को गोरखपुर में रुकने को विवश कर सके। एक लंबे समय तक गोरखपुर में पर्यटन स्थल के रूप में सर्वाधिक फुटफाल वाला स्थान सिर्फ गोरखनाथ मंदिर ही था। पर, अब इस मंदिर के बाद पर्यटन स्थल के रूप में नए केंद्र भी विकसित हो चुके हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम रामगढ़ताल और गोरखपुर के चिड़ियाघर का है। गोरखपुर में पर्यटन के क्षेत्र में रामगढ़ताल कायाकल्प का सबसे बड़ा उदाहरण है। दशकों तक उपेक्षित और गंदगी के पर्याय बन रहे 1700 एकड़ में फैले इस प्राकृतिक रामगढ़ताल ताल पर सरकार ने ऐसी संजीदगी दिखाई कि आज इसकी गिनती पूर्वी उत्तर प्रदेश के खूबसूरत व दर्शनीय पर्यटन स्थल के रूप में अग्रपंक्ति में है। आज यह ताल सैलानियों का मनभावन है तो बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम। यही नहीं, बड़े पैमाने पर यहां फिल्मों की शूटिंग हो रही है। रामगढ़ताल में कई तरह की आकर्षक और रोमांचक नावों की सवारी का आनंद भी पर्यटकों को मुंबई और गोवा की ही तरह मिल रहा है। रामगढ़ताल से सटे पर्यटन विभाग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी बनवा दिया है। यह प्रदेश का सार्वजनिक क्षेत्र का पहला वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स है। यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की रोइंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन हो चुका है और अब स्थानीय युवाओं को रोइंग की ट्रेनिंग मिल रही है। रामगढ़ताल की ही तर्ज पर शहर के उत्तरी छोर पर स्थित चिलुआताल का भी कायाकल्प हो चुका है।

# रामनवमी को लेकर भगवामय हुआ शहर, जगह-जगह लगाए गए भगवा झंडे, पूरा शहर हुआ राम मय



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिले में राम नवमी को लेकर श्रीराम नवमी उत्सव समिति न सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समिति के सदस्यों के साथ-साथ भाजपा, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता इसकी तैयारी में जुटे हैं। शहर में जगह जगह भव्य स्वागत द्वार बनाए गए। नवमी शोभा यात्रा को लेकर यहां युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने पूरे शहर में जगह जगह भगवा ध्वज लगाए गए हैं साथ ही बिजली की झालरों की आकर्षक सजावट की गई है।

राम नवमी को लेकर हिन्दू संगठनों और युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। युवक सारा दिन तैयारियों में जुटे रहे, कहीं भगवा ध्वज लाने तो कहीं स्वागत द्वार तैयार कराने और झंडी, झालरों को लगवाने में पूरा समय दिया। 27 मार्च को निकलने वाली रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर पालिका प्रशासन ने शहर के मार्गों पर सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर साफ सफाई कराई, जिससे जूलूस में शामिल लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों का व्यापार मंडल समाजसेवियों, पेट्रोल पंप संचालकों व अन्य समितियां जगह जगह पानी, चाय, हलवा आदि सामग्री वितरित कर स्वागत करेंगी इसके लिए जुलूस मार्ग पर जगह जगह पंडाल सजा दिए गए हैं।

# आरबीएसके टीमों ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर 115 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**महोबा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आरबीएसके टीमों ने आंगनबाड़ी सतारी के दो केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का चेकअप किया। दोनो केंद्रों में टीमों ने 115 का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। इसके बाद टीम ने कंपोजिट विद्यालय सुगिरा में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत एक युद्ध नशे के विरुद्ध थीम पर कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण कराते हुए जागरूक किया गया।

आंगनबाड़ी सतारी के प्रथम केंद्र में लगाए गए शिविर में स्वास्थ्य टीम ने बच्चों का पंजीकरण करते हुए 52 बच्चों की सेहत को चेक किया। वहीं आंगनबाड़ी द्वितीय केंद्र में आरबीएसके टीम ने 63 बच्चों को पंजीयन करते हुए एक एक कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। दोनो केंद्रों में कुल 115 बच्चों का चेकअप करने के बाद निशुल्क दवाओं का वितरण किया।

# एशियाड रोइंग के लिए रामगढ़ताल में होगी महिला टीम की ट्रेनिंग



- रामगढ़ताल को वाटर स्पोर्ट्स का नया केंद्र बनाने का श्रेय सीएम योगी को

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** रामगढ़ताल और इसके समीप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से बना विश्व स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। पहले खेलो इंडिया के अंतर्गत रोइंग के आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम का सफल आयोजन और अब जापान एशियाड 2026 के लिए रोइंग महिला टीम की स्पेशल ट्रेनिंग रामगढ़ताल में होने जा रही है। वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनवाकर रामगढ़ताल को वाटर स्पोर्ट्स का नया केंद्र बनाने का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है।

भारतीय रोइंग के इतिहास में पहली बार उत्तर प्रदेश को रोइंग (नौकायन) के राष्ट्रीय प्रशिक्षिण शिविर की मेजबानी मिली है। भारतीय महिला रोइंग टीम का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर 27 मार्च (शुक्रवार) से गोरखपुर के रामगढ़ताल स्थित वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा। इस शिविर में देशभर की चुनिंदा महिला रोअर्स हिस्सा ले रही हैं। इनमें वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया है।

जापान में होने वाले 20वें एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) की तैयारियों के लिए रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुरोध पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण शिविर विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के लिए उत्तर प्रदेश खेल विभाग भरपूर सहयोग कर रहा है।


रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष सुधीर शर्मा (सचिव, यूपी रोइंग एसोसिएशन) ने बताया कि शिविर के लिए चयनित खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों का आगमन गोरखपुर में हो चुका है। शिविर की औपचारिक शुरुआत 27 मार्च को दोपहर तीन बजे की जाएगी। मुख्य अतिथि गोरखपुर विकास प्राधिकरण के सचिव पुष्पराज सिंह होंगे। इस अवसर पर रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सुभाशीष मुखर्जी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह पहला अवसर है जब रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षण शिविर की मेजबानी के लिए चुना है।

# आग लगने से प्रभावित दुकानदारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी आर्थिक सहायता



**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महानगर के रायगंज में 10 मार्च को दुकान में आगे लगने से प्रभावित चार दुकानदारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। इन दुकानदारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल 14 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक दिए गए। 10 मार्च को आग लगने की घटना में रायगंज के हरिश्चंद्र गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, युवराज गुप्ता और ब्रजेश मणि गुप्ता की दुकान और आवासीय क्षेत्र में व्यवसायिक और गृहस्थी से जुड़े सामान का नुकसान हुआ। प्रभावितों को संबल प्रदान करने के मुख्यमंत्री ने गुरुवार दोपहर बाद गोरखनाथ मंदिर स्थित बैठक कक्ष में उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से हरिश्चंद्र गुप्ता व अमित कुमार गुप्ता को 5-5 लाख रुपये और युवराज गुप्ता व ब्रजेश मणि गुप्ता को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव व विधायक विपिन सिंह भी मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिरों का स्थलीय निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद।** नवरात्रि के पावन पर्व के दृष्टिगत, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा थाना मऊदरवाजा के प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसरों में भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और शांति व्यवस्था का जायजा लेना रहा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। एसपी महोदय ने निर्देश दिए कि संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए और किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल रिस्पॉन्स सुनिश्चित हो। सादे कपड़ों में महिला पुलिस कर्मियों और एंटी-रोमियो स्क्वाड को मंदिर के आसपास गश्त बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि अराजक तत्वों पर लगाम कसी जा सके।

# टीबी दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**महोबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में टीबी दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को क्षय रोग के लक्षणों और बचाव के बावत जानकारी दी साथ ही सरकारी की संचालित योजना के विषय से भी अवगत कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी लोगों से टीबी के प्रति जागरूक रहने और इसके उन्मूलन में सहयोग करने की अपील भी की। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि क्षय रोग एक संक्रामक रोग है जो जीवाणु के कारण होता है जो मुख्य रूप से फेफड़ों पर हमला करता है साथ ही शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है। कहा कि टीबी के मुख्य लक्षणों में 3 सप्ताह से अधिक लगातार खांसी, बलगम या खून के साथ खांसी, शाम को बुखार, रात में पसीना, और बिना कारण तेजी से वजन कम होना शामिल हैं और टीबी एक संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से हवा के माध्यम से फैलता है। उन्होंने यह लक्षण होने पर डाक्टर की सलाह पर चेकअप कराए जाने की सलाह भी दी।

# नवरात्रि एवं रामनवमी को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न



- रामनवमी त्योहार प्रेम,भाईचारा एवं आपस में मिलजुलकर मनाएं : डीएम
- सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी : एसपी

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद में नवरात्रि एवं रामनवमी के त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें कहा कि रामनवमी पर्वो के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत के तारों को चेक कर लें तथा जल संस्थान के द्वारा निर्धारित समय में जलापूर्ति एवं पानी की टैंकरों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में साफ-सफाई व मुख्य चौराहे पर सजावट तथा सड़कों पर कूड़ा ना रहे सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि जुलूसों एवं आयोजनों के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा तथा शान्तिपूर्वक व कुशलता से आयोजन किया जाए। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी कार्यक्रम प्रेम एवं भाईचारें के साथ शान्तिपूर्वक सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस,प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि रामनवमी त्यौहार आपसी प्रेम, सौहार्द और सहयोग से मनाएं।

बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं एवं समाज के संभ्रन्त प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि जनपद में शांति एवं भाईचारे की परंपरा को बनाए रखा जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से कहा कि रामनवमी त्योहारों प्रेम, भाईचारा एवं आपस में मिलजुलकर मनाएं और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, जिससे जनपद में शांति और व्यवस्था कायम रहे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, उपजिलाधिकारी महोबा शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी तथा जनपद के सम्भ्रान्त नागरिक शहर काजी अफाक हुसैन, रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी मनु गुप्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी द्वारा नगला हूसा स्थित कुठला झील का स्थलीय निरीक्षण किया गया



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा आज पर्यटन विभाग द्वारा नगला हूसा स्थित कुठला झील पर ईको टूरिज्म विकसित किए जाने हेतु प्रस्तावित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त परियोजना लगभग 241.90 लाख की लागत से कराई जानी प्रस्तावित है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि ईको टूरिज्म के विकास में प्राकृतिक सौंदर्य के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि झील क्षेत्र को इस प्रकार विकसित किया जाए कि पर्यटकों को आकर्षक एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके, साथ ही स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित कार्यों में आवश्यक सुविधाओं जैसे पाथ-वे, बैठने की व्यवस्था,इंट्रेंस गेट, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हों। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सिर पर वार करके नृशंस हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास

अयोध्या। मोबाइल चोरी के विवाद की रंजिश में मोटर साइकिल से आ रहे उपेन्द्र की सिर पर वार करके नृशंस हत्या करने के दोषी डब्बू सिंह उर्फ आशलेंद्र को आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सुरेंद्र मोहन सहाय ने भरी अदालत में सुनाया है। न्यायाधीश ने दोषी अभियुक्त पर बीस हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। सजा सुनाए जाने के बाद दोष सिद्ध अभियुक्त डब्बू सिंह उर्फ आशलेंद्र को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में जिला कारागार भेज दिया गया।

वहीं घटना के सह आरोपी उज्जवल सिंह उर्फ कमलेंद्र को सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया।एक अन्य सह आरोपी अनंत सिंह उर्फ बड़ाई सिंह की चार सितंबर 2022 को मुकदमा की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो जाने से उनका नाम पत्रावली से हटा दिया गया।

अभियोजन पक्ष से एडीजीसी ज्ञानेश चंद्र पाण्डेय व रोहित पाण्डेय के अनुसार घटना थाना कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के कुशमाहा गांव की वर्ष 2022 की है।

17 अप्रैल को उपेंद्र उर्फ रवि पाण्डेय अपने घर पर जितेंद्र व आशलेंद्र उर्फ डब्बू के साथ था पी रहा था। इसी दौरान रवि का मोबाइल डब्बू ने चुरा लिया।मोबाइल को लेकर आपस में विवाद हो गया। बीच बचाव करने पर मामला शांत हो गया।थोड़ी देर बाद रवि मोटर साइकिल से तकपुरा चौराहे की ओर जा रहा था तभी रास्ते में गंगा यादव के घर के पास उसके सिर पर वार किया गया जिससे वह गिर गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। शोर शराबा सुनकर गांव के रिंकू पाण्डेय के साथ मृतक का बड़ा भाई अनिरुद्ध पहुंचा तो डब्बू नहर क्रास करके भाग गया। मृतक के भाई की ओर से थाना कोतवाली अयोध्या में गांव के डब्बू सिंह उर्फ आशलेंद्र पुत्र मनोज कुमार, अनंत सिंह उर्फ बड़ाई पुत्र चंद्रदेव व उज्जवल सिंह उर्फ कमलेंद्र पुत्र राकेश कुमार के विरुद्ध हत्या सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। 19 अप्रैल को आरोपी डब्बू सिंह को अयोध्या रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया जिसकी निशांदेही पर मृतक का खून लगा कपड़ा, आला कत्ल की बरामदगी की गई। विवेचना के बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध मोबाइल चोरी सहित हत्या के अपराध में आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया।अदालत में सुनवाई के दौरान आरोपी अनंत सिंह की मृत्यु हो गई। अभियोजन की ओर से आठ गवाह पेश किए गए।

मृतक की पोस्ट मार्टम में सिर व नाक की कई हड्डियां टूटी पाई गई जिससे उसकी मृत्यु हो जाने की रिपोर्ट दी गई। न्यायाधीश ने पत्रावली पर मौजूद सबूत व गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी डब्बू सिंह उर्फ आशलेंद्र को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### न्याय से पूरी तरह से संतुष्ट हूं

मृतक के बड़े भाई अनिरुद्ध पाण्डेय ने अदालत के फैसले पर अपनी संतुष्टि व्यक्त किया है।उसने कहा कि मृतक रवि उर्फ उपेंद्र उससे सात साल छोटा था।उसकी हत्या हो जाने से पूरा परिवार टूट गया था।लेकिन भगवान पर पूरा भरोसा था कि हम लोगों को न्याय जरूर मिलेगा।26 साल की उम्र में पुत्र की हत्या से पिता प्रेम कुमार का बुरा हाल हो गया था।लेकिन आज अदालत के फैसले से रवि की आत्मा को जरूर सकून मिला होगा कि उसकी नृशंस हत्या करने वाले को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

## सूर्य मंदिर के शिखर पर लहराया धर्म ध्वज

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** पावन नगरी में धार्मिक उत्सवों की श्रृंखला के बीच परकोटा के सूर्य मंदिर के शिखर पर विधिवत ध्वजारोहण संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धा-भक्ति के वातावरण में यह आयोजन साधु-संतों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जिसने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आचार्यों द्वारा पूजन-अर्चन के उपरांत विधि-विधान से ध्वज स्थापित किया गया। जैसे ही शिखर पर ध्वज फहराया गया, ÷जय श्री राम÷ और सूर्य नारायण के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य, महंत वैदेही वल्लभ शरण, महंत रामशरण दास, जगद्गुरु श्री धराचार्य, मंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल राव, एसपी सुरक्षा बल रामाचारी दुबे सहित सैकड़ो की संख्या में संत एवं भक्त मौजूद रहे।

# निरहुआ के आगमन से गूंजा महोत्सव, हजारों दर्शकों ने लिया आनंद



*अवधनामा संवाददाता*

**मवई अयोध्या।** नगर पंचायत क्षेत्र के मां कामाख्या धाम में आयोजित महोत्सव उस समय खास और यादगार बन गया जब भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार एवं पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ मंच पर पहुंचे। उनके आगमन के साथ ही पूरे पंडाल में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला और हजारों की संख्या में मौजूद दर्शक झूम उठे।

निरहुआ ने अपने चर्चित गीत चले जब चाप के बाबा का बुलडोजर की प्रस्तुति देकर माहौल को ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद ÷निरहुआ नाम बा... गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और रंगीन बना दिया। साथ ही उन्होंने कई देवी गीतों की प्रस्तुति देकर महोत्सव में भक्ति रस का संचार किया, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और आस्था से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में करीब 8 हजार दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने आयोजन को भव्य और सफल बना दिया।

लोगों का उत्साह इस कदर था कि देर रात तक पंडाल में ऊर्जा और उमंग बनी रही। मीडिया से बातचीत में निरहुआ ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में एक बार फिर प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी और योगी आदित्यनाथ तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे।

उन्होंने पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की किल्लत पर कहा कि वैश्विक परिस्थितियों का असर भारत पर भी पड़ रहा है, ऐसे में लोगों को अफवाहों से बचते हुए आपसी सहयोग बनाए रखना चाहिए।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव एवं महोत्सव न्यास अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने उनका भव्य स्वागत किया और कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर: रुदौली और भेलसर में पेट्रोल को लेकर हाहाकार

### भेलसर में 100 तक सीमित बिक्री से मची अफरा-तफरी



*अवधनामा संवाददाता*

**भेलसर अयोध्या।** अमेरिका-ईरान-इज़राइल के बीच बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। रुदौली और भेलसर स्थित पेट्रोल पंप पर अचानक बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल भरवाने पहुंच गए जिससे कुछ समय के लिए हाहाकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पेट्रोल भरवाने के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों में जल्द पेट्रोल और डीजल लेने की होड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भेलसर पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा प्रति वाहन केवल ?100 का पेट्रोल देने की बात कही जा रही थी, जिससे लोगों में और घबराहट बढ़ गई। अंतरराष्ट्रीय हालात और संभावित पेट्रोल संकट की अफवाहों के चलते लोग तेजी से पेट्रोल भरवाने पहुंच रहे थे। सूत्रों के द्वारा रुदौली क्षेत्र के दोनों पेट्रोल पंपों का जायजा लिया गया जहां कुछ समय बाद पंप लगभग सुनसान पड़े दिखाई दिए। कर्मचारियों ने बताया कि फिलहाल तेल उपलब्ध नहीं है, तेल आएगा तभी पेट्रोल दिया जा सकेगा।

# गंभीर रोगों के इलाज में होम्योपैथी सफल :स्वामी मुक्तिनाथानंद

## रामकृष्ण मिशन आश्रम अयोध्या में शुरू हुई निशुल्क होम्योपैथिक क्लिनिक



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** .रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम लखनऊ के तत्वाधान में विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के सहयोग से रामकृष्ण मिशन आश्रम अयोध्या में रामनवमी के पावन पर्व पर आज निशुल्क होम्योपैथिक क्लीनिक का शुभारंभ रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए स्वामी जी ने कहा की एलोपैथिक की तरह होम्योपैथी से भी गंभीर रोगों का सफल इलाज हो सकता है बिना किसी साइड इफेक्ट के. स्वामी जी ने कहा की एलोपैथिक दवा से मरीज को कई तरह के दुष्प्रभाव झेलने पड़ते हैं लेकिन होम्योपैथिक दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता. साथ ही जड़ से रोग समाप्त होता है .होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति सभी के लिए सुलभ है और सस्ती भी है इसलिए इसके व्यापक प्रचार व जागरूकता की जरूरत भी है. लोग इसकी दवा को सस्ती समझकर इसके सुनिश्चित लाभ से वंचित रह जाते हैं जो की एक बड़ी भयंकर भूल है।

स्वामी मुक्तिनाथानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार के अनुसार मरीज को सबसे सस्ता और अच्छा इलाज मिलने की संकल्पना को साकार करने से ही नर सेवा के रूप में नारायण सेवा हो सकती है.

इसलिए भगवान राम की पावन जन्मभूमि से यह जन कल्याणकारी शुरुआत की गई है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके .साथ ही अयोध्या धाम के साधु संतों को भी निशुल्क उपचार का लाभ मिल सके. इसके लिए सप्ताह में तीन दिन सोमवार ,बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 9 से दोपहर 1बजे तक निशुल्क होम्योपैथिक क्लिनिक चलाई जा रही है इसमें होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. शालिनी सिंह द्वारा रोगियों की जांच कर उन्हें परामर्श एवं दवाएं भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। विवेकानंद हॉस्पिटल के होम्योपैथिक विभाग अध्यक्ष डॉ.अमित पांडे ने बताया कि इस क्लीनिक में बच्चों, महिलाओं व स्त्री रोग संबंधी बीमारियों का सफल इलाज किया जाएगा.

डॉ. पांडे ने कहा कि होम्योपैथी अपने आप में पूर्ण सफल चिकित्सा पद्धति है लेकिन डॉक्टरों के आधे अधूरे ज्ञान से इसकी साख में गिरावट आ गई जिसे दूर करने के लिए और इसका पूरा लाभ मरीज को दिलाने के लिए रामकृष्ण मिशन लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद की प्रेरणा से क्लीनिक की शुरुआत की गई है।

## कथा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, स्वामी गोविन्द देव गिरी महाराज ने सुनाई भावपूर्ण कथा

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खंड पूरा क्षेत्र के ग्राम सरायरासी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह के आवास पर आयोजित 9 दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास के रूप में पधारे स्वामी गोविन्द देव गिरी महाराज ने राम-भरत मिलन एवं दंडकारण्य वन से जुड़ी कथाओं का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया जिसे सुनकर पंडाल में मौजूद हजारों श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। कथा के दौरान स्वामी जी ने राम-भरत के प्रेम और त्याग का ऐसा भावपूर्ण चित्रण किया कि पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा श्रीराम जी की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम सोनी, दीपक मोदनवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह गुड्डू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। अयोध्या जनपद से पहुंचे पत्रकारों ने भी कथा का आनंद लिया और कार्यक्रम में पत्रकारों का सम्मान भी किया गया।

## जान लेवा हमला करने के दोषी मुलायम यादव सहित चार को सात साल सात महीने का कारावास

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** भोर में नित्य क्रिया के लिए जा रहे संदीप व विक्रमाजीत पर जान लेवा हमला करने के दोषी मुलायम यादव,सीताराम,गिरजा प्रसाद व सोनू को सात साल सात महीने के कारावास की सजा सुनाई गई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश नवम इन्द्र जीत सिंह ने सुनाया है। चारों दोष सिद्ध अभियुक्तों पर साढ़े आठ हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। सजा सुनाए जाने के बाद सभी अभियुक्तों को पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में जेल भेज दिया गया। सभी सजाए साथ-साथ चलने का आदेश पारित होने के कारण अभियुक्तों को अधिकतम पांच साल ही जेल में निरुद्ध रहना पड़ेगा।

अभियोजन से एडीजीसी अभय वैश्य के अनुसार घटना थाना पूरा कलन्दर क्षेत्र के सनेथू गांव की वर्ष 2016 की है। 9 अप्रैल की सुबह राम नवमी के लड़के संदीप व विक्रमाजीत पाल नित्य क्रिया के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में घात लगाकर लाठी डंडे व धार दार हथियार से हमला कर दिया गया। गुहार पर राम नवमी व उसकी पुत्री सीमा बीच बचाव करने पहुंची। गांव के ही मुलायम यादव,सीताराम,गिरजा प्रसाद व सोनू व अज्ञात लोगों ने मारपीट किया।राम नवमी व सीमा के सिर में गंभीर चोटें आई।घायल अवस्था में संदीप व विक्रमाजीत को अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। राम नवमी की तहरीर पर थाना पूरा कलन्दर में आरोपियों के विरुद्ध एक राय होकर मारपीट करने,हड्डी तोड़ देने,सिर पर जान लेवा हमला करने सहित कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई।

विवेचना के बाद मुलायम यादव पुत्र सीताराम, राम मिलन के पुत्रों सीताराम व गिरजा प्रसाद एवं सोनू यादव पुत्र कृषन के विरुद्ध दर्ज रिपोर्ट की धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से वादी राम मिलन ,चोटिल संदीप ,विक्रमाजीत,सीमा सहित दस गवाहों को परीक्षित कराया गया।

न्यायाधीश ने पत्रावली पर मौजूद सबूत व गवाहों के बयान तथा संदीप के बाएं हाथ की हड्डी में फ्रैक्चर ,विक्रमाजीत के सिर पर आई गंभीर चोट व दाहिने पैर की हड्डी में हुए फ्रैक्चर के आधार पर दोषी करार दिया।वही एक राय होकर हमला करने के मामले में दोष मुक्त कर दिया। न्यायाधीश ने दोषियों को जान लेवा हमला करने के अपराध में पांच साल के कारावास व पांच हजार रुपए जुर्माना,हड्डी तोड़ने के मामले में दो साल के कारावास व दो हजार रुपए जुर्माना,मारपीट के मामले में छह माह के कारावास व एक हजार रुपए जुर्माना तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक माह के कारावास व पांच सौ रुपए जुर्माना से दण्डित किया है।

## नवरात्रि पर पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय के आवास पर हुआ भव्य फलाहार कार्यक्रम

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने नवरात्रि के पावन अवसर पर अपने कृष्णापुर स्थित आवास पर भव्य फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर अयोध्या के प्रमुख धर्माचार्य, साधु-संत, महंत, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूर्व मंत्री ने सभी साधु-संतों एवं उपस्थित जनसमूह का आशीर्वाद लेते हुए मां भगवती से देश-प्रदेश और अयोध्या में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा कर उन्हें आत्मिक संतोष की अनुभूति हो रही है। उन्होंने अयोध्या के व्यापारियों, युवाओं, किसानों समेत सभी वर्गों के लिए मां भगवती से कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

## कड़ी धूप और टिमटिमाती बारिश में भी अपना फर्ज निभाता है जनता का यह हीरो समर यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**रूदौली अयोध्या।** जहां एक ओर मौसम की मार आम जनजीवन को प्रभावित कर देती है—कभी झुलसा देने वाली गर्मी तो कभी अचानक होने वाली बारिश—वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटते। बाबा बाजार विद्युत उपकेंद्र के नेवरा फीडर पर तैनात लाइनमैन समर बहादुर यादव ऐसे ही जांबाज़ कर्मचारियों में शामिल हैं, जो दिन-रात, धूप-बारिश की परवाह किए बिना अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए क्षेत्र के लोगों के लिए मिसाल बन गए हैं। समर बहादुर यादव की कार्यशैली उन्हें आम कर्मचारियों से अलग बनाती है। जब तापमान 40 डिग्री के पार चला जाता है और लोग घरों में रहने को मजबूर होते हैं, उस समय भी वे खेतों और गांवों में पहुंचकर विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोलों की बारीकी से जांच करते नजर आते हैं। यही नहीं, बारिश के दौरान जब बिजली आपूर्ति बाधित होती है, तब भी वे बिना किसी डर के मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करते हैं, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली से जुड़े हादसे अक्सर लापरवाही का परिणाम होते हैं। इस खतरे को भांपते हुए समर यादव ने केवल तकनीकी कार्य तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचय दिया है। वे किसानों के बीच जाकर उन्हें विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हैं। खास तौर पर वे यह सलाह देते हैं कि खेतों में लगे विद्युत पोल और तारों के आसपास की फसल को समय रहते काट दिया जाए, जिससे शॉर्ट सर्किट या चिंगारी की स्थिति में आग लगने जैसी घटनाओं से बचाव हो सके। स्थानीय किसानों का कहना है कि समर यादव की सक्रियता के कारण कई बार संभावित हादसों को टाला जा चुका है।

# परिक्रमा पथ के नाम पर हरियाली पर संकट, सख्ती के बाद थमी अवैध कटान



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्की पुर अयोध्या।** 84 कोसी परिक्रमा पथ के निर्माण की आड़ में क्षेत्र के हरे-भरे और वर्षों पुराने पेड़ों की अवैध कटान का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। बीकापुर-इनायतनगर-रेवतीगंज मार्ग के किनारे बड़े पैमाने पर हो रही इस कटाई से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि प्रस्तावित परिक्रमा मार्ग से अलग स्थानों पर भी पेड़ों को काटा जा रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जिस मार्ग को परिक्रमा पथ बताया जा रहा है, वह कई जगहों पर वास्तविक प्रस्तावित मार्ग से मेल नहीं खाता। इसके बावजूद अर्जुन, शीशम, आम और महुआ जैसे बहुमूल्य पेड़ों को तेजी से काटा गया। ग्राम पंचायत घुरेहटा के राम गोबिंद का पुरवा से रुइहन पुरवा मोड़ तक हुई कटान ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।

मामला तब तूल पकड़ गया जब शिकायतों के बावजूद कटान जारी रही। इसके बाद स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों और जनप्रतिनिधियों ने मंडलायुक्त राजेश कुमार से शिकायत की। सख्त रुख अपनाते हुए मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई, जिसके बाद फिलहाल अवैध कटान पर रोक लगा दी गई है। जांच के लिए पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एनएचआई के सर्वे के आधार पर कार्य कराया जा रहा था, लेकिन स्पष्ट अनुमति के बिना पेड़ों की कटाई नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी माना कि समन्वय की कमी के कारण स्थिति विवादित हुई है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि क्षेत्र की हरियाली सुरक्षित रह सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल प्रशासन की सख्ती के बाद कटान पर विराम लगा है, लेकिन यह मामला पर्यावरण संरक्षण और प्रशासनिक पारदर्शिता पर कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए डीएम ने दिए सख्त निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा कैंप कार्यालय में जनपद में डीजल एवं पेट्रोल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानंद पाण्डेय, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक श्रीयश त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा तथा तेल कंपनियों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत डीएम ने पेट्रोलियम पदार्थों (डीजल/पेट्रोल) की आपूर्ति में आ रही समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कई अहम निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के पेट्रोल पम्प सुबह 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक संचालित होने चाहिए जबकि जो पम्प 24 घंटे खुले रहते हैं वे पूर्ववत संचालित रहेंगे। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पम्पों पर लाइन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और सार्वजनिक सूचना बोर्ड के माध्यम से स्टॉक एवं टैंकर की जानकारी दी जाएगी।

डीएम ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी पम्पों पर स्टॉक और टैंकर की स्थिति दर्शाने वाले सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि टैंकर से तेल उतारते समय स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाया जाए तथा किसी भी स्थिति में डिब्बों या ड्रमों में पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री न की जाए। सभी पम्प संचालकों को समय से ऑयल डिपो में अग्रिम भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक पेट्रोल पम्प पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, जिसकी नियमित निगरानी क्षेत्रीय थाना एवं चौकी प्रभारी द्वारा की जाएगी।

# अफवाहों से बढ़ी घबराहट, गैस एजेंसियों व पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

## प्रशासन ने किया आश्वस्त–पर्याप्त है आपूर्ति





*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में अफवाहों के चलते अचानक घबराहट का माहौल बन गया है, जिसके कारण पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शहर से लेकर कस्बों तक अधिकांश पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां लोग अपनी गाड़ियों की टंकी फुल कराने के लिए घंटों इंतजार करते नजर आए। इसी तरह गैस एजेंसियों पर भी उपभोक्ताओं की भीड़ असामान्य रूप से बढ़ गई है। कई स्थानों पर लोग समय से पहले ही पहुंचकर सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लग गए। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण कुछ जगहों पर अव्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न हो गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए कर्मचारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी।

सूत्रों के अनुसार पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की संभावित कमी को लेकर फैली अफवाहों ने लोगों में घबराहट पैदा कर दी है। यही वजह रही कि बड़ी संख्या में लोगों ने जरूरत से अधिक ईंधन और गैस लेने की कोशिश की, जिससे मांग में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई। जिला पूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जनपद में कुल 47 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर कार्यरत हैं और औसतन प्रतिदिन लगभग 9848 गैस सिलेंडरों की बुकिंग हो रही है, जबकि पिछले दिवस में 14135 बुकिंग दर्ज की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 12609 सिलेंडरों का स्टॉक मौजूद था और 10991 सिलेंडरों की बिक्री हुई, इसके बावजूद 58495 सिलेंडरों का बैकलॉग बना हुआ है, जो बढ़ती मांग का संकेत दे रहा है। कंपनीवार स्थिति में भी दबाव साफ दिखाई देता है, जहां इंडियन ऑयल के अंतर्गत 24354, एचपीसीएल के तहत 30262 तथा बीपीसीएल के अंतर्गत 3879 सिलेंडरों का बैकलॉग दर्ज किया गया है। हालांकि रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी एजेंसी पर गैस की वास्तविक कमी नहीं है, बल्कि बढ़ी हुई मांग के कारण आपूर्ति और वितरण में विलंब हो रहा है। प्रशासन ने भी स्थिति पर नजर रखते हुए स्पष्ट किया है कि जनपद में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति बाधित नहीं है।

# 572 लाभार्थियों को 1296.69 लाख का ऋण स्वीकृत

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** विकास भवन परिसर में भव्य मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत सैकड़ों लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक भूपेंद्र मिश्रा, उपायुक्त उद्योग नीरज सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर त्रिपाठी सहित कई अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद रहे। कैंप में कुल 572 लाभार्थियों को ?1296.69 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 56 लाभार्थियों को ?186.82 लाख, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 49 लाभार्थियों को 9.45 लाख, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 27 लाभार्थियों को 117 लाख तथा पीएम सूर्य घर योजना में 91 लाभार्थियों को 145.19 लाख की सहायता प्रदान की गई।

अन्य योजनाओं के अंतर्गत 349 लाभार्थियों को 838.23 लाख का ऋण दिया गया। मुख्य अतिथि ने लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देश दिया कि ऋण वितरण में तेजी लाते हुए पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। कार्यक्रम का सफल संचालन विभिन्न विभागों और बैंकों के समन्वय से किया गया।

# नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति के सम्मान और उनकी महत्ता को दर्शाने का है प्रतीक : डीएम

**डीएम ने विधि-विधान से कन्याओं का पूजन कर, व्यक्त किया सम्मान और स्नेह**

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत गुरुवार को विकास खंड नौगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र, साड़ी प्रथम में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने पारंपरिक विधि-विधान से बालिकाओं का पूजन कर उनके प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। उन्होंने कन्याओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रसाद वितरित किया। साथ ही, सभी बालिकाओं को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति के सम्मान और उनकी महत्ता को दर्शाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उनके शिक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को शिक्षा के अवसर प्रदान करें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को दी जा रही पोषण सेवाओं, शिक्षण सामग्री एवं साफ-सफाई की स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के समग्र विकास का आधार हैं, इसलिए यहां की व्यवस्थाएं सुदृढ़ और प्रभावी होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए कन्याओं को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि जनपद में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का समापन कन्याओं को प्रसाद एवं उपहार वितरण के साथ हुआ। इस प्रकार यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के संदेश को भी प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा।

## दहेज हत्याभियुक्त के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 17/2026 धारा 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित 1 आरोपी अभियुक्त - हरिकेश गोस्वामी पुत्र शशि कुमार को ठकुरापुर मोड़ के पास सड़क से गिरफ्तार कर लिया गया।

वादिनी मिथला देवी पत्नी श्याम मुरारी निवासी लालपुर चन्द्रभान थाना कोतवाली नगर गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली देहात में लिखित तहरीर दी गयी कि उन्होने अपनी लड़की की शादी 4 वर्ष पूर्व हरिकेश पुत्र शशी कुमार उर्फ बब्बू निवासी ठकुरापुर (डीहा) से की थी । शादी के कुछ समय बाद से ही उनकी लड़की को उसके पति व ससुरालीजनों द्वारा नगदी, मोटर साईकिल, जेवर , भैंस की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था । विपक्षीगण द्वारा दहेज की मांग को लेकर उनकी लड़की की हत्या कर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0 देहात में नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# ज्ञापन सौंप गिरफ्तारी न होने की दशा में भूख हड़ताल पर बैठने की दी चेतावनी

**हत्या के मामले में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी करने की किया माँग**

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** विगत दिनों जिले के जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नादेपार में युवक शिवम कसौधन की हत्या के मामले में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मृतक के पिता इन्द्रेश कसौधन ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर शेष आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उप्र उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कसौधन के नेतृत्व में परिजनों व ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंप गिरफ्तारी ना होने की दशा में भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

पीड़ित परिवार द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार 10 मार्च 2026 को शिवम कसौधन की नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए परिजनों ने आरोप लगाया है कि शुरुआती जांच से लेकर अब तक पुलिस की कार्रवाई संदिग्ध और धीमी रही है। परिजनों का कहना है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा 24 से 48 घंटे के भीतर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक केवल एक आरोपी प्रिंस वर्मा को ही गिरफ्तार किया जा सका है। जबकि मुख्य आरोपी पवन वर्मा, उनकी पत्नी, प्रिंस मिश्रा और प्रियांशु मिश्रा अब भी फरार हैं। मृतक के पिता इन्द्रेश कसौधन ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस के संरक्षण के कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को लगातार धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपे जाने के बावजूद कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। पीड़ित पिता ने डीएम से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शेष आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि अगले 24 घंटे के भीतर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो वह अपने परिवार और ग्रामवासियों के साथ जोगिया चौराहा या सनाई चौराहे पर धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम करने को बाध्य होंगे।

# वाहन चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार दो मोटरसाइकिल बरामद

**अवधनामा संवाददाता**




**गोण्डा।** थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 202/2026 व मु0अ0सं0 166/26 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित 1 शातिर वाहन चोर - अभिषेक तिवारी पुत्र ननकन तिवारी निवासी ग्राम दलपतपुर थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे व निशानदेही पर 2 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई ।

दिनांक 16.03.2026 को संदीप मिश्रा पुत्र श्याम मनोहर मिश्रा निवासी गंगापुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 देहात पर सूचना दी गई कि दिनांक 28.2.2026 को रात्रि में पास के गांव बहलोलपुर में एक निमन्त्रण में गये थे, जहां प्रार्थी रिस्तेदार की बाइक स्पलेन्डर प्लस क्र॰3470 ब्लैक कलर को लेकर गया था है। वहां से किसी ने बाइक चोरी कर ली थी । जिसे काफी खोजबीन किया लेकिन कोई पता नहीं चला । तथा दिनांक 25.03.2026 को वादी राम जस पुत्र जगराम निवासी इटई अब्दुल्ला थाना शाहदुल्ला नगर जनपद बलरामपुर द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 22.03.26 को वह गोण्डा से दवा लेने गये थे वापस आते समय रास्ते में एक दुकान पर कुछ सामान लेने लगा जहाँ से उनकी मोटरसाइकिल UP-42-AM-2494 को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है । प्राप्त लिखित तहरीरों के आधार पर थाना को0 देहात पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये ।

दिनांक 25.03.2026 को थाना को0 देहात पुलिस टीम खोरहंसा बाजार में देखभाल क्षेत्र में रवाना थी कि इसी दौरान सूचना पर पाण्डेयपुर चौराहा से जमदरा जाने वाली रोड पर वाहन चोर अभिषेक तिवारी पुत्र ननकन तिवारी निवासी ग्राम दलपतपुर थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे व निशानदेही पर 2 अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गई । बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय गोण्डा रवाना किया गया।

## लगातार दूसरे दिन भी रही पेट्रोल पंपों पर भीड़ अधिकांश रहे बन्द

**टाडा (अंबेडकरनगर)।** टांडा क्षेत्र में पेट्रोल को लेकर हाहाकार मच गया है। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म होने से लंबी कतारें लग गई हैं, जबकि हयातगंज स्थित फाइन फिलिंग स्टेशन पर ही पेट्रोल मिलने के कारण भारी भीड़ उमड़ पड़ी है और सड़क पर जाम की स्थिति बन गई है।

टांडा क्षेत्र में इन दिनों पेट्रोल संकट गहराता जा रहा है। क्षेत्र के मेला फिलिंग स्टेशन थिरूआपुल, सावित्री फिलिंग स्टेशन आसोपुर, तिवारी फिलिंग स्टेशन अलीगंज, विंध्याचल फिलिंग स्टेशन सेम्हरिया और एनटीपीसी के पास स्थित पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल उपलब्ध नहीं है। इन पंपों के बाहर भी लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं, लेकिन निराशा ही हाथ लग रही है। ऐसे में पूरे क्षेत्र में केवल हयातगंज स्थित फाइन फिलिंग स्टेशन पर ही पेट्रोल मिल रहा है। यही वजह है कि यहां सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# नेता अपोजीशन माता प्रसाद पांडे ने नवरात्र पर कराया फलाहार

**इटवा आवास पर सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने प्रसाद किया ग्रहण**

**सपा सभी धर्मों का आदर और सम्मान करती है: माता प्रसाद पाण्डेय**

**अवधनामा संवाददाता**




**इटवा सिद्धार्थनगर।** बृहस्पितवार को इटवा बिस्कोहर रोड यशोदा देवा कन्या इंटर कालेज के सामने सपा के विधायक व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने अपने आवास पर नवरात्र पर्व पर फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया। बृहस्पितवार को चले इस कार्यक्रम में सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने स्वयं उपस्थित रहकर एक-एक आगंतुक का स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर भक्तिमय माहौल था, जहां सभी अतिथियों ने फलाहार का प्रसाद ग्रहण किया।

माता प्रसाद पाण्डेय ने इस दौरान कहा कि समाजवादी पार्टी सभी धर्मो का आदर और सम्मान करती है। सपा नवरात्र पर फलाहार और रोजे के पवित्र महीने में इफ्तार का आयोजन करती है। उन्होंने सर्वधर्म सद्भाव की बात पर जोर दिया और कहा कि पार्टी धर्म या जातियों को लड़ाने की नहीं, बल्कि सबको एकजुट करने और प्यार-मोहब्बत कायम करने की बात करती है।

कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन से कार्यक्रम का स्वरूप भव्य हो गया।

पांडे ने बताया कि यह फलाहार भोज हर वर्ष नवरात्र पर आयोजित किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। ब्लाक प्रमुख सूर्यमती पांडे ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। देर तक चले इस आयोजन में सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की भारी उपस्थिति रही, जिसके लिए नेता अपोजीशन माता प्रसाद पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रेम प्रकाश पांडे, रमपित पांडे, बेचई यादव, रज्जन पांडे, अजय चौधरी, उदयभान तिवारी, पल्लन पांडे, बहरैची प्रसाद प्रेमी, बड़कू पांडे, पप्पू पांडे, रितेश चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, बी एन त्रिपाठी, पाले मिश्रा, जुगानी मौर्या, शक्ति नाथ, पारसनाथ विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने फलाहार का प्रसाद ग्रहण किया।

# एलपीजी संकट से भड़के उपभोक्ता, गैस वाहन के आगे लेटकर किया प्रदर्शन, जाम रहा बाईपास



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कसया नगर में एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सिलेंडर के लिए परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा गुरुवार को सड़क पर फूट पड़ा। वितरण में धांधली और भारी देरी से नाराज लोगों ने बाईपास मार्ग जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। हालात इतने बिगड़ गए कि गैस से भरी गाड़ी पहुंचने पर कई उपभोक्ता उसके आगे ही लेट गए। करीब आधे घंटे तक सड़क जाम रही और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। नगर में संचालित कांति गैस एजेंसी पर करीब 22 हजार उपभोक्ता पंजीकृत हैं। शासन और एजेंसी की ओर से भले ही गैस की पर्याप्त उपलब्धता का दावा किया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग कराने के 10 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। हालात यह हैं कि महिलाएं रात 11 बजे से ही एजेंसी पर लाइन लगाकर खड़ी हो जाती हैं, फिर भी अगले दिन दोपहर तक उन्हें धक्के खाने पड़ते हैं। गुरुवार की सुबह हालात और बिगड़ गए। सुबह 10 बजे तक गैस वितरण शुरू नहीं हुआ तो लोगों का धैर्य जवाब दे गया। गुस्साए उपभोक्ताओं ने बाईपास मार्ग जाम कर धरना दे दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसी दौरान गैस से लदी गाड़ी एजेंसी पहुंची तो कई लोग उसके आगे लेट गए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कसया आशुतोष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद किसी तरह गैस वितरण की प्रक्रिया शुरू कराई जा सकी। एजेंसी संचालक जितेंद्र कुमार ने बताया कि मांग के अनुसार गैस की आपूर्ति नहीं मिल रही है। गुरुवार को भी गैस की गाड़ी देर से पहुंची, जिसके कारण उपभोक्ताओं में आक्रोश फैल गया और हंगामा हो गया।

**वायरल वीडियो से बढ़ा काला बाजारी का शक :** बुधवार देर रात करीब 1 मिनट 34 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग अंधेरे में गैस गोदाम से भरे सिलेंडर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो कसया की एक गैस एजेंसी का है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर में स्वयंसेवक संघ ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए निकाली रैली




**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोण्डा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल से चयनित गांव बंगरहवा,परेड सरकार, नेवलगंज, बनकटाचार्यगंज तक सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु जन जागरूकता रैली निकाली।

स्वयं सेवकों ने डोर टू डोर जाकर ग्राम वासियों को सामजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव,दहेज प्रथा,अशिक्षा,नशाखोरी ,जुआ , मद्यपान आदि के समूल उन्मूलन हेतु प्रेरित किया। सर्वे के उपरांत स्वयं सेवकों ने समय माता मंदिर में जाकर परिसर की साफ सफाई की। स्वयंसेवकों ने मंदिर में बैठकर माता जी के भजन कीर्तन किया।भोजन के उपरांत आयोजित बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर आर बी एस बघेल जी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री लाल जी दूबे,जिला पंचायत राज अधिकारी गोण्डा, एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री उमापति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष प्रधान संघ गोण्डा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार सिंह,डा चमन कौर,डा परवेज आलम,डा दिलीप शुक्ल ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री लाल जी दूबे जी ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सेवकों को देश के महान विभूतियों से प्रेरणा लेना चाहिए और अपना जीवन परमार्थ मार्ग पर लगाना चाहिए ।

विशिष्ट अतिथि श्री उमा पति त्रिपाठी जी ने स्वयं सेवकों को उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर आर बी एस बघेल जी स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों में सेवा भाव विकसित करती है जिससे स्वयं सेवक देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ दिलीप शुक्ल ने किया।

## डीएम और एसपी ने पेट्रोल पम्प का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशररणप्पा जी एन और पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा मुख्यालय स्थित जगदम्बा पेट्रोल पम्प बांसी स्टैंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशररणप्पा जी एन ने सुरक्षा व्यवस्था की जाँच और स्टॉक की स्थिति की समीक्षा की गयी। निरीक्षण में पाया गया कि पेट्रोल पंप पर पर्याप्त स्टॉक है और वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वितरण व्यवस्था को बनाए रखने और किसी भी प्रकार की किल्लत न होने देने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सुरक्षित रहें।

## शाखा संगम कार्यक्रम को लेकर हुई तैयारी बैठक



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को बीएसए ऑफिस मैदान पर होने वाले विशाल शाखा संगम कार्यक्रम की तैयारी बैठक गुरुवार को नगर पंचायत सभागार में हुई। जिला प्रचारक विशाल ने बताया कि शाखा संगम कार्यक्रम में सभी खंडों के स्वयंसेवक अपने शाखा टोली के साथ आयेंगे। इसमें सामाजिक समरसता, भक्ति और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संघ के स्वयंसेवक देशभर में पंच परिवर्तन के क्षेत्र में सक्रिय है। शताब्दी वर्ष में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में आम लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वयंसेवक नियमित शाखा जाएं और राष्ट्रहित के कार्य में जुट जाएं। बैठक में खंड कार्यवाह पवन, हेमंत जायसवाल, देवी प्रसाद, मनीष पाण्डेय, अष्टभुजा, राकेश आर्य, सुमित, प्रहलाद सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## दो ट्रकों की आमने सामने टक्कर में दर्दनाक मौत

**जलालपुर ।**अंबेडकरनगर दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, झपकी बनी हादसे की वजह; चालक-परिचालक की जलकर मौत जैतपुर थाना क्षेत्र से जुड़ा एक दर्दनाक सड़क हादसा गुरुवार सुबह महोबा के पास सामने आया, जहां दो ट्रकों की भीषण टक्कर में चालक और क्लीनर की जलकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जलालपुर क्षेत्र से गिट्टी लेकर एक ट्रक महोबा के कबहरिया क्षेत्र की ओर जा रहा था। गुरुवार सुबह महोबा के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे गिट्टी लदे दूसरे ट्रक से उसकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा चालक को अचानक झपकी आने के कारण हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक ट्रक में तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक ट्रक में फंसे चालक और क्लीनर की जलकर मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान चालक साधु (लगभग 60 वर्ष), निवासी फुलवरिया, जनपद आजमगढ़ तथा क्लीनर सनी (26 वर्ष), निवासी रकबा, थाना जैतपुर, जनपद अंबेडकर नगर के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रक मालिक और मृतकों के परिजन मौके के लिए रवाना हो गए। वहीं, घर पर जैसे ही हादसे की खबर पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया।

# श्रद्धालुओं ने सुना रामराज्य की स्थापना का दिव्य प्रसंग

**शहर के अवेद्यनाथ सभागार में श्रीराम कथा महोत्सव का सातवां दिन**

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** शहर के अवेद्यनाथ सभागार में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के सातवें दिन का दृश्य अत्यंत भावपूर्ण और अलौकिक रहा। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग जैसे ही प्रस्तुत हुआ, पूरा सभागार जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर इस दिव्य क्षण का आनंद लेते नजर आए और वातावरण पूरी तरह राममय हो गया।

अयोध्या धाम से आए अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक संत गौरव कृष्ण शास्त्री ने अपनी मधुर और प्रभावशाली वाणी में श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग का सजीव चित्रण किया। उन्होंने बताया कि श्रीराम का राजतिलक केवल सत्ता प्राप्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि धर्म, सत्य और न्याय पर आधारित आदर्श शासन व्यवस्था की स्थापना का संदेश है। रामराज्य में सभी को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त था, जहां जनकल्याण सर्वोपरि था। उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज में समरसता, शांति और विकास संभव है। कथा के दौरान उन्होंने श्रोताओं को मर्यादा, त्याग और कर्तव्य पालन के महत्व से भी अवगत कराया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, तालियों और जयकारों से सभागार गूंजता रहा। श्रीराम कथा महोत्सव का सातवां दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम बनकर सभी के मन में गहरी छाप छोड़ गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष शुक्ला, महेश्वर अग्रहरी, संतोष श्रीवास्तव, शिवदत्त अग्रहरि, नीरज श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, संदीप जायसवाल, राघवेंद्र यादव, रमेश गुप्त, रजनीश उपाध्याय, सुनील त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, अनिल वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, श्रीश श्रीवास्तव, पंकज पासवान, देव अग्रहरि आदि की भूमिका रही। बताते चले कि कथावाचक का संगत देने वालों में वतन उपाध्याय आरंगन बादक, आदित्य गोस्वामी तबला वादक व रवि उपाध्याय पैड बादक के साथ पूजन कराने में शेखर दास, अंब्रीश नारायण पांडेय, ब्रम्हानंद रामायणी, अगस्त मिश्र आदि की भूमिका अहम रही।

## पुरानी रंजिश को लेकर महिला से मारपीट मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** पुरानी रंजिश में महिला से मारपीट, मुकदमा दर्ज मालीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आजनपारा निवासी प्रार्थिनी माला ने थाने में तहरीर देकर पड़ोसियों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

प्रार्थिनी के अनुसार, 25 मार्च की सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने घर के सामने दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी अमरनाथ और शेषनाथ पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लात-घूंसों और डंडे से मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

माला ने बताया कि शोर मचाने पर आसपास के लोगों के हस्तक्षेप से किसी तरह उनकी जान बच सकी। आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर मालीपुर थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# श्री शीतला माता मठिया मन्दिर सोलह शृंगार एवं झूला उत्सव सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** तहसील के जलालपुर स्थित ऐतिहासिक श्री शीतला माता मठिया मंदिर में चैत्र नवरात्रि के सप्तमी को माता रानी का 56 भोग, सोलह श्रृंगार, दिव्य कीर्तन, और झूला उत्सव का आयोजन किया गया। नीरज जलालपुरी की टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में माता रानी को 56 प्रकार के व्यंजन अर्पित किए गए दिशांत गुप्ता ने भव्य श्रृंगार किया. आशीष जैन, शुभम गुप्ता, सौरभ सैनी,रितिक अग्रवाल,अभिषेक सोनकर समेत भक्तों ने मां के जयकारों से माहौल भक्तिमय कर दिया। मंदिर परिसर में प्रकाश के दीपों की ज्योति से जगमगाता वातावरण और दिव्य घंटियों की मंगलमय ध्वनि ने सभी भक्तों के हृदय में एक गहरी आध्यात्मिक अनुभूति जागृत कर दी।, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण हुआ और भजन-कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।

## वैकल्पिक ऊर्जा है कहां?

ईरान युद्ध के कारण परिस्थितियां ऐसी बनी हैं कि पहली बार जीवाश्म (फॉसिल, कोयला-तेल आदि) ईंधन पर बहस छिड़ी है। यह जलवायु-परिवर्तन के कारण नहीं है, बल्कि तेल-गैस को बाधित करना और उनकी उपलब्धता सीमित होने के मद्देनजर यह बहस छिड़ी है। दुनिया आनन-फानन में वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर केंद्रित नहीं कर सकती, क्योंकि वे बेहद सीमित हैं और कई देशों में उपलब्ध ही नहीं हैं। भारत ऐसा देश है, जहां सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पनबिजली और परमाणु ऊर्जा का लगातार उत्पादन किया जा रहा है, लिहाजा लोग उनका प्रयोग भी कर रहे हैं। तेल-गैस संकट के इस दौर में सरकार ने मार्च में ही पीएनजी (रसोई में पाइपलाइन गैस) के 3.5 लाख से अधिक कनेक्शन दिलाए हैं। अब देश में इस गैस के मात्र 1.65 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। देश की आबादी 147 करोड़ से अधिक है। उसमें 33 करोड़ एलपीजी (रसोई गैस) के उपभोक्ता हैं। दरअसल पीएनजी का तो बुनियादी ढांचा ही बेहद सीमित है। पाइपलाइन की सुविधा कुछ बड़े शहरों की गिनी-चुनी कॉलोनियों में ही मौजूद है। तो देश का आम उपभोक्ता वैकल्पिक ऊर्जा की कल्पना भी कैसे कर सकता है, प्रयोग करना तो दूर की कौड़ी है? ईरान युद्ध के कारण तेल-गैस का संकट इतना व्यापक हो गया है कि लोग और व्यावसायिक ठिकाने लकड़ी और कोयले का चूल्हा जलाने पर विचार कर रहे हैं अथवा शुरू कर दिया है। धुआं और प्रदूषण काल की ओर वापसीज! जीवाश्म ईंधनों पर भारत की निर्भरता जलवायु-पर्यावरण का ही मुद्दा नहीं है, बल्कि सुरक्षा-संकट का सरोकार भी है। इस ऊर्जा-संकट से खाद्य-संकट भी जुड़ा है, यह चेतावनी विशेषज्ञ लगातार दे रहे हैं। भारत का आयात-बिल अपने आप में संकटपूर्ण बोझ है। उसमें मध्य-पूर्व देशों की हिस्सेदारी करीब 60 फीसदी है। ईरान युद्ध शुरू होने से पहले भारत का तेल-गैस आयात का बिल उस स्तर तक पहुंच चुका था, जहां एक साल में ही 180 अरब डॉलर तक उछल सकता था।

कतर ने 2024-25 में भारत को 1.10 करोड़ टन एलएनजी की आपूर्ति की थी। वह करीब 41 फीसदी थी। तेल-गैस आयात करने के मद्देनजर हमारी अर्थव्यवस्था उन क्षेत्रों और समुद्री मार्गों पर आश्रित हो गई, जहां हमारी या आपूर्ति करने वाले देशों की भूमिका या दखल सीमित है। प्रधानमंत्री मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच मंगलवार को फोन पर बातचीत हुई। उसमें प्रधानमंत्री ने शिपिंग मार्ग के खुले और सुरक्षित होने का मुद्दा भी उठाया था। जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग में ईरान ने बारूदी सुरंगें बिछा रखी हैं और मार्ग अवरुद्ध है, उसे प्रधानमंत्री ने स्वीकार्य नहीं माना। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी सहमति जताई। भारत के अभी तक 6 जहाज होर्मुज को पार कर चुके हैं, लेकिन अब भी 20 जहाज समुद्र में ही फंसे हैं। मौजूदा संकट के कारण भारतीय जीडीपी की विकास दर 4 फीसदी तक गिर सकती है, यह आकलन 'मूडीज' का है, जबकि गोल्डमैन सैश का आकलन है कि भारत की विकास दर 7 फीसदी से घट कर 5.9 फीसदी तक आ सकती है। महंगाई भी बढ़ सकती है। हम रूस, अमरीका, अफ्रीका, ओमान और लाल सागर के रास्ते हररोज कच्चा तेल आयात कर रहे हैं। युद्ध के बाद भी 18 लाख बैरल तेल हररोज आ रहा है, जबकि युद्ध से पहले 30-35 लाख बैरल तेल आता था। यह सुखद है कि भारत में पेट्रोल-डीजल पर कोई राशनिंग नहीं है, लेकिन गैस को लेकर है, क्योंकि गैस का अधिकतम भंडारण मात्र पौने दो दिन का ही कर सकते हैं। ओडिशा और कर्नाटक में तेल के भंडारण बनाने की बात करीब 5 साल पहले उठी थी, लेकिन आज भी 'शून्य' स्थिति है। हमें खाद भी मोरक्को जैसे देश से मंगवानी पड़ रही है। यदि अब भी युद्ध लंबा खिंचा, तो हमारा चालू खाता घाटा 2.2 फीसदी तक हो सकता है। बहरहाल स्थितियां अच्छी नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी संसद में अपने वक्तव्य में कहा है कि युद्ध के बाद भी, युद्ध के असर, लंबे वक्त तक हो सकते हैं, इसकी प्रबल आशंका है।

## विश्व रंगमंच दिवस का दिन रंगमंच के लिए समर्पित

विश्व रंगमंच दिवस (विश्व थिएटर दिवस) हर वर्ष 27 मार्च को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य आम लोगों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देना तथा इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। विश्व रंगमंच दिवस 27 मार्च को पहली बार फ्रांस की राजधानी पेरिस में मनाया गया था। फ्रांस में थियेटर आफ नेशंस की शुरुआत भी इसी दिन हुई थी। वैसे इंटरनेशनल थिएटर की स्थापना 1948 में प्राग चेक गणराज्य में की गई थी, इसका मुख्यालय पेरिस में है। पर औपचारिक रूप से यह दिवस 27 मार्च 1962 से ही मनाया जाता है। तब से अब तक विश्व के 100 से अधिक राष्ट्रों में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थानों में व्यापक स्तर तथा विविध रूप में मनाया जाता है।


ओमप्रकाश 'सुमन'

विश्व रंगमंच दिवस का दिन रंगमंच के लिए समर्पित है। 27 मार्च को इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट एक कान्फ्रेंस करता है। इस कॉन्फ्रेंस में एक थिएटर कलाकार का चयन होता है जो लोगों को एक संदेश देता है। इस संदेश को लगभग 50 भाषाओं में अनुवाद करके दुनिया के अखबारों में प्रकाशित कराया जाता है। 1962 में पहला अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच का संदेश फ्रांस की जीन कोक्टयू ने दिया था। इस संदेश परंपरा में भारत के प्रसिद्ध रंगकर्मी गिरीश कर्नाड ने भी 2002 में संदेश दिया था। 2017 में फ्रांस की रंगमंच और सिनेमा अभिनेत्री ईशा वेले हुपर्ट ने संदेश फ्रांस में दिया था। यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट के केंद्रों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा मनाया जाता है। अब दिवस मनाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हैं तो इस दिवस का उद्देश्य कलाकारों को सम्मान उनकी कला को प्रोत्साहन देना है। यह दिन उन लोगों के लिए एक उत्सव है जो कला रूप थिएटर के मूल्य और महत्व को देख सकते हैं। यह दिवस राजनेताओं और संस्थानों को जागरूक करने का भी कार्य करता है। रंगमंच के सभी रूपों से अवगत कराना, थिएटर समुदायों के काम को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना ताकि सरकारें और वैचारिक नेता रंगमंच के सभी रूपों से अवगत हो और उनका सहयोग करें। स्वयं के लिए सभी रंगमंच का आनंद लेने हेतु रंगमंच थिएटर उपेक्षित बातों को सफल सशक्त बनाने में सक्षम हैं तथा कलाकारों को उनकी भावनाओं तथा संदेशों को व्यापक रूप से दर्शकों तक पहुंचाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। रंगमंच के अर्थ के विषय में जब हम रंगमंच को बात करते हैं तो हमारे मस्तिष्क में नाटक , संगीत ,गाना, संवाद आदि आ जाते हैं। वास्तव में रंगमंच दो शब्दों से बना है रंग और मंच। रंग का अर्थ कला(जो विभिन्न रूप रंग और चित्रों से सुसज्जित हो) और मंच का अर्थ है फर्श या निश्चित स्थान जो दर्शकों के बैठने से ऊंचा हो। अपनी कला-साज सज्जा संगीत को दृश्य रूप में प्रस्तुत करना ही रंगमंच है। रंगमंच को भारत-नेपाल सहित पूरी एशिया में इसी नाम से जाना जाता है। पश्चिमी देशों में रंगमंच के अंग्रेजी रूपांतरण को को थिएटर का जाता है। जिस स्थान से कला को प्रस्तुत या प्रदर्शित कियाजाता है उसे प्रेक्षागृह, रंगशाला, नाट्यशाला, थिएटर आदि अनेक नामों से भी संबोधित किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि पहला नाटक एथेंस में एकोलिप्स में स्थित थिएटर आफ डायोनिसस में आयोजित हुआ था। यह प्ले 5वीं शताब्दी के शुरू में माना जाता है। इसके बाद थिएटर इतने प्रसिद्ध हुए कि ग्रीस में इनको संख्या काफी बढ़ गई। भारत में रंगमंच का इतिहास काफी प्राचीन है यह भी कहा जाता है कि नाट्य कला का विकास सबसे पहले भारत में ही हुआ था। ऋग्वेद में कतिपय सूक्तों में यम और यमी पुरुरवा और उर्वशी आदि के कुछ संवाद है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। युद्ध केवल मानव जीवन और अर्थव्यवस्था को ही नष्ट नहीं करते, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक, रसायन, धातु, ईंधन और आग से वातावरण में भारी मात्रा में जहरीली गैसें फैलती हैं। तेल भंडारों में आग, रासायनिक संयंत्रों का नष्ट होना और सैन्य गतिविधियां वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कई गुना बढ़ा देती हैं। इस प्रकार युद्ध और जलवायु परिवर्तन मिलकर पृथ्वी को दोहरे संकट की ओर धकेल रहे हैं।**

# जलवायु परिवर्तनः भविष्य नहीं, वर्तमान का महाविनाशकारी संकट

आज मानव सभ्यता जिस सबसे बड़े संकट के सामने खड़ी है, वह युद्ध, महामारी या आर्थिक मंदी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन है। दुनिया आज जलवायु संकट के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर नया आंकड़ा खतरे की घंटी बनकर सामने आ रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि 2015-2025 का दशक अब तक का सबसे गर्म दौर रहा है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि पृथ्वी के बदलते स्वभाव का गंभीर संकेत है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है और पृथ्वी का एनर्जी इम्बैलेंस लगातार बढ़ रहा है। महासागर, जो जलवायु संतुलन के सबसे बड़े नियंत्रक माने जाते हैं, अब 90 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गर्मी सोख रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि पृथ्वी का तापमान केवल हवा में ही नहीं, जल और भूमि के भीतर भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन अब धीरे-धीरे आने वाली समस्या नहीं रही, बल्कि यह वर्तमान का संकट बन चुका है। दुनिया के अनेक हिस्सों में असामान्य गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रति का संतुलन बिगड़ रहा है और मौसम का मिजाज अनिश्चित होता जा रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है तो कहीं महीनों तक बारिश नहीं हो रही। यह असंतुलन सीधे-सीधे मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इस बदलते मौसम ने सबसे ज्यादा मनुष्य के स्वास्थ्य पर हमला किया है।


ललित गर्ग

भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। इसका असर केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि बिजली, पानी, खेती, श्रम, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी ने केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि वन्यजीव, पेड़-पौधे और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के पीछे सबसे बड़ा कारण मानव का विकास मॉडल है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को लगातार गर्म कर रहा है। आज वैश्विक तापमान लगभग एक लाख 25 हजार वर्षों के उच्चतम स्तर के आसपास पहुंच चुका है। यह स्थिति बताती है कि समस्या प्रकृति में नहीं, बल्कि मानव की जीवनशैली और विकास की दिशा में है।



वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। युद्ध केवल मानव जीवन और अर्थव्यवस्था को ही नष्ट नहीं करते, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक, रसायन, धातु, ईंधन और आग से वातावरण में भारी मात्रा में जहरीली गैसें फैलती हैं। तेल भंडारों में आग, रासायनिक संयंत्रों का नष्ट होना और सैन्य गतिविधियां वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कई गुना बढ़ा देती हैं। इस प्रकार युद्ध और जलवायु परिवर्तन मिलकर पृथ्वी को दोहरे संकट की ओर धकेल रहे हैं। भारत सहित दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत जिले किसी न किसी जलवायु जोखिम के दायरे में आ चुके हैं। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। दूसरी ओर समुद्र का जलस्तर बढ़ने से मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि समुद्र स्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले दशकों में तटीय आबादी का बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है। यह केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट भी बन सकता है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं की गई, तो तापमान के नए-नए रिकॉर्ड टूटते रहेंगे और पृथ्वी रहने योग्य स्थान कम होती जाएगी। जल संकट, खाद्य संकट, स्वास्थ्य संकट और प्रवासन जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। दुनिया के अनेक वैज्ञानिक अब चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से बिगड़ सकता है। लेकिन इस संकट में ही अवसर भी छिपा हुआ है। यह समय विकास मॉडल को बदलने का है। ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा। शहरों को कंक्रीट के जंगल बनाने के बजाय हरित शहर बनाना होगा। जल प्रबंधन को जन आंदोलन बनाना होगा। वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और नदियों के संरक्षण पर गंभीरता से काम करना होगा। कृषि को जलवायु अनुकूल बनाना होगा, कम पानी वाली फसलों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। साथ ही जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान, जल संरक्षण योजना, वृक्षारोपण अभियान और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम लागू करने होंगे। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई केवल सरकारें नहीं जीत सकतीं, इसके लिए समाज, उद्योग, वैज्ञानिक और आम नागरिक सभी को मिलकर काम करना होगा।

दुनिया की महाशक्तियों के लिए यह समय सबसे बड़ी परीक्षा का समय है। यदि वे केवल आर्थिक विकास और सैन्य शक्ति की दौड़ में ही उलझी रहीं और पृथ्वी के भविष्य की चिंता नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्हें यह समझना होगा कि पृथ्वी बचेगी तो अर्थव्यवस्था भी बचेगी, मानव सभ्यता भी बचेगी और विकास भी बचेगा। यदि पृथ्वी ही तपती और असंतुलित हो गई, तो सारी प्रगति बेकार हो जाएगी। आज आवश्यकता है कि दुनिया की महाशक्तियां कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए कठोर और बाध्यकारी नीतियां बनाएं, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करें, वनों की कटाई रोकें और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दें। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी का तापमान इतना बढ़ जाएगा कि अनेक क्षेत्र रहने योग्य नहीं रहेंगे। निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चुनौती नहीं, वर्तमान का संकट है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को एक असंतुलित और तपती हुई पृथ्वी विरासत में मिलेगी। यह तपती हुई पृथ्वी मानव जीवन के लिए विनाश का कारण भी बन सकती है। लेकिन यदि दुनिया समय रहते चेत गई, तो यही संकट एक नए, संतुलित और टिकाऊ विकास मॉडल की शुरुआत भी बन सकता है। पृथ्वी को बचाना अब विकल्प नहीं, मानव अस्तित्व की अनिवार्यता बन चुका है।

# श्रीरामनवमीः आत्मशुद्धि और आदर्श जीवन की ओर एक कदम

**रामनवमी के दिन भारतीय घरों और मंदिरों में एक अद्भुत वातावरण होता है। ब्रह्ममुहूर्त में स्नान और ध्यान के बाद भक्तगण व्रत का संकल्प लेते हैं। इस दिन रामायण और रामचरितमानस का अखंड पाठ विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। तुलसीदास जी की पंक्तियाँ जब घरों में गूँजती हैं, तो वातावरण में एक विशेष प्रकार की सात्विकता का समावेश हो जाता है। भगवान राम का जन्म दोपहर के ठीक बारह बजे माना जाता है, जिसे मध्याह्न काल कहा जाता है।**

भारतीय संस्कृति की विशालता और उसकी गहराई का अनुमान उन पर्वों से लगाया जा सकता है जो न केवल कैलेंडर की तिथियों को परिभाषित करते हैं, बल्कि जनमानस के हृदय में नैतिकता और धर्म के बीज बोते हैं। इन्हीं पर्वों में रामनवमी का स्थान अत्यंत गरिमामयी और पवित्र है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह उस मर्यादा और आदर्श का उत्सव है जिसने युगों-युगों से मानवता को दिशा दी है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, इसी पावन तिथि पर अयोध्या के राजा दशरथ और माता कौशल्या के आंगन में भगवान विष्णु ने अपने सातवें अवतार, श्री राम के रूप में जन्म लिया था। उनके जन्म का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी पर बढ़ते हुए अधर्म का विनाश करना और एक ऐसी व्यवस्था की स्थापना करना था जहाँ सत्य, न्याय और करुणा सर्वोपरि हों। रामनवमी का पर्व वसंत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म के आगमन की संधि पर आता है, जो प्रकृति में भी एक नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करता है।


महेन्द्र तिवारी

भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है वह पुरुष जो मर्यादाओं में श्रेष्ठ हो। उनका संपूर्ण जीवन एक खुली पुस्तक की भांति है, जो हमें सिखाता है कि शक्ति का सदुपयोग और पद की गरिमा कैसे बनी रहनी चाहिए। रामनवमी पर जब हम उनके जन्म की कथा पढ़ते हैं, तो हमें बोध होता है कि वे केवल एक राजा नहीं, बल्कि एक पुत्र के रूप में आज्ञाकारिता, एक भाई के रूप में निस्वार्थ प्रेम, एक पति के रूप में अटूट निष्ठा और एक राजा के रूप में प्रजा के प्रति समर्पण के शिखर थे। उनके जीवन का हर प्रसंग, चाहे वह पिता के वचनों को निभाने के लिए राजमहल का त्याग कर चौदह वर्षों का वनवास स्वीकार करना हो, या शबरी के झूठे बेर खाकर सामाजिक समरसता का संदेश देना हो, हमें आत्मिक शुद्धता की ओर ले जाता है। रामनवमी का दिन हमें इसी आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करता है कि क्या हम अपने जीवन में उन आदर्शों के एक अंश को भी उतार पा रहे हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, त्रेतायुग में जब रावण के अत्याचारों से ऋषि-मुनि और देवगण त्राहि-त्राहि कर रहे थे, तब धर्म की रक्षा हेतु भगवान ने नर रूप धारण किया। रामनवमी का पर्व इसी दैवीय संकल्प की पूर्ति का दिन है। यह पर्व चैत्र नवरात्रि के समापन का भी प्रतीक है। नौ दिनों तक शक्ति की उपासना के बाद नवमी के दिन राम का प्राकट्य इस बात का संकेत है कि शक्ति जब मर्यादा और धर्म के साथ मिलती है, तभी कल्याणकारी रामराज्य की स्थापना होती है। रामराज्य की परिकल्पना आज भी विश्व के लिए एक आदर्श शासन व्यवस्था का उदाहरण है, जहाँ कोई दुखी नहीं था, कोई दरिद्र नहीं था और समाज का हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग था। रामनवमी हमें यह स्मरण कराती है कि शासन और समाज का आधार केवल दंड या भय नहीं, बल्कि प्रेम और न्याय होना चाहिए।



रामनवमी के दिन भारतीय घरों और मंदिरों में एक अद्भुत वातावरण होता है। ब्रह्ममुहूर्त में स्नान और ध्यान के बाद भक्तगण व्रत का संकल्प लेते हैं। इस दिन रामायण और रामचरितमानस का अखंड पाठ विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। तुलसीदास जी की पंक्तियाँ जब घरों में गूँजती हैं, तो वातावरण में एक विशेष प्रकार की सात्विकता का समावेश हो जाता है। भगवान राम का जन्म दोपहर के ठीक बारह बजे माना जाता है, जिसे मध्याह्न काल कहा जाता है। इस समय मंदिरों में शंख और घंटों की ध्वनि के बीच भये प्रगट कृपाला, दीनदयाला की स्तुति की जाती है। शिशु राम को पालने में झुलाया जाता है और भक्तजन भाव-विभोर होकर उनके स्वागत में भजन गाते हैं। यह दृश्य भक्ति और श्रद्धा की पराकाष्ठा होता है, जहाँ भक्त अपने आराध्य के साथ एक अनूठा संबंध महसूस करता है।

भारत की सांस्कृतिक विविधता रामनवमी के आयोजन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उत्तर भारत में अयोध्या इस उत्सव का मुख्य केंद्र होती है, जहाँ सरयू नदी के तट पर लाखों श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं। अयोध्या की गलियों में निकलने वाली शोभायात्राएं और झांकियां रामायण के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत कर देती हैं। वहीं दक्षिण भारत में, विशेष रूप से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में, इस दिन को भगवान राम और माता सीता के विवाह के उत्सव (सीताराम कल्याणम) के रूप में भी मनाया जाता है। वहाँ के मंदिरों में भव्य विवाह अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं, जो दांपत्य जीवन की पवित्रता का संदेश देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी के मेलों का अपना अलग ही आकर्षण होता है, जहाँ लोक कलाकार रामलीला के माध्यम से भगवान की लीलाओं का मंचन करते हैं। यह विविधता दर्शाती है कि राम उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक पूरे भारत की आत्मा में बसे हुए हैं।

आधुनिक युग में जहाँ नैतिकता और मानवीय मूल्यों का ह्रास एक बड़ी चुनौती बन गया है, वहाँ रामनवमी की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। आज का मनुष्य भौतिक सुखों की अंधी दौड़ में अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों को भूलता जा रहा है। ऐसे समय में राम का चरित्र हमें यह याद दिलाता है कि सुख केवल सुविधाओं में नहीं, बल्कि त्याग और सेवा में है। राम ने अपने अधिकारों के लिए कभी युद्ध नहीं किया, बल्कि उन्होंने अपने कर्तव्यों की पूर्ति के लिए हर संघर्ष को सहर्ष स्वीकार किया। रामनवमी केवल मूर्ति पूजा का दिन नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर के रावण यानी ईर्ष्या, क्रोध, लोभ और अहंकार को समाप्त करने का संकल्प लेने का दिन है। यदि हम अपने हृदय में राम के आदर्शों को स्थापित कर सकें, तो वही इस पर्व की सच्ची सार्थकता होगी।

रामनवमी का एक और महत्वपूर्ण पक्ष सामाजिक समरसता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल के दौरान केवट, निषादराज और वानर-भालुओं को गले लगाया। उन्होंने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान दिया और उसे अपना मित्र माना। यह संदेश आज के विभाजित समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। रामनवमी हमें सिखाती है कि धर्म जाति या ऊंच-नीच के भेदभाव को नहीं मानता। जब भक्त मंदिरों में एक साथ कतारबद्ध होकर खड़े होते हैं, तब वहाँ कोई अमीर-गरीब नहीं होता, केवल राम का भक्त होता है। यह पर्व आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम है। पर्यावरण और प्रकृति के प्रति राम का प्रेम भी वंदनीय है।

# हेल्थ इंश्योरेंस रखता है आपकी फिटनेस का ख्याल

**हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां ऐसे भी कई प्लान पेश करती हैं, जिसमें आप रेगुलर चेकअप के लिए डॉक्टर से मिल सकते हैं और बीमारियों से पहले से ही सुरक्षित रह सकते हैं. फैमिली फ्लोटर प्लान एक ऐसा प्लान है जिसमें परिवार का हरेक सदस्य चाहे जिस भी उम्र या लिंग का हो, वे इस कॉम्प्रिहेंसिव फैमिली प्लान के साथ प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पैकेज का पूरा फायदा उठा सकते हैं. हालांकि यह प्लान दूसरे प्लान से थोड़ा-सा महंगा है, लेकिन इसके खास फायदे भी हैं।**

जिस तरह से मेडिकल के खर्चों में दिनोंदिन इज़ाफा हो रहा है, उसे देखते हुए अधिकतर लोग अब अपनी सेहत पर और ज़्यादा ध्यान दे रहे हैं, ताकि वे बीमारियों से दूर रह सकें. सेहतमंद और खुशहाल रहने के लिए लोग अब अलग-अलग तरीके ढूंढ रहे हैं और फिटनेस के प्रति काफी जागरूक हो गए हैं. हालांकि मौजूदा जीवनशैली में हम में से अधिकतर लोग एक ही जगह पर बैठकर दिन भर काम करते हैं और यह हमारे लिए एक सामान्य-सी बात हो गई है. इससे हमारा शरीर सुस्त हो रहा है. ऐसे में ज़रूरी है कि हमारी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर प्लान और स्वास्थ्य से जुड़े अन्य फायदे भी शामिल किए जाएं.


अमरनाथ सक्सेना

नवम्बर 2025 में टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मोटापा और असाध्य रोगों में काफी बढ़त हुई है. नतीजा यह है कि ये बीमारियां भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल लगभग ?2.4 लाख करोड़ का नुकसान पहुंचा रही हैं. इसलिए बेहद ज़रूरी है कि हम एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और हेल्थ इंश्योरेंस प्लान में अपने फिटनेस लक्ष्यों को शामिल करें।

**फिटनेस और हेल्थ इंश्योरेंस के मायने :** कुछ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां स्वास्थ्य कार्यक्रम यानी कि वेलनेस प्रोग्राम पेश करती हैं, जिसमें फिटनेस ऐक्टिविटीज़ जैसे कि कसरत करना, योग करना, वज़न घटाना और प्रिवेंटिव केयर सर्विसेज़ इत्यादि शामिल होते हैं. और तो और कुछ इंश्योरेंस कंपनियां अपने पॉलिसीधारक की प्रीमियम पर खास तरह का फिटनेस डिस्काउंट भी देती हैं, खासकर मैराथॉन पूरा करने पर या फिर ज़रूरी कदम चलने के लिए। जैसा कि हम जानते हैं कि इलाज से बेहतर परहेज़ होता है. इसी की तर्ज़ पर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां चाहती हैं कि बीमारी और उसके इलाज पर पैसे खर्च करने के बजाय हम पहले से ही अपनी सेहत का ख्याल रखें और स्वस्थ रहने के लिए ज़रूरी कदम उठाएं. इनका मकसद यह है कि हम जल्द से जल्द संभावित बीमारियों का पता लगाएं, इनसे होने वाले खतरों से बचें और सेहतमंद रहने के साथ-साथ खुश और आबाद रहें।

प्रिवेंटिव हेल्थ केयर प्लान एक ऐसा इंश्योरेंस हैं जिसमें नियमित रूप से आपके स्वास्थ्य की जांच की जाती है. इसमें नियमित रूप से टेस्ट करने के साथ-साथ टीकों तक का खर्च शामिल किया जाता है, ताकि इस तरह के जांच के लिए पॉलिसीधारक को अपनी जेब से पैसे न भरने पड़ें. इससे न केवल आपकी चिंता कम हो जाती है, बल्कि समय और पैसे दोनों की बचत भी होती है। हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां ऐसे भी कई प्लान पेश करती हैं, जिसमें आप रेगुलर चेकअप के लिए डॉक्टर से मिल सकते हैं और बीमारियों से पहले से ही सुरक्षित रह सकते हैं. फैमिली फ्लोटर प्लान एक ऐसा प्लान है जिसमें परिवार का हरेक सदस्य चाहे जिस भी उम्र या लिंग का हो, वे इस कॉम्प्रिहेंसिव फैमिली प्लान के साथ प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पैकेज का पूरा फायदा उठा सकते हैं. हालांकि यह प्लान दूसरे प्लान से थोड़ा-सा महंगा है, लेकिन इसके खास फायदे भी हैं. कुछ इंश्योरेंस कंपनियां 0 से 13 आयुवर्ग के बच्चों के लिए खासतौर पर प्रिवेंटिव प्लान पेश करती हैं. इस प्लान के तहत माता-पिता अपने बच्चों का रेगुलर चेकअप करवा सकते हैं. इतना ही नहीं, कुछ प्रिवेंटिव प्लान में पॉलिसीधारक को नियमित रूप से डायबिटीज़ के लेवल टेस्ट करने, चेकअप करने और ज़रूरी दवाइयों के ज़रिए सेहत की देखभाल करने की भी सुविधा मिलती है।




प्रिवेंटिव हेल्थकेयर इंडस्ट्री जिसमें कि एक्सरसाइज़, वेलनेस, डायट्री सप्लीमेंट्स, बीमारी का यथाशीघ्र पता लगाने वाले केंद्र और हेल्थ मॉनिटरिंग सेंटर इत्यादि शामिल हैं, इनमें वर्ष 2025 के दौरान 22 फीसदी की संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर के साथ 197 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बढ़त देखी गई. इसलिए आपको बिना कोई समय गंवाए फटाफट प्रिवेंटिव हेल्थकेयर प्लान में ज़रूर निवेश करना चाहिए. अगर वेलनेस प्रोग्राम पर गौर करें, तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां आपको रिवॉर्ड पॉइंट्स देती हैं. ये पॉइंट्स आपको तब दिए जाते हैं, जब आप किसी फिज़िकल ऐक्टिविटीज़ में भाग लेते हैं और वर्कआउट करते हैं, जैसे कि दौड़ना, जॉगिंग करना इत्यादि. इनका मकसद होता है कि आप फिट और सेहतमंद रहें. इसके लिए पॉलिसीधारक को अपने फिटनेस ट्रैकिंग डिवाइस को इंश्योरेंस कंपनी की ऐप के साथ सिंक करना होता है और इसके बाद विभिन्न तरह की चुनौतियां पूरी करनी होती हैं. अपनी चुनौतियां पूरी करने के बाद पॉलिसीधारक डिस्काउंट और इंसेंटिव जैसे फायदे पाने के लिए ये रिवॉर्ड पॉइंट्स रीडीम कर सकते हैं. कई वेलनेस प्रोग्राम इंसेंटिव पेश करते हैं, ताकि पॉलिसीधारक हेल्दी ऐक्टिविटीज़ में भाग ले सकें. इसके लिए वे जिम की मेंबरशिप में डिस्काउंट देते हैं, मुफ्त में स्वास्थ्य की जांच करते हैं, साथ ही और भी कई चीज़ें पेश करते हैं. इतना ही नहीं, पॉलिसीधारक अपनी पॉलिसी रिन्यू करते समय खास छूट भी पा सकते हैं.

हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़े वेलनेस प्रोग्राम में आमतौर पर कई तरह की सहूलियत पेश की जाती हैं, जिनमें हेल्थ कोचिंग, काउंसलिंग, फिटनेस ऐक्टिविटीज़ और न्यूट्रिएंट से संबंधित मार्गदर्शन भी शामिल होते हैं. इस तरह के वेलनेस प्रोग्राम में शामिल होकर आप न केवल सेहतमंद आदतें अपनाते हैं, बल्कि खुशहाल जीवन भी पाते हैं. इससे आप चुस्त और तंदुरुस्त रहने के साथ-साथ बेहतर सेहत पाने की दिशा में आगे बढ़ते हैं.

आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां जीवनशैली से जुड़ी आदतों की वजह से बीमारियां बढ़ रही हैं और मेडिकल खर्चों में रोज़ाना इज़ाफा हो रहा है. ऐसे में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर के साथ आने वाला वेलनेस प्रोग्राम आपकी ज़िंदगी में एक अहम भूमिका निभाता है. जब आप हेल्थ इंश्योरेंस में अपने फिट रहने के मकसद को शामिल करते हैं, तो आप खुद ही अपने स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहित होते हैं. यही वजह है कि आप बीमारियों से तो दूर रहते ही हैं, साथ-साथ आप पर कोई आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ता है।

भारत में मोटापे और लाइलाज बीमारियों में जिस तरह से वृद्धि हो रही है, नतीजा यह है कि लोगों पर आर्थिक और सामाजिक दबाव बढ़ रहा है. ऐसे में प्रिवेंटिव हेल्थकेयर में निवेश करना न केवल आपकी व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी है, बल्कि आज की दुनिया में यह एक महत्त्वपूर्ण ज़रूरत भी है. इसलिए आप एक ऐसा हेल्थ इंश्योरेंस चुनिए जो कि वेलनेस पर ज़ोर देता हो. यह न केवल आपको बीमारियों से बचाएगा, बल्कि आपको सेहतमंद और खुशहाल रखते हुए एक सशक्त भविष्य का निर्माण भी करेगा।

# इस उपाय से 50 फीसदी तक कम कर सकते हैं लिवर की बीमारियों का खतरा



लिवर की बीमारियों का खतरा हाल के वर्षों में काफी तेजी से बढ़ा है। ये सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करने वाली बीमारी है। कम उम्र के लोगों में बढ़ती फैटी लिवर की समस्या हो या फिर शराब और अन्य गड़बड़ आदतों के कारण लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर के मामले, इन सभी के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव भी बढ़ता जा रहा है। लिवर की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे बचाव को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी ने लिवर की सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। यही वजह है कि कम उम्र में ही लोगों को लिवर की बीमारी हो रही है। क्या कोई ऐसा तरीका है जिससे आप अपने जोखिमों कम को कर सकते हैं?

## लिवर की बीमारियों से कैसे बचें

लिवर की बीमारी, इसके खतरे और बचाव के बारे में अमर उजाला से बातचीत में लखनऊ स्थित एक अस्पताल में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ सुरभि अस्थाना बताती हैं, अगर कम उम्र से ही आहार संबंधी आदतों में सुधार कर लिया जाए तो लिवर की बीमारियों के जोखिम को 50 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। शहरी और ग्रामीण इलाकों, हर जगह पर लिवर रोगों के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है, इससे बचाव के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार लेना सबसे अच्छा तरीका है। डॉक्टर ने कहा कि लिवर की बीमारी अब सिर्फ शराब के कारण होने वाली समस्या तक सीमित नहीं हैं। नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) जैसे मामले उन लोगों में हो रहे हैं जो शराब नहीं पीते हैं। अस्वास्थ्यकर खान-पान, मोटापे और व्यायाम की कमी इसकी मुख्य वजह है।

## अध्ययन में क्या पता चला

लिवर की बीमारी और इसके खतरे को लेकर किए गए एक हालिया अध्ययन की रिपोर्ट में भी शोधकर्ताओं ने बताया कि लिवर को स्वस्थ रखने में आहार की महत्वपूर्ण भूमिका है। फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने लिवर को स्वस्थ रखने के तरीकों के बारे में बताया। यूके बायोबैंक में 1.21 लाख से अधिक प्रतिभागियों के डेटा का विश्लेषण करते हुए, शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन्होंने एंटी-इंफ्लेमेटरी आहार का सेवन किया उनमें क्रोनिक लीवर रोग होने का खतरा 16 प्रतिशत कम था। आहार में हरी सब्जियों-फलों और नट्स की मात्रा को बढ़ाकर आप लिवर को स्वस्थ रख सकते हैं।

## जीवनशैली में भी करें सुधार

डॉ सुरभि कहती हैं, केवल आहार में बदलाव और पोषण में सुधार करके लिवर रोगों के जोखिम को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। आहार में हेल्दी चीजों को शामिल करना, शराब और प्रोसेस्ड आहार से दूरी बनाना और दिनचर्या में नियमित रूप से व्यायाम की आदत को शामिल करने से लिवर को होने वाली क्षति को रिवर्स भी किया जा सकता है।

## ये मिट्टी है कई अभिनेत्रियों की खूबसूरती का राज, आप भी इस्तेमाल करके देख लें

ग्लोइंग त्वचा के लिए लोग महंगे-महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं, लेकिन कई बार ये प्रोडक्ट त्वचा को फायदा पहुंचाने की बजाए नुकसान पहुंचाते हैं। इसी के चलते एक बार फिर से लोगों का झुकाव अब घरेलू नुस्खों की तरफ होने लगा है। इसी के चलते अभिनेत्रियां भी घरेलू नुस्खे से अपना चेहरा चमकाती हैं।

इसी के चलते हम आपको भी एक नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं। दरअसल, कई अभिनेत्रियों ने अपने इंटरव्यू में ये बताया भी है कि वो मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल अपने चेहरे को दमकाने के लिए करती हैं। इसी कारण हम आपको यहां मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल का तरीका भी बताएंगे और साथ ही में इसके इस्तेमाल के फायदे भी आपको गिनाएंगे, ताकि आप भी अपने चेहरे को कम पैसे में चमका सकें।

### मुल्तानी मिट्टी से बना सकते हैं क्लीनिंग पैक

चेहरे को साफ करने के लिए यदि आप क्लीनिंग फेस पैक बनाना चाहते हैं तो उसके लिए आपको सिर्फ तीन चीजों की जरूरत पड़ेगी। पैक को बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी लें। अब इसमें 1 चम्मच गुलाब जल डालें। आखिर में आधा चम्मच शहद डालते हुए इस पैक को मिक्स करें। बस ये पैक तैयार है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे क्लींजर से धो लें। इसके बाद पैक की एक लेयर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। आधे घंटे तक इस पैक को ऐसे ही लगा रहने दें। आधे घंटे के बाद अपने चेहरे को धो लें और फिर अच्छे मॉइश्चराइजर को चेहरे पर लगाएं। हफ्ते में दो बार इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# कंघे और कंघी में क्या फर्क है जानें आपको किसका इस्तेमाल करना चाहिए





बालों का अच्छा दिखाने में सबसे अहम रोल होता है कंघे का। कई जगह इसे कंघी भी कहते हैं। ऐसे में लोगों को ये काफी संशय रहता है कि आखिर कंघे और कंघी में फर्क क्या है ? हर किसी के मन में कभी न कभी ये सवाल आया होगा कि कंघे और कंघी में फर्क कैसे पता करें और ये कैसे जानें कि इनमें से किसका इस्तेमाल कैसे बालों के लिए अच्छा रहेगा। अगर आप भी इन सवालों का जबाव चाहते हैं तो इस लेख को अंत तक पढ़ें। यहां हम बताएंगे कि कंघे और कंघी में फर्क क्या है ? इसके अलावा ये भी बताएंगे कि कैसे बालों के लिए कैसे कंघे का इस्तेमाल करना चाहिए।

## क्या होता है कंघा

बात करें कंघे की तो आमतौर पर कंघे के दांत मोटे होते हैं। इसका काम बालों को अच्छी तरह से सुलझाना होता है। खासतौर पर जिन लोगों के बाल लंबे होते हैं तो हमेशा कंघे का इस्तेमाल करके ही बालों को सुलझाना चाहिए। ये आमतौर पर प्लास्टिक, धातु या लकड़ी से बना होता है। आजकल लकड़ी का कंघा इस्तेमाल करने का काफी ट्रेंड है।

## क्या होती है कंघी

अब अगर बात करें कंघी की तो कंघी आमतौर पर पतले दांतों वाली होती है। इसमें काफी महीन दांत होते हैं, जिसका इस्तेमाल ज्यादातर पुरुष ही करते हैं, क्योंकि उनके बाल छोटे होते हैं। कंघी का इस्तेमाल बालों को स्टाइल करने में भी क्या जाता है। अब आपको बताते हैं कि किस प्रकार के बालों के लिए कैसा कंघा और कंघी इस्तेमाल करना चाहिए।

## घुंघराले बाल

यदि आपके बाल घुंघराले हैं तो कंघे का चयन करते समय आपको ध्यान रखने की जरूरत है। घुंघराले बाल वाले लोगों के लिए हमेशा चौड़े दांतों वाला कंघा ही काम आता है। ये बालों को उलझन से बचाने और टूटने से रोकने के भी काम आता है।

## सिल्की बाल

यदि आपके बाल काफी सिल्की हैं तो आपके लिए फाइन-टूथ वाली कंघा या कंघी सही रहेगी। इसके इस्तेमाल से बालों को स्मूद और सीधा रखा जा सकता है। ऐसे कंघे का इस्तेमाल पतले बालों में भी किया जा सकता है।



# दाढ़ी धोते समय कहीं आप भी तो नहीं करते ये गलतियां हर लड़के को होनी चाहिए इसकी जानकारी



दाढ़ी धोते समय भी गलती हो सकती है ? ये भले ही सुनने में अजीब लगे लेकिन ज्यादातर पुरुष दाढ़ी धोते समय गलतियां कर देते हैं। यहां हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं। दरअसल, दाढ़ी रखने का शौक तो हर किसी को होता है, लेकिन ज्यादातर लोग इसका ध्यान सही से नहीं कर पाते हैं। दाढ़ी का ध्यान सही से न रखा जाए तो इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसी के चलते हम आपको इस बारे में बताने जा रहे हैं। हम आपको यहां बताएंगे कि यदि आप दाढ़ी रखते हैं तो आपको किन बातों का ध्यान रखने की जरूरत है। खासतौर पर यहां आप इस बारे में जानेंगे कि दाढ़ी धोते समय आपको कौन-कौन सी गलतियां नहीं करनी चाहिए।

## दाढ़ी धोते समय सिर्फ पानी इस्तेमाल करना

यदि आपको लगता है कि सिर्फ पानी से दाढ़ी धोने से ये साफ हो जाएगी, तो आप गलत हैं। दाढ़ी साफ करने के लिए आपको अच्छी क्वालिटी के बीयर्ड वॉश की जरूरत पड़ेगी। तो यदि आप दाढ़ी रखते हैं तो अपने लिए एक अच्छी क्वालिटी का बीयर्ड वॉश खरीदकर रख लें।

## गर्म पानी का इस्तेमाल करना

लोगों के बीच ये संशय रहता है कि नहाते और दाढ़ी धोते समय यदि गर्म पानी का इस्तेमाल किया जाए तो बैक्टिरिया पूरी तरह से खत्म हो जाते हैं। जबकि ऐसा नहीं है। यदि आप गर्म पानी से दाढ़ी धोएंगे तो इससे दाढ़ी की त्वचा रूखी हो जाएगी। जिससे चेहरे पर खुजली की समस्या सामने आ सकती है।

## हार्श तरह से रगड़ना

यदि आप दाढ़ी धोते समय चेहरे को ज्यादा हार्श तरह से रगड़ेंगे तो इससे त्वचा छिल सकती है। इसके अलावा दाढ़ी को ज्यादा जोर से रगड़ने की वजह से दाढ़ी के बाल भी झड़ने लगते हैं। इसलिए ऐसा करने से बचें।

## कस के तौलिया रगड़ना

दाढ़ी धोने के बाद यदि आप उसे तौलिये से हार्श तरह से रगड़ेंगे तो इससे आपकी त्वचा रूखी हो जाएगी। इसे या तो प्राकृतिक रूप से सूखने दें, अन्यथा सॉफ्ट टॉवल से हल्के से टैप करें। ताकि ये आसानी से सूख जाए।

## मॉइश्चराइजर इस्तेमाल न करना

दाढ़ी धोने के बाद मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल अवश्य करें, क्योंकि बीयर्ड वॉश से दाढ़ी धोने के बाद आपकी त्वचा रूखी हो जाएगी। अच्छा मॉइश्चराइजर आपकी त्वचा को नरम रखने का काम करेगा।

# इन लोगों को चेहरे पर नहीं लगाना चाहिए चावल का पानी, इस्तेमाल से चेहरा पड़ जाएगा काला

आज के समय में लोग अपने स्किन केयर पर काफी ध्यान देने लगे हैं। यही वजह है कि बाजार में तमाम तरह की स्किन केयर प्रोडक्ट मिलते हैं। ये प्रोडक्ट अलग-अलग स्किन टाइप से होते हैं, जिसे अपनी जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल किया जा सकता है। बहुत से लोग बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट की बजाए घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा करते हैं। इन्हीं नुस्खों में आज-कल चावल का पानी ट्रेंड में है। चावल का पानी चेहरे को चमकाने में मदद करता है और टैनिंग दूर करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर किसी को ये इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसके इस्तेमाल से आपको काफी परेशानी हो सकती है। यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि चावल के पानी का इस्तेमाल किन लोगों को नहीं करना चाहिए।



## यदि संवेदनशील त्वचा है

यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो आपको चावल का पानी का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा पर खुजली की समस्या उत्पन्न हो सकती है। कई बार तो ये चेहरे पर जलन का कारण भी बन सकते हैं।

## यदि त्वचा पर एक्ने हैं

यदि आपकी त्वचा पर काफी ज्यादा एक्ने और मुंहासे हैं तो भी आपको चावल का पानी इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि चावल का पानी चेहरे के रोमछिद्रों को बंद कर सकता है, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है। कई बार तो इसके इस्तेमाल के बाद आपकी परेशानी कई गुणा बढ़ सकती है।

## यदि ड्राई स्किन है

गर्मी का मौसम है, ऐसे में ड्राई स्किन वालों को अपना ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है। ऐसे लोगों को भी चावल का पानी इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। दरअसल, चावल का पानी स्किन से नेचुरल ऑयल कम कर सकता है, जिसके कारण आपकी त्वचा और भी ज्यादा ड्राई हो सकती है।

## यदि एलर्जी रहती है

यदि आपकी त्वचा पर एलर्जी हो जाती है, तब आपको भी चावल का पानी इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। क्योंकि इससे एलर्जी की संभावना और भी ज्यादा बढ़ सकती है। यदि इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, उसके बाद ही इसका इस्तेमाल करें।

## इन बातों का ध्यान रखकर करें इस्तेमाल

यदि चावल का पानी इस्तेमाल करना चाहते ही हैं, तो पहले पैच टेस्ट कर लें। इसके लिए थोड़ा-सा चावल पानी हाथ या कान के पीछे लगाकर 24 घंटे देखें कि कोई रिएक्शन होता है या नहीं। यदि कुछ रिएक्शन नहीं होता है, तो मतलब आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

# गर्मी से राहत पाने के लिए करें लोनावला की शानदार ट्रिप, इन चीजों का जरूर उठाएं लुत्फ



गर्मी के मौसम में लोग अधिकतर बाहर घूमने से बचते हैं। लेकिन घूमने का शौक रखने वाले लोग हर महीने ही ट्रिप पर जाना चाहते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आप ऐसी जगहों पर जा सकते हैं, जहां का मौसम सुहाना हो और आपको गर्मी से राहत भी मिले। अगर आप महाराष्ट्र, पुणे या मुंबई के किसी शहर में रहते हैं। तो अपनी फैमिली या दोस्तों के साथ लोनावला घूमने का प्लान बना सकते हैं। बता दें कि छुट्टी बिताने के लिए बेहतरीन लोनावला बेहतरीन हॉलीडे स्पॉट है। यहां पर आप शॉर्ट ट्रिप पर भी जा सकते हैं। लोनावला में हर साल कई पर्यटक यहां के सुहावने मौसम का लुत्फ उठाने के लिए आते हैं। हरियाली के बीच बसे लोनावला की सैर के अलावा आप यहां पर इन बेहतरीन चीजों का लुत्फ उठाना न भूलें।

## वैक्स म्यूजियम

लोनावला घूमने के दौरान वैक्स म्यूजियम जरूर घूमें, इस म्यूजियम में राजीव गांधी, माइकल जैक्सन, ए आर रहमान और कपिल देव आदि के अलावा कई मशहूर हस्तियों के वैक्स स्टैच्यू बने हैं। इस जगह को आप अपनी फैमिली या दोस्तों के साथ एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## कार्ला गुफाएं

पुणे-मुंबई राजमार्ग पर लोनावला में कार्ला गुफाएं भी मौजूद हैं। कार्ला गुफाओं की गिनती सह्याद्री पहाड़ियों में खोजी गईं गुफाओं में होती है। यहां के अद्भुत नजारे और अनुभव आपको रोमांचित कर देंगे।

## अमृतांजन पॉइंट

लोनावला में स्थित अमृतांजन प्वाइंट पिकनिक मनाने के लिए शानदार जगह है। अमृतांजन पाइंट खंडाला घाट के पास स्थित है। यह जगह अपनी हरियाली और एरियल व्यू के लिए फेमस है। इस जगह पर आप किसी भी महीने सैर के लिए जा सकते हैं।

## कुने फॉल्स

गर्मी में वाटरफॉल का लुत्फ उठाना एक बेहतरीन ऑप्शन होता है। ऐसे में लोनावला बेहतरीन हॉलीडे स्पॉट है। युवाओं के बीच बुशी बांध के पास कुने फॉल्स काफी लोकप्रिय है। इस वॉटरफॉल्स के आसपास काफी हरियाली भी है। बता दें कि बारिश के मौसम में वॉटर फॉल का फ्लो बढ़ जाता है।

## भारत के स्कॉटलैंड की खूबसूरती देख भूल जाएंगे विदेशी नजारे

अक्सर हमारे दिल में यह चाहत होती है कि विदेश यात्रा की जाए। लेकिन पैसे, पासपोर्ट या वीजा के कारण कई बार हमारी यह इच्छा अधूरी रह जाती है। अगर आपका भी विदेश घूमने का सपना सिर्फ ख्वाब बनकर रह गया है। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपको बता दें कि भारत में कई ऐसी जगहें हैं जो विदेशी जगहों को टक्कर देती हैं। भारत में खूबसूरत पहाड़ों के अलावा आपको शानदार समुद्र के किनारे भी देखने को मिलेंगे। पेरिस, स्कॉटलैंड और स्विट्जरलैंड घूमने का सपना देखने वाले लोग अपने देश में विदेशी नजारों की तरह कुछ जगहें हैं। ऐसे में अगर आप भी स्कॉटलैंड जाने का ख्वाब देख रहे हैं। तो भारत के स्कॉटलैंड की सैर कर सकते हैं। भारत के स्कॉटलैंड को घूमने के लिए आपको अधिक खर्चा भी करने की जरूरत नहीं है। साथ ही यहां पर घूमने के लिए पासपोर्ट और वीजा की भी जरूरत नहीं हैं। आइए जानते हैं भारत के स्कॉटलैंड के बारे में, जो आपको विदेश यात्रा का अनुभव करवाएंगी। अगर आपका भी विदेश घूमने का सपना सिर्फ ख्वाब बनकर रह गया है। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपको बता दें कि भारत में कई ऐसी जगहें हैं जो विदेशी जगहों को टक्कर देती हैं। भारत में खूबसूरत पहाड़ों के अलावा आपको शानदार समुद्र के किनारे भी देखने को मिलेंगे।

## किसे कहते हैं भारत का स्कॉटलैंड

कर्नाटक राज्य में एक खूबसूरत हिल स्टेशन मौजूद है। जिसे भारत का स्कॉटलैंड कहा जाता है। बता दें कि समुद्र तल से 900 मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित इस खूबसूरत हिल स्टेशन के नजारे देख आपका दिल खुश हो जाएगा। इस खूबसूरत जगह का नाम कुर्ग हिल स्टेशन है। यहां पर घूमने के लिहाज से बहुत सुंदर जगह है। यहां पर मौजूद कई पर्यटन स्थल हैं, जो आपके सफर को और भी खूबसूरत बना देंगे।

## कुर्ग के पर्यटन स्थल

कुर्ग के आसपास घूमने के लिए कई बेहतरीन जगहें हैं। कुर्ग में आप ईरपु फॉल्स, नालबंद पैलेस, राजा की गुंबद, अब्बे फॉल्स और मदिकेरी किले घूम सकते हैं। इसके अलावा यहां पर आप ओंकारेश्वर मंदिर,नामद्रोलिंग मठ और मंडलपट्टी व्यू पॉइंट में भी घूमने का आनंद ले सकते हैं। कुर्ग के लिए आप एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन दोनों ही सुविधाएं मिलेंगी। अगर आप फ्लाइट से कुर्ग जाने का प्लान कर रहे हैं तो मैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट नजदीक है। इस एयरपोर्ट से कुर्ग 137 किमी दूर है। वहीं ट्रेन से जाने के लिए आपको सबसे नजदीकी रेलने स्टेशन मैसूर जंक्शन मिलेहा। यहां से कुर्ग की दूरी करीब 117 किमी है।

# मुख्यमंत्री की सरकार में विश्वस्तरीय आध्यात्मिक केंद्र बना ब्रज

**उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने किया प्राचीन कुंडों का कायाकल्प, श्री राधा-रानी जी मंदिर / लाडली जी मंदिर तक शुरू हुआ रोप-वे सेवा**

- 2019 के मुकाबले मथुरा में पर्यटकों की संख्या 1.6 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ के पार पहुंची
- धार्मिक पर्यटन से स्थानीय रोजगार को मिली नई उड़ान, रंगोत्सव से ब्रज को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान




अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 9 वर्षों के नव निर्माण ने ब्रज भूमि की तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। दशकों तक बुनियादी सुविधाओं की उपेक्षा झेलने वाली कान्हा की नगरी मथुरा-वृंदावन आज विकास भी, विरासत भी के संकल्प का सबसे जीवंत उदाहरण बन चुकी है। सरकार ने यहाँ केवल कंक्रीट का ढांचा नहीं खड़ा किया, बल्कि द्वापर युग की उस आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक भव्यता को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्जीवित किया है, जो आज पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

### ब्रज तीर्थ विकास परिषद से शुरू हुआ असली कायाकल्प

वर्ष 2017 में सत्ता संभालते ही सरकार ने ब्रज के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया, जो इस क्षेत्र के कायाकल्प का मुख्य आधार बनी। आज कुसुम सरोवर, राधा कुंड, मानसी गंगा और नारद कुंड जैसे प्राचीन उपेक्षित स्थल अपने असली वैभव में लौट आए हैं। वहां बने पक्के घाट, सफाई व्यवस्था और अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो पर्यटकों को एक दिव्य अनुभव प्रदान कर रहे हैं।

**सुगम दर्शन, स्मार्ट सिटी और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर-** तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास किया गया है। हाईवे और एक्सप्रेस-वे से मथुरा की कनेक्टिविटी शानदार हुई है। बरसाना में श्री लाडली जी (श्री राधा-रानी जी) मंदिर तक बुजुर्गों, दिव्यांगों, बच्चों आदि के लिए रोप-वे की शुरुआत एक बड़ी राहत है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि मथुरा- वृंदावन को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है, जिसमें अंडरग्राउंड डक्ट, वायरिंग और सीसीटीवी का मजबूत नेटवर्क शामिल है। श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं के विकास से भविष्य में दर्शन और भी सुरक्षित और सुगम होंगे।

### पर्यटन में रिकॉर्ड उछाल, 1.6 करोड़ से 10 करोड़ पहुंचे श्रद्धालु

माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार के नव निर्माण का सबसे बड़ा प्रमाण यहाँ उमड़ता जनसैलाब है। जहां 2019 में मथुरा आने वाले पर्यटकों की संख्या महज 1.6 करोड़ थी, वह 2025 में 10 करोड़ का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर गई है। सरकार ने ब्रज की होली को रंगोत्सव का रूप देकर कुंभ जैसी वैश्विक पहचान दी है। हाल ही में श्री बांके बिहारी जी मंदिर में महज 15 दिनों में (25 फरवरी से 10 मार्च तक) 45 लाख श्रद्धालुओं का दर्शन करना और 51 लाख से अधिक लोगों का लाइव स्ट्रीमिंग से जुड़ना साबित करता है कि ब्रज अब देश का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन केंद्र है।

### रोजगार को मिली रफ्तार और संस्कृति का संरक्षण

पर्यटन में आए इस उछाल ने मथुरा के होटल, हस्तशिल्प (कंठी माला, ठाकुर जी की पोशाक) और प्रसिद्ध पेड़ा उद्योग को नई गति दी है, जिससे लाखों स्थानीय रोजगार पैदा हुए हैं। वहीं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए वृंदावन में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी की स्थापना की गई है। लुप्त हो रही सांझी कला को सांझी महोत्सव के जरिए युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जा रहा है। साथ ही प्रदूषण मुक्त ब्रज के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन और यमुना घाटों की सफाई सुनिश्चित की जा रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना: पुलिस पाठशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के एक दिवसीय चतुर्थ कैंप के अवसर पर पुलिस पाठशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रवीण अग्रवाल ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता एसपी (सुरक्षा) राजकुमार अग्रवाल ने पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण टोल फ्री नंबरों 1930, 1090 एवं 112 की जानकारी के साथ साइबर क्राइम, ट्रैफिक रूल्स, मिशन शक्ति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने उद्देश्य हासिल करने के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनानी होगी। हम अपने जीवन में लालच और डर पैदा ना करें यह साइबर क्राइम को बढ़ावा देता है और फ्री में कुछ भी नहीं मिलता है। छात्राओं के लिए कहा कि जब आप सभी जानकारियों से अवगत होंगी तो आपका आत्मबल स्वतः बहुत ऊंचा होगा जो आपको जीवन की हर परिस्थिति मे सफलता दिलाएगा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक ने किया तथा कार्यक्रम की व्यवस्था राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ नवीन अग्रवाल ने संभाली। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रा लेफ्टिनेंट दामिनी कुशवाहा जिसने एनडीए परीक्षा ऑल इंडिया में चौथी रैंक लाकर लेफ्टिनेंट बनी है, को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आखिर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों यूनिटों के स्वयंसेवकों को विश्वविद्यालय से प्राप्त प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रोफेसर राजेश अग्रवाल, प्रोफेसर चिंतामणि देवी, डॉ राजेश सारस्वत, डॉ रामदत्त मिश्रा, डॉ अजय उपाध्याय, हीरालाल शर्मा, प्रवेश शर्मा, आशुतोष शर्मा उपस्थित रहे।




# महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने बनाया था शेरों का भारत

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा विश्व के महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक जी की जयंती पर कृष्णा नगर बिजली घर कैंप कार्यालय पर रमेश सैनी जी के नेतृत्व में पुष्पांजलि सभा एवं सम्राट अशोक का मानवीय मूल्यों के संरक्षण में योगदान नामक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संचालन चित्रसेन मौर्य ने किया।

पुष्पांजलि सभा में सर्वप्रथम मुख्य रूप से पधारे समाजवादी पार्टी मथुरा वृंदावन विधानसभा के प्रत्याशी आनल अग्रवाल जी एवं सपा नेता जागेश्वर यादव ने सर्वप्रथम सम्राट अशोक के पुष्प पर प्रतीकात्मक पुष्पांजलि अर्पित कर संयुक्त रूप से कहा की सम्राट अशोक ने मानवीय मूल्यों के संरक्षण के साथ एक अखंड भारत का निर्माण कल समृद्ध सशक्त भारत का निर्माण किया। उनके द्वारा किए गए जनहित कारी कल्याणकारी कार्यों एवं स्थापित स्मृतियों को भारत सरकार द्वारा प्रेरक स्मृतियों एवं प्रेरक पहचान के रूप में प्रयोग किया जाता है।

इस मौके पर रमेश सैनी, लुकेश कुमार राही ने कहा सम्राट अशोक ने भारत को शेरों का भारत बनाया था हजारों साल तक कोई आंख उठाकर नहीं देख पाया आज सम्राट अशोक द्वारा संरक्षित साहस पराक्रम हाथ विश्वास वीरता जैसे मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता है यही सच्ची पुष्पांजलि होगी। इस मौके पर पूर्व दरोगा सोहनलाल जी पूर्व कृषि अधिकारी सूरजपाल सिंह विजेंद्र सिंह बौद्ध समाजसेवी बृजलाल कामरेड अनिल अग्रवाल जागेश्वर यादव दिसंबर दयाल कर्दम अनिल कुमार चित्रसैन मौर्य सागर सिंह आकाश बाबू पप्पू सिंह हंसराज कुरैशी, विनोद बघेल नरेश सर सरदार महेंद्र सिंह राज गब्बर आदि मौजूद रहे।

# मथुरा जिला जेल में बंदी ने की आत्महत्या न्यायिक देरी से था भारी तनाव में

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला कारागार में बीती एक बंदी द्वारा आत्महत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान सुरेश (57 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गोवर्धन थाने के अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल में निरुद्ध था। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बंदी मानसिक रूप से काफी परेशान था।

जेल प्रशासन के अनुसार सुरेश अपने ऊपर चल रहे मुकदमों की सुनवाई में हो रही देरी को लेकर गहरे तनाव में था। बताया जा रहा है कि उच्च न्यायालय में उसकी फाइल लंबित होने और बेल (जमानत) न मिल पाने के कारण वह हताश हो चुका था। उसने पिछले एक साल में तीन से चार वकील भी बदले थे लेकिन उसे राहत नहीं मिल रही थी।



घटना रात करीब 2:00 बजे की है। सुरेश अपनी बैरक के शौचालय में गया और वहां फंदा लगाकर फांसी लगा ली । जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो बैरक में तैनात रात के पहरेदार ने जाकर देखा जहाँ सुरेश फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

जेल अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलते ही सुरेश को तुरंत नीचे उतारा गया और जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जेल प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और संबंधित अधिकारियों को घटना की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जा रही है।

÷बंदी सुरेश काफी समय से अवसाद में था। 25 मार्च को उसने अपने पिता से पीसीओ के जरिए बात की थी जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग से स्पष्ट है कि वह वकील की पैरवी और बेल न होने से बेहद मायूस था। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### चार लोगों को घर में घुसकर पीटा दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी जुलेखा बेगम पत्नी मिनाज द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बुधवार को 12 बजे गांव के ही चांद खॉ पुत्र समीद, जब्बार पुत्र चांद खॉ, जैनब व जेबा पुत्रीगण चांद खान उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर उसकी पुत्री, जेठ, पति व पुत्र के साथ लात घूसों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### जमीनी विवाद में वृद्धा को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी रामदेवी पत्नी स्वर्गीय धर्म विजय द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बुधवार को 02 बजे मंदिर के पास राजीव कटियार, टिंकू कटियार पुत्रगण स्वर्गीय महेंद्र सिंह कटियार, नीलम पत्नी सौरभ कटियार, सौरभ कटियार पुत्र जितेन्द्र सिंह कटियार ने उसके साथ कई गालौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

# कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं ने किया शरबत वितरण

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लेकर शरबत ग्रहण किया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर भी माहौल गर्म नजर आया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश सिंह भदौरिया तथा महामंत्री पद के प्रत्याशी धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की अच्छी खासी मौजूदगी रही। इस अवसर पर दोनों प्रत्याशियों ने संयुक्त रूप से अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार चुनावी माहौल में अधिवक्ताओं का रुझान उनकी ओर बढ़ रहा है, उससे स्पष्ट है कि इस बार आदर्श अधिवक्ता संगठन की पूरी कार्यकारिणी जीत हासिल करेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि उन्हें जिम्मेदारी मिलती है तो अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से जहां एक ओर धार्मिक पर्व की गरिमा को बनाए रखते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया, वहीं दूसरी ओर बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच सक्रियता और उत्साह भी साफ तौर पर दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान अन्य पदों के प्रत्याशी भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। इनमें उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेंद्र सिंह पटेल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी शाहिद अख्तर, संयुक्त सचिव प्रशासन पद के प्रत्याशी सतीश शर्मा शामिल रहे। साथ ही जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे, महामंत्री जितेंद्र सिंह गौतम, विजय शंकर शुक्ला, विजय त्रिवेदी समेत कई वरिष्ठ अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।



### गणेश शंकर विद्यार्थी के 96 वें बलिदान दिवस पर विचार गोष्ठी संपन्न

**मथुरा।** स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय एकता के अग्रदूत महान पत्रकार शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी के 96 वें बलिदान दिवस पर एक विचार गोष्ठी व पुष्पांजलि का आयोजन अ,भा, साम्प्रदायिकता विरोधी समिति के कैंप कार्यालय पर कामरेड शिवदत्त चतुर्वेदी की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थी जी को ऐसा व्यक्तित्व बताया,जिनके लिए पत्रकारिता आजादी और जनता की एकता को मजबूत करने वाला मिशन थी, वे क्रांतिकारियों के संरक्षक थे।जिनकी शहादत को स्वय महात्मा गांधी ने अपने लिए अनुकरणीय बताया।

इस अवसर पर एक प्रस्ताव पारित कर शाहजहां पुर में काकोरी कांड के अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां,ठाकुर रोशन सिंह और राजेंद्र लाहिड़ी की प्रतिमाएं बुलडोजर से ध्वस्त करने की निगम प्रशासन की कड़ी निंदा की गई।स्वतंत्रता सेनानी गौरी दत्त चतुर्वेदी की 38 वीं पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संयोजन जिला कांग्रेस के महासचिव वैद्य मनोज गौड़ ने और धन्यवाद समिति के महामंत्री सुशील सागर एडवोकेट ने किया।

# मेगा क्रेडिट कैंप का भव्य आयोजन 25 करोड़ रुपये के ऋण वितरित

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में मेगा क्रेडिट कैंप का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवींद्र सिंह ने की। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अभय प्रताप सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न बैंकिंग एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख अरविंद कुमार, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के उप क्षेत्रीय प्रमुख दुर्गेश कुमार, परियोजना निदेशक शेष मानी सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक गोपाल कृष्णा तथा उपायुक्त अजय कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे। कैंप का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति प्रदान कर स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान प्रधानमंत्री रोजगार



सृजन कार्यक्रम (PMEGP), मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्टैंड-अप इंडिया तथा मुद्रा योजना सहित कई योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरित किए गए। मुख्य अतिथि अभय प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के मेगा क्रेडिट कैंप का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे प्राप्त ऋण का सदुपयोग कर अपने व्यवसाय को सफल बनाएं और दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करें। कार्यक्रम के दौरान जनपद की विभिन्न बैंकों की शाखाओं की सक्रिय सहभागिता रही और लगभग 25 करोड़ रुपये की धनराशि लाभार्थियों को वितरित की गई। लाभार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए शासन और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन लीड बैंक कार्यालय के सहयोग से संपन्न हुआ।

# सम्राट अशोक की जयंती पर निकाली गई धम्म यात्रा

- प्रदेश सरकार से अशोक जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की रखी गई मांग

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** विश्व के महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की 2330 वीं जन्मजयंती के मौके पर शहर के कुशवाहा धर्मशाला में अशोकाष्टमी जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन कुशवाहा, मौर्य, शाक्य, सैनी समाज द्वारा किया गया। जिसकी संयोजकता शिवनाथ कुशवाहा व अवधेश कुशवाहा ने की यह कार्यक्रम सम्राट अशोक चौरिटेबल ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बैनर तले मनाया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रदेश के कई बुद्धविहारों से पधारे बौद्ध भिक्षुओ ने बुद्ध वंदना की तथा भगवान बुद्ध, सम्राट अशोक महान के चित्र पर व अशोक स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी आए हुए लोगो ने भी बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कुशवाहा धर्मशाला मकरंदनगर से पैदल बुद्ध धम्म यात्रा आरंभ की गई। यात्रा बाबा कुआं मकरंदनगर से शहर के लाखन तिराहा, ग्वाल मैदान, तिर्वा क्रासिंग होते हुए मकरंदनगर तिराहा से बापस कुशवाहा धर्मशाला में विश्राम हुई। यात्रा का शहर में कई सम्मानित नेतागणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा शामिल होकर जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा विश्राम के पश्चात सम्राट अशोक पर गोष्ठी आयोजित की गई उनके जीवन पर कई वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया और दया, क्षमा, मैत्री, करुणा, विश्वबंधुत्व की बात की गई और समाज को शिक्षित व जागरूक रहने की सीख दी गई तथा खीर प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं देश व प्रदेश सरकार से मांग करते हुए सम्राट अशोक महान की जयंती पर सार्वजनिक राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा करने की जोरदार मांग की गई।



इस अवसर पर सत्यप्रकाश कुशवाहा, शिवनाथ शिव कुशवाहा, शोभित कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा एडवोकेट, ओमविकास कुशवाहा, रामचन्द्र कुशवाहा, जितेन्द्र कुशवाहा, गौरव कुशवाहा, आनन्द कुशवाहा, अतुल मौर्य, विजय कुशवाहा, मनोज भारत, वंशलाल कुशवाहा, विमल कुशवाहा, रामकिशोर कुशवाहा, रामगोपाल कुशवाहा एडवोकेट, गौतम कुशवाहा कमलेश कुशवाहा, शिवा कुशवाहा, सोनम कुशवाहा, भंते शील रतन, भंते धम्म बोधि व भंतेगण तथा कुशवाहा, शाक्य, सैनी व मौर्य समाज के व सर्वसमाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने सपा नेता की बेटी के इलाज की जिम्मेदारी ली

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मानवता और सामाजिक सरोकार का उदाहरण पेश करते हुए छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिददीकी ने समाजवादी युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष आफाक खॉन की बीमार बेटी के इलाज की पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने से जनपद में उनकी सराहना हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार समाजवादी युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष आफाक खॉन की बेटी पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही है, जिसके इलाज में परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

जैसे ही इस बात की जानकारी पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिददीकी को हुई, उन्होंने तुरंत सपा नेता पिंटू यादव व अचल यादव के साथ अस्पताल पहुंचकर उनकी बेटी का हाल जाना और बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुये अच्छे अस्पताल में बेटी का बेहतर इलाज करानें में पूरी मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद की मदद करना हमारा कर्तव्य है और इस मुश्किल घड़ी में हम परिवार के साथ खड़े हैं। इस दौरान सपा नेता आफाक खॉन ने पूर्व विधायक का आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र में इस पहल को लेकर चर्चा का माहौल है और लोग पूर्व विधायक की संवेदनशीलता और सहयोग भावना की प्रशंसा कर रहे हैं।

# श्रद्धालुओं ने नवरात्र के अष्टम दिवस पर माता की आरती उतारी

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नवरात्रि के पावन पर्व के अष्टम् दिवस पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश सचिव सागर अग्रवाल व भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार उर्फ संजू गुप्ता एवं राजीव ठाकुर ने श्रद्धालुओं के साथ दुर्गा महोत्सव में शामिल होकर विधि विधान से पूजा वंदना एवं आरती कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरित कराया। गुरूवार की शाम स्थानीय विद्युत उप केंद्र परिसर स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश सचिव सागर अग्रवाल व भाजपा जिला मंत्री राजीव ठाकुर एवं संजीव कुमार उर्फ संजू गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, मंदिर कमेटी अध्यक्ष नीरज मिश्रा, सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे सहित तमाम श्रद्धालुओं के साथ नवरात्रि के पर्व पर चल रहे दुर्गा महोत्सव के अष्टम् दिवस की संध्या आरती में भाग लेकर मां जगत जननी की आरती उतारी और भक्तों को प्रसाद वितरित कराकर पुण्य के भागीदार बनें। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्र में माता अपने सच्चे भक्तों पर कृपा की बरसात करती हैं। इस दौरान हरिओम गुप्ता, चन्दन चौरसिया सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।



# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से किसान की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के नयापुरवा गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 27 वर्षीय किसान इलियास की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इलियास पुत्र महबूब सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर चना लादने जा रहे थे। इसी दौरान ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर अचानक ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वह उसके नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रॉली को सीधा कर इलियास को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी राबिया का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चों में पुत्री अल्फा (14 वर्ष), पुत्र अफजल (10 वर्ष) और अशरफ (8 वर्ष) को छोड़ गए हैं। ग्राम प्रधान बाबूराम सोनकर ने बताया कि इलियास खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह पांच भाइयों में सबसे छोटे थे, जबकि उनके एक बड़े भाई का लगभग तीन वर्ष पहले बीमारी के चलते निधन हो चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार, पुलिस को सूचना नहीं दी गई है और मृतक का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा।



# तेल की कमी की अफवाह बेबुनियाद, पर्याप्त स्टॉक उपलब्धः जिलाधिकारी

- पेट्रोल पंपों पर दिखी भीड़, प्रशासन ने लोगों से संयम बरतने की अपील की

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जनपद में पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैली अफवाहों के बीच कई पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ देखने को मिली। हालांकि प्रशासन और पंप संचालकों ने स्थिति को पूरी तरह सामान्य बताते हुए लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। पेट्रोल पंप मैनेजरों ने स्पष्ट किया कि उनके पास पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग अनावश्यक घबराहट में अधिक ईंधन लेने से बचें, क्योंकि इससे कृत्रिम संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसी बीच जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जनपद में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने बताया कि जिले में पेट्रोल की दैनिक खपत लगभग 263 किलोलीटर है, जबकि वर्तमान में 1543 किलोलीटर पेट्रोल उपलब्ध है। वहीं डीजल की रोजाना मांग करीब 435 किलोलीटर है और 1960 किलोलीटर डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। डीएम ने कहा कि तेल कंपनियों द्वारा नियमित आपूर्ति जारी है और डिपो से पेट्रोल पंपों तक ईंधन की सप्लाई में कोई बाधा नहीं है। प्रशासन लगातार व्यवस्था पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और बिना जरूरत पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं। साथ ही चेतावनी दी कि अनावश्यक रूप से अधिक ईंधन लेने से दूसरों को परेशानी हो सकती है। प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को भी निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार ही ईंधन की बिक्री करें। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने दोहराया कि जनपद में ईंधन की कोई कमी नहीं है और आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।



### मैनपुरी सांसद पर अभद्र टिप्पणी को लेकर मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम पाहला निवासी आशीष कुमार पुत्र रामबाबू द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 22 मार्च को उसके मित्र धर्मेंद्र राजपूत पुत्र आसाराम निवासी डिगसरा ने अपने मोबाइल फेन पर महिला दिवस के अवसर पर कन्नौज की पूर्व सांसद वर्तमान में मैनपुरी सांसद डिंपल यादव की स्टोरी लगाई थी। जिस पर थाना ठठिया के ग्राम तहसीपुर निवासी महाराज सिंह उर्फ संदीप कटियार पुत्र मुनीम द्वारा अभद्र एवं अपमानित अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। बुधवार को ग्राम जलालाबाद में उसके द्वारा महाराज सिंह से उक्त के संबंध में कहा तो उसने गाली गलौज की। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## रियान के साथ राजस्थान रॉयल्स के नए युग की शुरुआत



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स नए कप्तान रियान पराग के नेतृत्व में नए दौर की शुरुआत कर रही है, जहां टीम की ताकत मजबूत बल्लेबाजी है। अगर टीम सही संयोजन और निरंतर प्रदर्शन बनाए रखती है, तो वह इस सीजन में खिताब की दावेदार बन सकती है।राजस्थान रॉयल्स के लिए एक नए दौर की शुरुआत हो चुकी है। टीम अब रियान पराग की कप्तानी में मैदान पर उतरेगी, जबकि पूर्व कप्तान संजू सैमसन के जाने के बाद टीम पूरी तरह ट्रांजिशन फेज में है। ऐसे में फैंस की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या यह युवा टीम अपने खिताब के सूखे को खत्म कर पाएगी। राजस्थान रॉयल्स की सबसे बड़ी ताकत उनका मजबूत भारतीय बल्लेबाजी कोर है। यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल और खुद रियान पराग टीम की रीढ़ हैं। इसके अलावा टीम में ऑलराउंडर्स की भरमार है। रवींद्र जडेजा और दासुन शनाका जैसे खिलाड़ी बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दे सकते हैं। विदेशी स्टार शिमरॉन हेटमायर टीम को फिनिशिंग टच देने में अहम भूमिका निभाएंगे। वहीं, अब टीम में रवींद्र जडेजा और दासुन शनाका भी शामिल होंगे। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या रियान पराग कप्तान के रूप में संजू सैमसन की कमी पूरी कर पाएंगे? यह उनके करियर का सबसे बड़ा मौका है। अगर वे कप्तानी के साथ अपनी बल्लेबाजी में भी निरंतरता लाते हैं, तो टीम को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। साथ ही युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी पर भी सबकी नजरें रहेंगी। टीम के पास विदेशी खिलाड़ियों की भरमार है, जिससे सही कॉम्बिनेशन चुनना चुनौती बन सकता है। जोफ्रा आर्चर, एडम मिल्ने, शिमरॉन हेटमायर और दासुन शनाका जैसे खिलाड़ियों में से सिर्फ चार ही प्लेइंग इलेवन में जगह बना पाएंगे। सही संतुलन नहीं बना तो टीम को नुकसान उठाना पड़ सकता है। अगर रियान पराग अपनी कप्तानी और प्रदर्शन में संतुलन बना पाते हैं और मिडिल ऑर्डर जिम्मेदारी लेता है, तो राजस्थान रॉयल्स इस बार प्लेऑफ की मजबूत दावेदार बन सकती है। लेकिन अगर पुरानी गलतियां दोहराई गईं, खासकर दबाव में टूटने की आदत, तो टीम के लिए यह सीजन भी मुश्किल साबित हो सकता है। शिवम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्री प्रीटोरियस, रवि सिंह, अमन राव परेला, शिमरॉन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग (कप्तान), युद्धवीर सिंह चरक, रवींद्र जडेजा, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, तुषार देशपांडे, क्वेन मफाका, रवि बिश्नोई, सुशांत मिश्रा, यश राज पुंजा, विग्नेश पुथुर, बृजेश शर्मा, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, संदीप शर्मा और नांद्रे बर्गर।

## पाकिस्तान सुपर लीग में विवाद रिजवान-शाहीन और शकील-लाबुशेन पर क्यों भड़के वॉर्नर

**कराची।** पीएसएल 2026 की शुरुआत से पहले विवाद बढ़ते जा रहे हैं। कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में डेविड वॉर्नर अन्य खिलाड़ियों के व्यवहार पर भड़क गए। वहीं ईंधन संकट के चलते टूर्नामेंट सीमित वेन्यू और बिना दर्शकों के आयोजित किया जा रहा है, जिससे लीग की छवि प्रभावित हुई है।

पाकिस्तान सुपर लीग 2026 की शुरुआत से पहले ही विवादों में घिर गई है। पहले टूर्नामेंट को बंद दरवाजों के पीछे कराने का फैसला और अब कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुई घटना ने लीग की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कराची किंग्स के कप्तान डेविड वॉर्नर उस समय नाराज हो गए, जब प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अन्य कप्तान आपस में हंसते-बात करते नजर आए। पीएसएल 2026 का आगाज गुरुवार यानी 26 मार्च से होगा, जबकि फाइनल मुकाबला तीन मई को खेला जाएगा। जब वॉर्नर अपनी टीम की तैयारियों पर बोल रहे थे, तभी मार्नस लाबुशेन, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील आपस में बातचीत और हंसी-मजाक में लगे थे। इस पर वॉर्नर ने बीच में ही बोलना रोकते हुए कहा, क्या हो रहा है जेंटलमेन? माफ कीजिए, यहां तो स्कूल के बच्चे बैठे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह

**सवाल**

**पहले टूर्नामेंट को बंद दरवाजों के पीछे कराने का फैसला और अब कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुई घटना ने लीग की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**



असहज स्थिति मोहम्मद रिजवान से जुड़े एक अजीब क्षण के बाद पैदा हुई। बताया जा रहा है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अचानक हुई इस घटना से माहौल बदल गया। जहां यह पल रिजवान के लिए काफी असहज था, वहीं अन्य कप्तानों के लिए यह हंसी का कारण बन गया और वे अपनी हंसी नहीं रोक सके। देखते ही देखते इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसी दौरान जब बाकी खिलाड़ी हंसी-मजाक में लगे थे, तो डेविड वॉर्नर नाराज हो गए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वॉर्नर ने कहा कि आईपीएल से रिटायर होने के बाद भी उन्होंने अपनी फिटनेस और मोटिवेशन को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की। 39 वर्षीय वॉर्नर ने पिछले साल पाकिस्तान सुपर लीग में शामिल होने से पहले अपने आईपीएल करियर में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। 2016 में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल का खिताब भी जिताया था। वॉर्नर ने आईपीएल में खेले 184 मैचों में 6,565 रन बनाए। वह इस लीग में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में विराट कोहली, शिखर धवन और रोहित शर्मा के बाद चौथे नंबर पर मौजूद हैं। हालांकि आईपीएल के आखिरी दौर में उनका फॉर्म अच्छा नहीं रहा, जिसके कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा और उनकी कप्तानी भी चली गई। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन भी नहीं किया, हालांकि वॉर्नर ने हार नहीं मानी और अपनी फिटनेस पर लगातार काम करते रहे। 2009 से 2024 तक तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले वॉर्नर ने कहा कि आईपीएल छोड़ने के बाद भी उन्होंने अपना फिटनेस रूटीन बनाए रखा। यह दूसरा साल है, जब वॉर्नर पाकिस्तान सुपर लीग में खेलेंगे।

## मुंबई में हुई बीसीसीआई और आईपीएल टीमों के कप्तानों की बैठक



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने जा रहा है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली है। बीसीसीआई ने बुधवार को सभी 10 कप्तानों के साथ बैठक की। इस दौरान इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट नियम और आचार संहिता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। आईपीएल के अधिकतर कप्तानों ने बुधवार को इंपैक्ट प्लेयर नियम पर अपनी आपत्ति दर्ज की जिसको लेकर 2023 में इसके लागू होने के बाद से ही लोगों की अलग-अलग राय है। बीसीसीआई ने 2024 में इंपैक्ट प्लेयर नियम को 2027 तक बढ़ा दिया था। इसके बावजूद इस रणनीतिक नियम पर प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच समान रूप से बहस जारी है। मुंबई में हुई सभी 10 आईपीएल टीमों के कप्तानों की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की गई। आईपीएल के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, अधिकांश कप्तानों ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर अपने विचार रखे और अपनी आपत्तियां व्यक्त कीं, हालांकि बीसीसीआई ने इस नियम को 2027 तक बढ़ा दिया है।

## विकल्पों की भरमार या उलझन, श्रेयस दिला पाएंगे पंजाब को पहला खिताब

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के पास आईपीएल 2026 के लिए संतुलित स्क्वॉड और मजबूत भारतीय कोर है, लेकिन सही प्लेइंग इलेवन तय करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। अगर कप्तान श्रेयस टीम को स्थिरता और दिशा दे पाए, तो यह टीम इस बार खिताब की प्रबल दावेदार बन सकती है।

आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स एक ऐसी टीम के रूप में उतर रही है, जिसे अब पहचान खोजने की जरूरत नहीं है। टीम के पास मजबूत कप्तान श्रेयस अय्यर, संतुलित भारतीय कोर और दमदार स्क्वॉड है। कागज पर यह टीम इस सीजन की सबसे संतुलित टीमों में गिनी जा सकती है। पंजाब किंग्स के पास कई तरह के कॉम्बिनेशन बनाने की क्षमता है। वे पिच और



विपक्ष के हिसाब से अतिरिक्त तेज गेंदबाज, स्पिन विकल्प या बल्लेबाजी गहराई जोड़ सकते हैं। यह लचीलापन उन्हें हर मैच में अलग रणनीति अपनाने की आजादी देता है। अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह और नेहल वढेरा जैसे खिलाड़ियों के कारण टीम अब विदेशी खिलाड़ियों पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। यह पंजाब किंग्स को पिछले सीजनों से ज्यादा संतुलित बनाता है। अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवर के स्पेशलिस्ट हैं।

चहल मिडिल ओवर्स में विकेट लेने में माहिर हैं। वहीं, मार्को यानसन उछाल और नई गेंद से खतरा पैदा कर सकते हैं। हरप्रीत बराड़ कंट्रोल और मैचअप विकल्प के तौर पर मौजूद हैं। पंजाब किंग्स के पास इस बार सिर्फ प्रतिभा नहीं, बल्कि संतुलन भी है। अब सवाल यह है कि क्या श्रेयस अय्यर इस संतुलन को सही दिशा दे पाएंगे? अगर पंजाब ने जल्दी सही कॉम्बिनेशन तय कर लिया और टॉप ऑर्डर ने स्थिरता दिखाई, तो यह टीम आईपीएल 2026 में ट्रॉफी की प्रबल दावेदार बन सकती है। प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य, श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, नेहल वढेरा, मार्कस स्टोइनिस, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, हरप्रीत बरार, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मुशीर खान, पियाल अविनाश, हरनूर पन्नू, सूर्यांश शेडगे, मिचेल ओवेन, जेवियर बार्टलेट, लॉकी फर्ग्यूसन, विशाक विजकुमार, यश ठाकुर, विनय विनोद, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे, विशाल मिर्गद।

## रामनवमी पर फिल्म वाल्मीकि रामायण की पहली झलक जारी



**मुंबई।** आगामी फिल्म वाल्मीकि रामायण के निर्माताओं ने आज गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर इसका फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। पोस्टर पर भगवान राम के चरण दिखाए गए हैं। यह तस्वीर आस्था, करुणा और पवित्र यात्रा शुरू करने से पहले आशीर्वाद लेने के काम को दिखाती है। यह फिल्म इस साल अक्तूबर में रिलीज होगी।

फिल्म वाल्मीकि रामायण के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता भावना तलवार ने संभाली है। आज साझा किए गए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, जब तक पहाड़ खड़े रहेंगे और नदियां बहती रहेंगी, रामायण जिंदा रहेगी। बता दें कि यह फिल्म 02 अक्तूबर 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म में इंडस्ट्री की एक मजबूत टीम एक साथ काम कर रही है। फिल्म बाहुबली में माहिष्मती की दुनिया की रचना करने वाले प्रोडक्शन डिजाइनर साबु सिरिल भी फिल्म का हिस्सा हैं। साबुल सिरिल के साथ-साथ, सिनेमैटोग्राफर बिनोद प्रधान और साउंड डिजाइनर रेसुल पुकुट्टी भी इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। लेखक आनंद नीलकंठन और चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी इस फिल्म पर काम किया है, ताकि इसकी कहानी जमीनी और वास्तविक लगे।

## आमिर खान ने 'धुरंधर 2' की टीम को दी शुभकामनाएं



**मुंबई।** 'धुरंधर 2' लगातार प्रशंसाएं बटोर रही है। सेलेब्स से लेकर आम फैंस तक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। अब आमिर खान ने भी फिल्म को शुभकामनाएं दी हैं। जानिए उन्होंने फिल्म को लेकर क्या कुछ कहा आदित्य धर की 'धुरंधर-द रिवेंज' न सिर्फ सिनेमाघरों में बनी हुई है, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर जमकर पैसे भी छाप रही है। फिल्म को क्रिटिक्स से जरूर इस बार मिली-जुली प्रतिक्रियाएं हासिल हुई हैं। वहीं फिल्म पर प्रोपेगेंडा होने के आरोप भी लग रहे हैं। लेकिन इस बीच सेलेब्स लगातार रणवीर सिंह की इस फिल्म की प्रशंसा कर रहे हैं। अब इसी लिस्ट में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान का भी नाम शामिल हो गया है। सफलता के लिए आमिर ने फिल्म की टीम को शुभकामनाएं भेजी हैं। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफडी) 2026 के दूसरे दिन पहुंचे आमिर खान ने 'धुरंधर 2' को लेकर कहा कि फिल्म के प्रदर्शन और सफलता के बारे में केवल प्रशंसा ही सुनी है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैंने अभी तक फिल्म नहीं देखी है। लेकिन मैंने फिल्म की केवल प्रशंसा ही सुनी है। धुरंधर 1 और अब धुरंधर 2, दोनों फिल्मों ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।' इस दौरान आमिर ने फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जा रही अपनी फिल्म सीतारे जमीन पर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यह बहुत खुशी की बात है कि हमारी फिल्म %सीतारे जमीन पर दिल्ली फिल्म महोत्सव में दिखाई जा रही है।

मुझे लगता है कि यह महोत्सव का पहला साल है। मैं और निर्देशक प्रसन्ना हम दोनों फिल्म और इसके संदेश को लेकर बहुत खुश और गौरवान्वित हैं। इसके जरिए हमें यहां के दर्शकों के साथ बात करने का भी मौका मिला। मुझे लगता है कि ज्यादातर युवा फिल्म निर्माता हैं।' आदित्य धर द्वारा निर्देशित 'धुरंधर 2' 19 मार्च को रिलीज हुई थी। फिल्म ने एक हफ्ते में भारत में 625 करोड़ रुपए से ऊपर की कमाई कर ली है। जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन में फिल्म 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। इस स्पाई-थ्रिलर में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, राकेश बेदी, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और दानिश पंडोर भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

### बेमतलब की फाइट दिखाना उद्देश्य नहीं था, धुरंधर के एक्शन डायरेक्टर एजाज गुलाब ने हिंसक दृश्यों पर दी सफाई

**मुंबई।** धुरंधर और धुरंधर द रिवेंज के एक्शन सीन्स ने फैंस को चौंका दिया था। इसपर फिल्म के एक्शन डायरेक्टर एजाज गुलाब ने दमदार एक्शन के पीछे की कहानी बताई है। धुरंधर द रिवेंज के एक्शन सीन्स को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इसी के साथ कुछ लोगों को यह काफी आक्रामक भी लगे थे। एक बातचीत के दौरान फिल्म के एक्शन डायरेक्टर एजाज गुलाब ने इन सीन्स को शूट करने के पीछे के इरादों के बारे में चर्चा की। धुरंधरः द रिवेंज के एक्शन डायरेक्टर एजाज गुलाब ने हाल ही में दिए अपने इंटरव्यू में फिल्म के एक्शन सीन्स के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि, फिल्म में एक्शन सीन सिर्फ दिखावे के लिए नही थे। इन सीन्स के जरिए हर किरदार अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहा था।

## सनोज मिश्रा ने साझा किया मोनालिसा के परिवार का वीडियो





**मुंबई।** महाकुंभ से वायरल हुईं मोनालिसा ने हाल ही में निर्देशक सनोज मिश्रा पर कई आरोप लगाए थे। इन सब के बीच सोशल मीडिया के माध्यम से मोनालिसा के परिवार ने सनोज मिश्रा का साथ दिया है। देखें वीडियो...

बीते दिनों मोनालिसा ने फरमान खान से अचानक शादी कर ली। इसके बाद से ही उनके और फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा के बीच विवाद शुरू हो गया था। जहां सनोज ने आरोप लगाया कि मोनालिसा के साथ लव जिहाद हुआ है। वहीं मोनालिसा ने भी सनोज पर गलत तरीके से छूने के आरोप लगाए।

अब इन सबके बीच सनोज मिश्रा को मोनालिसा के परिवार का साथ मिला है। गुरुवार को सनोज ने मोनालिसा के परिवार के सदस्यों का एक वीडियो जारी किया जिसमें परिवार के सदस्यों ने कहा है कि वो सब सनोज के साथ हैं।

सनोज मिश्रा ने एक वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए शेयर किया। इस वीडियो में मोनालिसा की मां और उनके पिता दिख रहे हैं। वीडियो में उनके पिता ने कहा, हमने कभी मोनालिसा को अकेला नहीं छोड़ा। मैं हर जगह शूटिंग पर उसके साथ ही रहा। सनोज मिश्रा उसे अपनी बेटी की तरह ही मानते हैं।

इस वीडियो को साझा करते हुए सनोज ने लिखा एक आम लड़की को खास बनाने की जिद में मैंने अपने हाथ जला लिए। मगर मेरा प्रयास ईमानदार था। मोनालिसा को ट्रेनिंग देकर आरोप लगवाए जा रहे हैं, मगर उसका परिवार और पारधी समाज मेरे साथ है। जब मुझपर इल्जाम लगाए गए है गलत साबित हुए हैं। आगे भी ऐसा ही होगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मोनालिसा के परिवार समेत सनातन धर्म भी उनके साथ है।

मोनालिसा ने हाल ही में कोचि में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सनोज पर कई आरोप लगाए थे। इसके अलावा वायरल गर्ल ने केंद्र सरकार और केरल तथा मध्य प्रदेश की राय सरकारों से मदद भी मांगी।

उसने दावा किया कि उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। अपने पति के साथ आई युवती ने मीडिया को बताया कि उसके पोस्टर जलाए जा रहे हैं और उन्हें लोगों से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

## 33 साल पहले भी 'धुरंधर' थे राकेश बेदी



**मुंबई।** 'धुरंधर 2' भले ही रणवीर सिंह की फिल्म हो लेकिन चर्चा राकेश बेदी की ज्यादा है। फैंस को जानकर हैरानी होगी कि वह लगभग 33 साल पहले भी धुरंधर स्टाइल में काम कर चुके है, खुफिया जानकारी सही जगह पर पहुंचा चुके हैं। जानिए, कैसे? फिल्म 'धुरंधर 2' में राकेश बेदी ने जमील जमाली का किरदार निभाया है। फिल्म जब खत्म होती है, तो यही किरदार असल 'धुरंधर' साबित होता है। हाल ही में अभिनेता राकेश बेदी की एक पुरानी फिल्म से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह 'धुरंधर 2' फिल्म के अपने किरदार जैसा काम करते दिखे। जानिए कौन सी है वो फिल्म? और फैंस ने इस वीडियो पर कैसे रिएक्शन दिए हैं राकेश बेदी ने फिल्म 'तिरंगा' में खबरीलाल नाम के शख्स का रोल किया था तो ब्रिगेडियर सूर्यदेव (अभिनेता राजकुमार) को देश के दुश्मनों के बारे में फोन पर जानकारी देते हैं। फिल्म 'तिरंगा' का यही सीन अब वायरल हो रहा है। फैंस इस सीन को फिल्म 'धुरंधर 2' से जोड़ रहे हैं। यूजर्स ने इस वीडियो पर मजेदार रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर ने लिखा, 'ये तो पैदाइशी जासूस हैं।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'इन्हें ब्रिगेडियर सूर्यदेव से ट्रेनिंग मिली है, जो बेस्ट हैं।' वहीं कुछ यूजर्स ने राकेश बेदी के 'धुरंधर 2' के किरदार जमील जमाली का भी जिक्र मजाकिया अंदाज में किया है। फिल्म 'धुरंधर' में राकेश बेदी ने एक पाकिस्तानी राजनेता का जमील जमाली का किरदार निभाया था। जमील की बेटी यलीना से ही हमजा (रणवीर सिंह) का किरदार शादी करता है। इस आड़ में वह अपना जासूसी मिशन पूरा करता रहता है। जमील का किरदार करप्ट पॉलिटिशियन का था, उसके तार अपराधियों के साथ जाकर जुड़ते थे। राकेश बेदी ने इस किरदार को कभी मजाकिया तो कभी गंभीर तरीके से निभाया। पहले पार्ट में यह किरदार दर्शकों को बस एक साइड कैरेक्टर लगता है लेकिन 'धुरंधर 2' में राकेश बेदी का किरदार जमील जमाली चौंकाता है। फिल्म के आखिर में वह हमजा की मदद की करता है, क्योंकि जमील जमाली भी भारतीय एजेंट निकलता है। इन दिनों धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई कर रही है। फिल्म ने 600 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कर ली है। वहीं वर्ल्डवाइड इस फिल्म का कलेक्शन 1000 करोड़ रुपये के पार जा चुका है।

## अवॉर्ड शो में फिर मिले शिल्पा-अक्षय, सोशल मीडिया पर हुई कमेंट्स की बाढ़

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी ने कई चर्चित फिल्मों में साथ काम किया है। दोनों के कथित अफेयर की खबरें भी रही थीं। फिलहाल, दोनों सितारे एक अवॉर्ड शो में साथ नजर आए और हंसते-मुस्कुराते बात करते दिखे। इनका वीडियो वायरल हो रहा है।

अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी दोनों का जादू 90 के दशक में खूब चला। इनकी न सिर्फ ऑन स्क्रीन जोड़ी हिट रही, बल्कि इनकी डेटिंग की अफवाहें भी खूब रहीं। हालांकि, बाद में दोनों के रास्ते अलग-अलग हो गए। फिलहाल, शिल्पा और अक्षय अपनी-अपनी पर्सनल लाइफ में आगे बढ़ चुके हैं। इस बीच हाल ही में इन्हें एक अवॉर्ड शो में साथ देखा गया। इनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये काफी मजेदार अंदाज में बात करती दिख रही हैं। शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें शिल्पा शेट्टी बोल्ड ड्रेस पहनी अवॉर्ड शो में पहुंची हैं। वहीं, उनके बराबर में अक्षय कुमार बैठे हैं। इस दौरान दोनों एक-दूसरे से बात करते हुए काफी हंसी-मजाक कर रहे हैं। इस वीडियो को देख नेटिजंस नॉस्टैल्जिक हो रहे हैं। उन्हें 90 के दशक का पुराना वक्त याद आ रहा है।

अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी को एक बार फिर इस तरह साथ देख उनके फैंस काफी खुश हैं। साथ ही वे कामना कर रहे हैं कि दोनों एक बार फिर किसी फिल्म में साथ नजर आ जाएं। हालांकि, फिलहाल ऐसी कोई संभावना फिलहाल तो नहीं दिख रही है। वहीं, कुछ नेटिजंस मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, शिल्पा शेट्टी किधर हैं? एक अन्य यूजर ने लिखा, शिल्पा शेट्टी तो रिलैक्स हैं, लेकिन अक्षय कुमार की आंखों में मुस्कुराते हुए भी डर दिख रहा है कि कहीं ट्विंकल न आ जाए। इस वीडियो में गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे हैं। कुछ यूजर्स उनके रिएक्शन पर भी मजाकिया कमेंट करते हुए लिख रहे हैं, गुलशन ग्रोवर फेक स्माइल दे रहे हैं। कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, अब मूव ऑन कर लो।

## 'तुलसी' के आगे नहीं टिक सकी 'अनुपमा'

**मुंबई।** सीरियल 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के बीच पिछले कई हफ्तों से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बने रहने की जंग चल रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सासज' ने बाजी मारी है। जानिए, बाकी सीरियल को टीआरपी लिस्ट में कौन सी जगह मिली है।

एक बार फिर टीआरपी क्वीन का खिताब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तुलसी के सिर पर सजा है। जानिए, 'अनुपमा' और की सीरियल्स को ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में कौन सी जगह मिली है। पिछले हफ्ते के मुकाबले क्या इनकी टीआरपी में इजाफा हुआ है या नहीं। पढ़िए, टीवी सीरियल की टीआरपी रिपोर्ट।

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' सीरियल को दसवें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली थी, ग्यारहवें हफ्ते भी इसने अपने टीआरपी को बरकरार रखा है।



2.0 की टीआरपी के साथ यह लिस्ट में पहले स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहा है।

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का स्पीन ऑफ सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' हाल ही में शुरू हुआ है। इस सीरियल को ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इस सीरियल की टीआरपी 1.9 रही है।

दसवें हफ्ते में सीरियल 'अनुपमा' 1.9 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर था लेकिन ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। इसकी टीआरपी कम हुई है, ग्यारहवें हफ्ते में इसकी टीआरपी 1.8 रही है।

ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर सीरियल 'वसुधा' है, इसकी टीआरपी 1.8 है। वहीं पांचवें नंबर पर सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' रहा है, इसकी टीआरपी 1.8 है। हाल ही में खत्म हुए रियलिटी शो 'द 50' की टीआरपी ग्यारहवें हफ्ते में भी काफी कम रही है, इसको 0.6 की टीआरपी मिली है। यह रियलिटी शो 'बिग बॉस' जैसे जादू दर्शकों पर नहीं चला पाया है।

## गर्मी बढ़ने से चुनाव प्रचार प्रभावित

**नई दिल्ली।** केरल चुनाव से पहले गर्मी में उम्मीदवार सुबह-शाम प्रचार, दोपहर में घर-घर संपर्क कर रहे हैं, पानी, हल्का भोजन ले रहे, विशेषज्ञों ने हाइड्रेशन और संतुलित आहार की सलाह दी।

केरल में 9 अप्रैल को होने वाले चुनावों से पहले गर्मी तेज हो गई है, जिससे चुनावी अभियान में मुश्किल हो रही है। उम्मीदवार भीषण गर्मी से निपटने के लिए साधारण दिनचर्या अपना रहे हैं, जिसमें नारियल पानी पीना, हल्का भोजन करना और प्रचार के दौरान शरीर में पानी का स्तर बनाए रखना शामिल है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य भर में बढ़ते तापमान के साथ गर्म और आर्द्र परिस्थितियों की चेतावनी जारी की है। राज्य सरकार ने भी बाहर काम करने वालों को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच काम से बचने का निर्देश दिया है। इन परिस्थितियों को देखते हुए, उम्मीदवार अपने चुनावी कार्यक्रमों को मौसम के अनुकूल बना रहे हैं।

# आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में छह महीने में चार बड़े सड़क हादसे



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई है। अब तक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना छह महीने में चार बड़े सड़क हादसे हुए है। आइए जानतें हैं बसें क्यों आग का गोला बन रही है। आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में गुरुवार को भीषण बस अग्निकांड में 14 लोगों की मौत हो गई। इसमें 22 लोग घायल हो गए। यह घटना तेलुगु राज्यों में बसों से जुड़ी घातक दुर्घटनाओं की श्रृंखला में सबसे हालिया है। पिछले छह महीनों में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों राज्यों में कम से कम चार बड़ी बस दुर्घटनाएं हुई हैं। 24 अक्तूबर, 2025 को आंध्र प्रदेश के कुरनूल शहर के पास एक दुर्घटना के बाद सड़क पर पड़ी एक मोटरसाइकिल को कुचलने के बाद एक निजी बस में आग लग गई। इसमें 19 लोग जलकर मर गए। एक निजी टूर ऑपरेटर की बस जिसमें 46 लोग सवार थे। वह हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी, तभी कुरनूल के बाहरी इलाके में चिन्नटेकुर गांव के पास यह भयावह दुर्घटना हुई। इसमें दो बच्चों सहित 19 यात्री जलकर मर गए। वहीं, दोनों ड्राइवरों सहित 27 यात्री कांच की खिड़कियां तोड़कर बच निकले। पुलिस की जांच में पता चला कि बस ने सड़क पर पड़ी एक मोटरसाइकिल को कुचल दिया, जिसे सवार ने डिवाइडर से टकरा दिया था। बस मोटरसाइकिल को लगभग 200 मीटर तक घसीटती रही। इसके बाद घर्षण और मोटरसाइकिल से ईंधन के रिसाव के कारण भीषण आग लग गई। जिसने देखते ही देखते पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने निष्कर्ष निकाला कि बाइक सवार बी. शिव शंकर (22) की मौत डिवाइडर से टकराने के बाद हुई। वहीं, उसका दोस्त एर्रिसवामी उर्फ नानी, जो पीछे बैठा था। वह मामूली चोटों के साथ बच गया। वह बस को आग की लपटों में देखकर घबराकर घटनास्थल से भाग गया।

# यूपी गैंगस्टर एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, याचिकाओं को एक साथ जोड़ने का दिया आदेश

**तेहरान।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी गैंगस्टर एक्ट को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़कर तीन जजों की बेंच को सौंप दिया है। कोर्ट ने केंद्र को भी पक्षकार बनाया है। यह कानून संगठित अपराध रोकने के लिए बना था।

उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। अदालत ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ने का आदेश दिया है। अब इन सभी मामलों की सुनवाई तीन जजों की विशेष बेंच करेगी। यह फैसला ऐसे समय आया है जब देशभर में संगठित अपराध पर सख्त कानूनों को लेकर बहस जारी है।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश कर रहे थे, ने कहा कि अलग-अलग अदालतों में चल रही याचिकाओं को




एक साथ सुनना जरूरी है ताकि एक समान और स्पष्ट फैसला दिया जा सके। कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी इस मामले में पक्षकार बनाया है। यह कानून 1986 में बनाया गया था, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध, डकैती और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाना है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील ने कहा कि इस कानून की कुछ धाराएं संविधान के खिलाफ हैं और इनकी वैधता पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग बेंच में एक जैसे मामलों की सुनवाई से भ्रम की स्थिति बन रही है। कोर्ट ने इन सभी याचिकाओं को टैग करने का आदेश देते हुए कहा कि अब एक ही बेंच इस पर फैसला करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली जैसे राज्यों में भी संगठित अपराध से निपटने के लिए इसी तरह के कानून बनाए गए हैं। इन कानूनों का मकसद अपराधी नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करना और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाना है।

सुनवाई के दौरान बेंच हंटिंग यानी मनचाही बेंच चुनने का मुद्दा भी उठा। हालांकि याचिकाकर्ता पक्ष ने इससे इनकार किया और कहा कि उनका ऐसा कोई इरादा नहीं है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पहले खारिज हुई याचिका को अंतिम कानूनी फैसला नहीं माना जा सकता क्योंकि उस पर विस्तार से सुनवाई नहीं हुई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि सभी लंबित याचिकाएं तीन जजों की बेंच के सामने रखी जाएं। जो मामले पहले से आंशिक रूप से सुने जा चुके हैं, उन्हें ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। अब इस मामले में आने वाला फैसला न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों के ऐसे कानूनों पर भी असर डाल सकता है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने सात भारतीय मछुआरों को पकड़ा, नावें भी जब्त कीं



**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने रामेश्वरम के सात मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी दो नावें जब्त कर ली हैं। इस घटना के विरोध में मछुआरों ने जमकर प्रदर्शन किया। मछुआरा संगठनों ने केंद्र सरकार से दखल देने और इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

पाक जलडमरूमध्य में श्रीलंका की नौसेना ने गुरुवार तड़के रामेश्वरम के सात मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। इन मछुआरों पर अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप है। नौसेना ने इस कार्रवाई में मछली पकड़ने वाली दो मशीनी नावें (ट्रॉलर) भी अपने कब्जे में ले ली हैं। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार 25 मार्च को रामेश्वरम मछली लैंडिंग केंद्र से कुल 365 टोकन जारी हुए थे। गिरफ्तार मछुआरे दो नावों पर सवार थे। जब वे नेदुनथीवू द्वीप के पास काम कर रहे थे, तभी श्रीलंकाई अधिकारियों ने उन्हें रोक लिया। ये नावें सिमसन और शशिकुमार की बताई जा रही हैं। समुद्र में शुरुआती पूछताछ के बाद, नौसेना ने मछुआरों को हिरासत में ले लिया। उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए श्रीलंका के एक नौसैनिक बंदरगाह पर ले जाया गया है।

# नाबालिग ड्राइवर ने साइकिल सवार कारोबारी को कुचला, हादसे के बाद भागा

**मुंबई।** ठाणे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से कारोबारी श्रीनिवास टंडेल की मौत हो गई। कार एक 17 वर्षीय किशोर चला रहा था, जो हादसे के बाद फरार हो गया, लेकिन सीसीटीवी के जरिए पकड़ा गया। घटना कल्याण रिंग रोड पर हुई।

महाराष्ट्र के ठाणे में तेज रफ्तार का खतरनाक चेहरा सामने आया है, जहां एक नाबालिग ड्राइवर की लापरवाही ने एक कारोबारी की जान ले ली। साइकिल चला रहे 42 वर्षीय श्रीनिवास टंडेल को तेज गति से आई कार ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि वह हवा में उछल गए और मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े




कर दिए हैं। मंगलवार रात करीब 8 बजे यह हादसा कल्याण रिंग रोड के अधूरे हिस्से पर हुआ। पुलिस के मुताबिक कार 17 वर्षीय किशोर चला रहा था, जो टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। मृतक उसी दिन फिटनेस के लिए साइकिलिंग शुरू किए थे। अचानक आई तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मारी और चालक बिना मदद किए भाग गया। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार कार तेज गति में थी और अचानक मुड़ते हुए साइकिल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि श्रीनिवास टंडेल दूर जाकर गिरे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसी आधार पर कार की पहचान हुई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कल्याण स्थित एक इमारत की पार्किंग से बरामद किया। इसके बाद नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारावे-वडवली क्षेत्र का अधूरा सड़क हिस्सा तेज रफ्तार और स्टंट का अड्डा बन चुका है। 21 फरवरी को भी इसी जगह एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था। लगातार हो रहे हादसों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से सड़क पर बैरिकेड लगाने और निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग की है।

## बंगाल में दक्षिण 24 परगना में भाजपा टीएमसी समर्थकों में झड़प

**मुंबई।** पश्चिम बंगाल के बसंती में भाजपा-टीएमसी समर्थक भिड़े, पुलिस पर भी हमला हुआ। दोनों दलों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए, आठ लोग हिरासत में, इलाके में भारी पुलिस बल तैनात।

पश्चिम बंगाल में चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी पार्टियां पूरी ताकत के साथ प्रचार कर रही है। भाजपा और टीएमसी के बीच यहां मुख्य तौर पर लड़ाई है। लेकिन हालात उस समय खराब हो गए दक्षिण 24 परगना जिले में चुलाव प्रचार के दौरान दोनों दलों के समर्थक आपस में भिड़ गए। हालात को काबू करने की कोशिश कर रही पुलिसकर्मियों पर भी हमला हुआ। यह घटना एससी आरक्षित बसंती सीट पर हुई। यहां 29 अप्रैल को दूसरे और आखिरी चरण में चुनाव होने है। एक अधिकारी ने बताया कि बसंती सीट से भाजपा उम्मीदवार विकास सरदार इलाके में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। जिस जगह भाजपा कार्यकर्ता चुनाव प्रचार कर रहे थे वहां एक सड़क कनारे पर जमा हुए टीएमसी समर्थक प्रचार की रिकॉर्डिंग कर रहे थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रिकॉर्डिंग किए जाने पर आपत्ति जताई। देखते ही देखते बहस शुरू हुई और फिर हाथापाई शुरू हो गई।

जब पुलिस इस झड़प को रोकने के लिए आगे आई तो पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया गया। भाजपा उम्मीदवार सरदार ने दावा किया टीएमसी के गुंडों ने हमारे कार्यकर्ताओं पर बिना किसी उकसावे के हमला किया, जबकि हम उस इलाके में शांतिपूर्ण ढंग से प्रचार कर रहे थे। पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

वहीं दूसरा तरफ टीएमसी नेताओं ने भाजपा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। पुलिस ने इस घटना में आठ लोगों को हिरासत में लिया, और इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## अबू धाबी में मिसाइल का मलबा गिरने से मारे गए दो लोग



**अबू धाबी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष हर दिन और भी भयानक रूप ले रहा है। अमेरिका और इस्राइल के हमलों से क्षेत्र में हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं, वहीं ईरान भी खाड़ी देशों और अमेरिकी ठिकानों पर जबरदस्त पलटवार कर रहा है। मिसाइल और ड्रोन हमलों की गड़गड़ाहट के बीच यह संघर्ष अब चौथे हफ्ते में प्रवेश कर चुका है। अमर उजाला के इस लाइव ब्लॉग में पढ़ें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े तमाम पल-पल अपडेट्स...

इस्राइली सेना ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में चल रहे उसके अभियान के दौरान एक सैनिक शहीद हो गया है। सेना ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि गोलानी ब्रिगेड के 21 वर्षीय सैनिक ओरी ग्रीनबर्ग शहीद हो गए। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के दिनों में अपने सहयोगियों से कहा है कि वह ईरान में लंबे समय तक चलने वाले युद्ध से बचना चाहते हैं। ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि आने वाले हफ्तों में इस संघर्ष को समाप्त कर दिया जाएगा। मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने निजी तौर पर सलाहकारों को सूचित किया है कि उन्हें लगता है कि विवाद अपने अंतिम चरण में है। ट्रंप ने उनसे आग्रह किया है कि वे सार्वजनिक रूप से चार से छह सप्ताह की समयसीमा का पालन करें। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी चीन यात्रा से पहले इस युद्ध को खत्म करने की इच्छा जता चुके हैं। ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास दूसरे हमले के बाद रूस के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका और इस्राइल पर जानबूझकर परमाणु आपदा को भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इसकी वजह से मॉस्को को ईरान और रूस के संयुक्त रूप से निर्मित स्थल से और अधिक कर्मचारियों को निकालना पड़ा है।

आईआरएनए समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार शाम को शिराज क्षेत्र के काफ्री गांव में एक आवासीय क्षेत्र पर अमेरिकी-इस्राइली हमले में दो किशोर लड़कों की मौत हो गई। हमले में मारे गए लड़कों की पहचान इल्या और अमीर हुसैन शराफी के रूप में हुई है।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का सबसे अधिक प्रभाव सबसे गरीब और सबसे कमजोर आबादी पर पड़ रहा है।

## पाकिस्तान का अमेरिका पर तंज

**इस्लामाबाद।** ईरान-अमेरिका संघर्ष के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिका पर तंज कसते हुए कहा कि अब युद्ध का मकसद होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने पर केंद्रित हो गया है। इस बीच, ईरान ने युद्धविराम प्रस्ताव ठुकरा दिया है और हमले तेज कर दिए हैं। दरअसल, इस ईरान-अमेरिका युद्ध के चलते ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया है। यह रास्ता दुनिया के लिए बेहद जरूरी है क्योंकि वैश्विक तेल व्यापार का 20 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। इसके बंद होने से दुनिया भर में ईंधन की सप्लाई पर बुरा असर पड़ा है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस रास्ते को खुलवाने के लिए दुनिया के देशों से एकजुट होने की अपील की थी। इस मामले पर अब पाकिस्तान रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिका पर तंज कसते हुए कहा, ऐसा लगता है कि अब युद्ध का मकसद बदल गया है।

# ओसाका में फूड पॉइजनिंग से 600 से अधिक छात्र और स्टाफ बीमार, स्कूल के लंच में मिली ब्रेड बनी वजह

**टोक्यो।** जापान के ओसाका में फूड पॉइजनिंग की वजह से 600 से ज्यादा छात्र और स्टाफ बीमार हो गए हैं। जांच में स्कूल की ब्रेड में नोरोवायरस मिला है। प्रशासन ने संबंधित कंपनी पर पांच दिनों की रोक लगा दी है और मामले की जांच जारी है।

जापान के ओसाका प्रांत में फूड पॉइजनिंग का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां के कुमातोरी टाउन के कई स्कूलों में 600 से ज्यादा छात्र और स्टाफ सदस्य बीमार पड़ गए हैं। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी दी। शहर के आठ प्राथमिक और जूनियर हाई स्कूलों में पिछले गुरुवार से दस्त और उल्टी जैसे लक्षण लगातार सामने आ रहे हैं। मंगलवार तक प्रभावित लोगों की कुल संख्या 633 पहुंच गई है। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ने कुछ बीमार छात्रों की जांच की, जिसमें



नोरोवायरस की पुष्टि हुई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी मुताबिक यह वायरस उस कंपनी के कर्मचारियों में भी मिला है जो शहर के सभी स्कूलों में लंच के लिए ब्रेड की सप्लाई करती थी। इन नतीजों के आधार पर सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र ने यह निष्कर्ष निकाला है कि स्कूल के खाने में दी गई ब्रेड ही इस बीमारी की मुख्य वजह है। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए संबंधित निर्माता कंपनी के कामकाज पर पांच दिनों की रोक लगा दी है। फूड पॉइजनिंग एक तरह की बीमारी है जो दूषित खाना खाने या पानी पीने से होती है। इसका मुख्य कारण भोजन में मौजूद कीटाणु, हानिकारक बैक्टीरिया या अन्य दूषित तत्व होते हैं। इसके लक्षणों में पेट खराब होना, दस्त और उल्टी शामिल हैं। ये लक्षण अक्सर खाना खाने के कुछ घंटों या दिनों के भीतर शुरू हो सकते हैं। ज्यादातर मामलों में फूड पॉइजनिंग के लक्षण हल्के होते हैं और लोग बिना किसी विशेष इलाज के ठीक हो जाते हैं। हालांकि, कभी-कभी यह गंभीर बीमारी या अन्य शारीरिक समस्याओं का कारण भी बन सकता है। इसके सामान्य लक्षणों में पेट दर्द, मरोड़ और बुखार भी शामिल हैं। कुछ मामलों में दस्त के साथ खून भी आ सकता है।

फूड पॉइजनिंग से फैलने वाले संक्रमण काफी संक्रामक होते हैं। जब कोई व्यक्ति संक्रमित होता है, तो वह उल्टी या मल के सूक्ष्म कणों के माध्यम से कीटाणु फैला सकता है। ये कण सतहों पर या उंगलियों पर लंबे समय तक रह सकते हैं। अगर कोई दूसरा व्यक्ति उन सतहों को छूता है या संक्रमित व्यक्ति किसी के भोजन को छूता है, तो यह बीमारी दूसरे व्यक्ति तक पहुंच जाती है। स्कूलों और क्रूज शिप जैसी जगहों पर, जहां लोग एक-दूसरे के करीब रहते हैं, यह संक्रमण बहुत तेजी से फैलता है। फिलहाल इस बात की निगरानी कर रही हैं कि संक्रमण और ज्यादा न फैले।

## पश्चिम एशिया में शांति वार्ता अभी दूर की कौड़ी: बिना शर्त ईरान के रुकने के आसार कम

**अमेरिका।** अमेरिका-ईरान-इजरायल तनाव बढ़ा, शांति मुश्किल। खाड़ी देश चिंतित, ईरान झुकने को तैयार नहीं। प्रॉक्सी हमले तेज होने के आसार, युद्ध विस्तार का खतरा, चीन-रूस मध्यस्थता से समाधान संभव।

अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया में अब अपने हाथ नहीं जलाना चाहते, लेकिन इससे बाहर आने का सम्मानजनक रास्ता बहुत आसान नहीं है। अमेरिका के सहयोगी देश संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत भी चिंता से ग्रसित हैं। अमेरिका में मजबूत इस्राइली लॉबी है और इस्राइल अपने सवालों से समझौता नहीं चाहता। पश्चिम एशिया के विशेषज्ञ बताते हैं कि बिना शर्त ईरान के भी कदम पीछे खीचने के आसार नहीं हैं।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन अपनी मुख्य शर्तों को आगे रख रहे हैं। ईरान की चिंता केवल ईरान के ईर्द गिर्द नहीं है। आईआरजीसी हिज्बुल्ला, हमास, हूती और फिलिस्तीन के हक को लेकर भी बात करना चाहता है। पश्चिम एशिया के जानकार कहते हैं कि पूर्व

**रास्ता**

> अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया में अब अपने हाथ नहीं जलाना चाहते, लेकिन इससे बाहर आने का सम्मानजनक रास्ता बहुत आसान नहीं है।

सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का दौर कुछ और था। इस समय के ईरान का दौर कुछ और है। ईरान ने अमेरिका के प्रभाव और इस्राइल की रहस्य भरी क्षमता को देख लिया है। इसलिए ईरान अब झुककर समझौते के मूड में नहीं है। इतना ही इजरायल को भी बिना कड़ी शर्तों के शांति समझौता होने का अर्थ पता है।

सऊदी अरब जैसे सुन्नी बाहुल देश की ईरान से नहीं पटी है। हालांकि तुर्किए के राष्ट्रपति ने ईरान पर अमेरिका इस्राइल की कार्रवाई के दौरान एक बड़ा कूटनीतिक बयान दिया था। उन्होंने भविष्य को ध्यान में रखकर कहा था कि सवाल शिया



और सुन्नी का नहीं है। सवाल मुसलमान का है। एकजुटता का है। माना जाता है कि ईरान ने भी इसका पालन करने की कोशिश भी की। उसने इस दौरान केवल अमेरिकी ठिकानों पर हमले किए। कतर समेत अन्य पर हमले को लेकर सफाई भी दी। इस पूरे दौर में सऊदी अरब की स्थिति थोड़ा अलग है। सऊदी चाहता है कि खाड़ी देश में अमेरिका का कवच रहना चाहिए। ताकि ईरान एक स्तर तक सीमित रहे। दुबई से लौटे एक पूर्व राजनयिक बताते हैं कि दुबई में आम लोगों में एक खास तरह की आशंका देखी जा रही है। मुझे लगता है कि ईरान से किसी भी शांति वार्ता में इसे जरूर ध्यान में रखा जाएगा। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने राष्ट्रपति ट्रंप के 15 सूत्रीय प्रस्ताव को ईरान के पास पहुंचा दिया है। ट्रंप ईरान के साथ अच्छी वार्ता और शांति प्रयास के आगे बढ़ने का दावा कर रहे हैं, लेकिन ईरान इसे अमेरिका की कूटनीतिक चालबाजी और रणनीतिक तैयारी के लिए समय लेने की कोशिश बता रहा है। दूसरी ओर इस्राइल ईरान की तरह हमले जारी रखने का संदेश दे रहा है। ईरान के समर्थन में हिज्बुल्ला लगातार इस्राइल को निशाना बना रहा है। इस बीच ईरान ने स्टेट ऑफ हार्मुज में कुछ देशों के जहाज को उससे गुजरने से मना किया। माना जा रहा है कि आने वाले समय में ईरान की प्रक्सियां हमले तेज कर सकती हैं। इराक में भी अमेरिका की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ईरान के रुख को देखने पर युद्ध का दायरा बढ़ने, अस्थिरता और आर्थिक खतरा बढ़ने के ही संकेत हैं। ईरान ने वैसे भी इस युद्ध में अमेरिका को डराना सीख लिया है। उसके रणनीतिकारों को पता है कि बिना अमेरिका के सहयोग के इस्राइल नहीं चल सकता, इसलिए अभी उनका फोकस इस्राइल पर हमला करने की तरफ अधिक है। ईरान का दूसरा फोकस अमेरिका के खाड़ी के सहयोगी देशों में स्थिति अमेरिकी अड्डों पर हमला है। ताकि अमेरिका की चिंता बढ़ सके।

पश्चिम एशिया में अमेरिका के साथ-साथ चीन और रूस की भूमिका काफी बढ़ी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सधे अंदाज में अपने वक्तव्य दिए हैं, लेकिन राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने बयानों में भी खुलकर ईरान का साथ दिया है। शी जिनपिंग पश्चिम एशिया में हमले रुकने और यथाशीघ्र शांति प्रयास की बात कर रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन अभी अंतरराष्ट्रीय हालात पर नजर टिकाए हैं। माना जा रहा है कि रूस और चीन की मंशा को ईरान अहमियत देगा।

## 27 दिन से बमबारी जारी, दांव पर ट्रंप की इज्जत



**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को युद्ध खत्म करने के लिए एक 15-सूत्रीय शांति प्रस्ताव भेजा था। हालांकि, ईरान ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया था। ईरान ने कहा था कि युद्धविराम सिर्फ उसकी शर्तों पर ही होगा। गौरतलब है कि अमेरिका ने ईरान से परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों पर रोक लगाने के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की मांग की थी।

ईरान से छिड़ी जंग 27वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से दावा किया है कि तेहरान के शीर्ष नेतृत्व के साथ युद्ध रोकने को लेकर बातचीत जारी है। हालांकि, ईरान की ओर से संघर्ष विराम को लेकर बातचीत से इनकार किया गया है। युद्ध रोकने के दावों और इनकार की इस हुज्जत में ट्रंप की इज्जत दांव पर लग गई है।

वहीं, कई अंतराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए कूटनीतिक कोशिशें तेज कर दी गई हैं। इसे आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान के इस्लामाबाद में शांति वार्ता करने जा सकते हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार संघर्ष विराम के लिए इसी हफ्ते इस्लामाबाद में जेडी वेंस एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल हो सकते हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वेंस के साथ अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और पूर्व वरिष्ठ सलाहकार जेरेड कुशनर भी इस बैठक में शामिल होंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस ओर संकेत दिए थे।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने अमेरिका के साथ शांति वार्ता के लिए जेडी वेंस को अपनी पहली पसंद बताया है। ईरान के अधिकारियों ने कहा कि वह अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ या जेरेड कुशनर के साथ बातचीत नहीं करना चाहता।

ईरानी अधिकारियों ने साफ किया कि पिछली बार इन नेताओं के साथ बातचीत के कुछ ही समय बाद तेहरान पर सैन्य हमले शुरू हो गए थे। ईरान की ओर से इन अधिकारियों पर भरोसा नहीं जताया गया है। वहीं, जेडी वेंस पहले से ही मध्य पूर्व के संघर्षों में अमेरिका के उलझने के खिलाफ साफ रुख अपनाते रहे हैं।

ईरान का मानना है कि जेडी वेंस इस युद्ध को जल्द खत्म कराने में व्यावहारिक और अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# जौनपुर महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



- जिलाधिकारी द्वारा स्वरचित गीत की हुई लॉन्चिंग, गीत को सिंगर वरदान सिंह ने दिया है स्वर
- विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश पर आधारित गीत की सभी ने की सराहना

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जौनपुर महोत्सव के द्वितीय दिवस तथा शासन के उत्कृष्ट नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ऐतिहासिक शाही किला में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांध्यकालीन कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश गिरीश चंद्र यादव, सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशु, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्य, जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, आमजनमानस की उपस्थिति में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा शासन की नौ वर्षों की उपलब्धियों एवं विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना पर आधारित उनके स्वरचित गीत तड़पती धूप में देखो, पिघलती बर्फ में देखो का लोकार्पण किया गया। इस गीत को बॉलीवुड गायक वरदान सिंह ने अपनी आवाज़ दी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह गीत मात्र एक रचना नहीं, बल्कि मन की अनुभूति का प्रतिबिंब है। उन्होंने गायक वरदान सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब शब्द और स्वर का संगम होता है, तब एक नई यात्रा का आरंभ होता है—एक ऐसी यात्रा, जो विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ती है। उन्होंने आगे कहा कि जब हम आम जनता और लाभार्थियों से सीधे संवाद करते हैं, तब हमें देश के वास्तविक विकास का अनुभव होता है। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी के समर्पण पर बल दिया। इस अवसर पर राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव तथा सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशु सहित उपस्थित आमजनमानस ने जिलाधिकारी द्वारा रचित गीत की सराहना की। मंत्री तथा एमएलसी द्वारा जौनपुर महोत्सव में मनमोहक गीतों की प्रस्तुति देने तथा जिलाधिकारी के स्वरचित गीत को स्वर देने पर गायक वरदान सिंह को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# शिवगुलामगंज हाइवे पर टायर फटने से पिकअप पलटा

- ड्राइवर सुरक्षित, हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र में शिवगुलामगंज मोड़, एनएच 731 पर बृहस्पतिवार को एक पिकअप का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में पिकअप चालक सुरक्षित रहा। घटना गुरुवार दोपहर करीब 3:40 बजे हुई। पिकअप (P 62 AT 8495) पर जय मां शारदा ट्रेडिंग कंपनी, इस्मैला शिवापार, जौनपुर से पशुओं के लिए चूनी-चोकर लदा था, जो सड़क पर बिखर गया। चालक रविंद्र यादव, जो इस्मैला कुद्दुपुर, थाना लाइन बाजार का निवासी है, जौनपुर से बदलापुर जा रहा था।टायर फटने के बाद पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलट गई। एम्बुलेंस चालक व कर्माचारियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत पिकअप चालक को वाहन से बाहर निकाला। दुर्घटना के कारण एनएच 731 पर लगभग आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस की मदद से पिकअप पर लदे चूनी-चोकर को दूसरी पिकअप में स्थानांतरित किया गया और पलटी हुई पिकअप को हाईवे से हटाया गया। इसके बाद यातायात सुचारु रूप से बहाल हो सका। इसी दौरान, दुर्घटनाग्रस्त पिकअप के पीछे आ रही एक एम्बुलेंस (P 32 FG 0716) के चालक और कर्मचारियों ने मदद के लिए वाहन रोका। पिकअप चालक को निकालने के प्रयास में एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे खाई में जा गिरी। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर की सहायता से एम्बुलेंस को खाई से बाहर निकाला गया।

# उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल व डीजल की बिक्री की जाएगी: सीआरओ

**अवधनामा संवाददाता**



**आज़मगढ़।** जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों यथा पेट्रोल एवं डीजल की सुचारु एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पम्प एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी ने सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की विधिवत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पम्प पर वाहन के साथ आने वाले उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री की जाएगी। किसी भी स्थिति में जमाखोरी अथवा अवैध भण्डारण के उद्देश्य से खरीद करने वाले व्यक्तियों को पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति न की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनपद के सभी पेट्रोल पम्पों पर डीजल अथवा पेट्रोल उपलब्ध होने के बावजूद 'स्टॉक उपलब्ध नहीं है' संबंधी कोई भी भ्रामक या अनावश्यक डिस्प्ले बोर्ड प्रदर्शित न किया जाए। साथ ही सभी पेट्रोल पम्पों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को सदैव क्रियाशील रखा जाए, जिससे आपूर्ति एवं बिक्री व्यवस्था पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में मांग के सापेक्ष पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा संबंधित पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा पेट्रोल पम्पों पर लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में किसी प्रकार की कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जनपद में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और नियमित रूप से आपूर्ति जारी है। उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से पेट्रोल पम्पों पर भीड़ न लगाने तथा आवश्यकता से अधिक पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद से बचने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति अथवा फर्म पेट्रोल या डीजल की जमाखोरी अथवा अवैध भण्डारण करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कठोर विधिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सम्राट अशोक शांति, न्याय और अहिंसा के प्रतीक



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में महान शासक विश्वविख्यात प्रियदर्शी सम्राट अशोक की जयंती समारोह पूर्वक पार्टी के जिला कार्यालय सदर चुंगी अलफस्टीनगंज में मनाई गई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि सम्राट अशोक का शासनकाल (ईसा पूर्व 269-232) भारत के इतिहास में एक अखंड और सशक्त शासन का प्रतीक माना जाता है, जो मौर्य वंश के सबसे प्रतापी राजा थे। सम्राट अशोक शांति, न्याय और अहिंसा के प्रतीक माने जाते हैं, जिन्होंने युद्ध त्याग कर मानवता का मार्ग अपनाया। विचार गोष्ठी को सांसद जौनपुर बाबूसिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक गण लालबहादुर यादव, राजनरायन बिंद, श्रद्धा यादव, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपचंद राम, डॉ राजीव रत्न मौर्य, श्यामबहादुर, महेंद्र प्रताप यादव, हीरालाल विश्वकर्मा, महेंद्र प्रताप यादव नेपाल, श्रवण जायसवाल, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष गण वीरेंद्र यादव, निजामुद्दीन अंसारी, रामू मौर्य सूर्यभान यादव, हरिश्चंद प्रभाकर, डॉ सुजीत पटेल, रामकेश बिंद, विजय बहादुर गौतम, बरसातू राम सरोज आदि ने संबोधित किया।

# सरकारी नाला मिट्टी डालकर दबंग व्यक्ति कर रहे कब्जा

- पीड़ित महिला के मना करने पर से रहे धमकी कि हमारा लड़का आईएएस है।
- सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के देवकली गांव का मामला



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के बृहस्पतिवार को दबंग पूर्व जेई गन्ना विभाग ने सरकारी नाले में मिट्टी डालकर जबरदस्ती कब्जा कर रहे हैं पीड़ित ने जब इसका विरोध किया कि हमारे खेत में नाले का पानी जाने से फसल बर्बाद हो जाएगी तो उन्होंने धमकी देने लगे। पीड़ित ने इसकी जानकारी सपा नेता को दी तो स्थानीय लोगों के साथ जाकर मना करने लगे। तो दबंग व्यक्ति और ग्रामीणों से नोकझोंक होने लगी। तो सपा नेता ने किसी तरह मामले को शांत कराए।

बता दे कि देवकली गांव निवासी भानु प्रताप यादव पूर्व गन्ना विभाग रिटायर्ड जेई घर के बाउंड्री वॉल के बगल सरकारी नाला गया है जिसमें उन्होंने जेसीबी से मिट्टी निकाल कर बाउंड्री वॉल के बगल लगा लिए। नाले के बगल पीड़ित महिला फसल खराब होने लगी तो उन्होंने मना किया लेकिन धमकी देने लगे। कि हमारा लड़का और लड़की आईएस है। कोई कुछ कर नहीं पाएगा। पीड़ित महिला भानुमति देवी पति स्वर्गीय फौजदार व पीड़ित महिला अमरावती पति स्वर्गीय सूबेदार ने आरोप लगाया कि जेई नाले की मिट्टी अपने बाउंड्री बाल पर लगा रहे हैं जिससे नाला टूट गया और नाले के पानी से हम लोग की फसल बर्बाद हो जाएगी। पीड़ित महिला ने सपा नेता अमित यादव को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर मना करने गये। लेकिन पहले से ग्रामीण,ग्राम प्रधान दोनो से जेई की नोक झोक हो रही थी उहोंने ग्राम प्रधान महेश कुमार सोनकर से जेसीबी से नाले को बंधक बनवाया। और मामले को शांत करवाए।

## जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया गया



**आज़मगढ़।** जिला न्यायाधीश जयप्रकाश पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सत्यवीर सिंह, सचिव श्रीमती निकिता राजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल द्वारा जिला कारागार आजमगढ़ का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा जेल परिसर, बंदियों के बैरक, भोजनालय, कैंटीन, सीसीटीवी व्यवस्था एवं चिकित्सालय का गहन अवलोकन किया गया तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर एवं सुचारु बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए द्य निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा भी की गई।

# हिंदू नव वर्ष का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मना

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा हिंदू नव वर्ष का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर हिंदू नव वर्ष का कार्यक्रम बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भंवरनाथ मंदिर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र सेविका समिति की सेविकाओं द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना का विकास करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हिंदू नव वर्ष के महत्व, भारतीय संस्कृति की महानता तथा समाज में संस्कारों के संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सेविकाओं एवं नागरिकों ने आपस में एकजुट होकर राष्ट्र को नई दिशा देने एवं समाज के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान भजन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें बरसाने वाली लाडलीजी ने अपने संगीतमय भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। देशभक्ति गीत एवं प्रार्थना के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के प्रांत कार्यवाहिका, जिला संपर्क प्रमुख ललिता पाठक, जिला व्यवस्था प्रमुख रागिनी बरनवाल, नगर कार्यवाहिका संचिता बरनवाल, जिला बौद्धिक प्रमुख डॉक्टर सुचिता श्रीवास्तव, सह बौद्धिक प्रमुख अनीता द्विवेदी, नगर संपर्क प्रमुख अंजू बरनवाल, बिन्नी श्रीवास्तव, प्रिया गुप्ता, आशा गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग सम्मिलित हुए।

# मां के शक्तिपीठों में महाअष्टमी पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

- मां महागौरी की आराधना, आज से शुरू हुआ कन्या पूजन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर भक्त शक्ति की भक्ति में सराबोर नजर आये। ब्रह्म मुहूर्त से ही शहर के प्राचीन शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आदि शक्तिपीठ अलोप शंकरी, ललिता देवी और कल्याणी देवी मंदिरों में भोर से ही %जय माता दी% के उद्घोष गूंजते रहे।

आदि शक्तिपीठ अलोप शंकरी देवी मंदिर में महाष्टमी पर माता का अद्भुत श्रृंगार किया गया। भोर में विशेष आरती के बाद जैसे ही मंदिर के पट आम भक्तों के लिए खोले गए, दर्शन के लिए होड़ लग गई। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में नारियल, चुनरी, फल और मिष्ठान्न अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती की गई थी। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस वर्ष महाअष्टमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का दुर्लभ संयोग बना, जिससे पूजा-अर्चना का फल कई गुना बढ़ गया। अष्टमी तिथि 25 मार्च की दोपहर 1:51 बजे शुरू होकर 26 मार्च की सुबह 11:49 बजे तक रही, जिसके चलते भोर से ही पूजन का विशेष महत्व देखा गया। मां दुर्गा के आठवें स्वरूप, मां महागौरी की आराधना के लिए भक्तों में भारी उत्साह रहा। महाअष्टमी पर आज घर-घर में कन्या पूजन (कंजक) की धूम रही। अष्टमी का व्रत रखने वाले भक्तों ने नौ छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनके पैर पखारे और उन्हें हलवा-पूरी व चने का प्रसाद ग्रहण कराया। तिथि के विस्तार के कारण कई श्रद्धालु 27 मार्च को महानवमी के अवसर पर भी कन्या पूजन करेंगे।

भीड़ के मद्देनजर प्रयागराज पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। शक्तिपीठों के साथ-साथ शहर के अन्य प्रमुख चौराहों पर भी पैनी नजर रखी गई। मंदिरों के बाहर लंबी कतारों को देखते हुए बैरिकेडिंग की गई और सादे कपड़ों में भी पुलिस बल तैनात रहा। दर्शन-पूजन का यह सिलसिला देर रात तक जारी रहने की संभावना है।

## नंबर प्लेट बदलकर ट्रक बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**प्रयागराज।** प्रयागराज एसटीएफ ने एक गिरोह का राजफाश किया। गिरोह के सदस्य बैंक से लोन लेकर खरीदे गए ट्रक का नंबर प्लेट बदलकर और चेचिस में छेड़छाड़ करके लोगों को बेच देते थे। इस तरह का फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने भंडाफोड़ किया। गुरुवार को एसटीएफ टीम ने कौशांबी जिले के कोखराज इलाके से गिरोह के एक सदस्य को दबोच लिया। उसके कब्जे से दो ट्रक भी बरामद किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपित से एसटीएफ को पता चला है कि गिरोह के सदस्य मेरठ निवासी एक युवक के माध्यम से फर्जी नंबर प्लेट और पंचिंग करने वाली चेचिस बनवाते थे। यह भी कहा गया है बैंक से ऋण पर लिए गए वाहन को चोरी होना बताने से गिरोह को दोहरा फायदा होता था। एक तरफ उनको बैंक का ऋण नहीं चुकता करना होता था और दूसरी तरफ फर्जीवाड़ा करके ट्रक बेचकर मुनाफा भी कमाते थे। एसटीएफ अधिकारियों का कहना है कि गिरोह का कई जिलों में नेटवर्क फैला हुआ है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ में गिरोह के दूसरे सदस्यों के बारे में पता चला है।

# इलेक्ट्रिक प्रेस से सिर पर वार कर की पत्नी की हत्या

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र में बुधवार रात पति ने पत्नी की हत्या कर दी। पति ने इलेक्ट्रिक प्रेस से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ 8 वार किए। इससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। करीब 5 घंटे तक वह पत्नी को तड़पता देखता रहा। जब पत्नी की सांस थम गई। तब उसने गुरुवार सुबह करीब 6 बजे पुलिस को फोन किया। बोला- मैंने अपनी पत्नी का मर्डर कर दिया है। लाश घर पर है। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पति पत्नी की लाश के सामने बैठा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झूंसी थाना क्षेत्र के चमनगंज बाजार निवासी हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि पंजाब के गुरदासपुर निवासी स्वीटा से उसका अफेयर था। 12 नवंबर 2021 में दोनों ने लव मैरिज कर ली। मेरी एक 2 साल की बेटी भी है। शादी के बाद से ही स्वीटा मुझ पर अलग रहने का दबाव बनाने लगी। मैंने उससे कहा कि मेरे पिता की मौत हो चुकी है। मां और बहन ही तो परिवार में हैं। मैं अकेला घर का कमाने वाला हूं। अगर मैं छोड़कर चला गया तो वह लोग कैसे रहेंगे। उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। मगर वह नहीं मानी। आए दिन वह झगड़ा करती। मेरे साथ भी मारपीट करती थी। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि बुधवार रात भी हम दोनों के बीच इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। उसने मुझ पर हाथ उठा दिया। मेरे साथ मारपीट करने लगी। तभी मैंने आयरन प्रेस से उसके सिर पर वार कर दिया। इससे वह मर गई। जब तक वह मर नहीं गई, मैं वहीं बैठा रहा। सुबह 6 बजे उसने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नई किरण प्रोजेक्ट के माध्यम से बिखरे परिवारों को जोड़ने का सतत प्रयास

**आजमगढ (अवधनामा संवाददाता)** आयोजित बैठक में कुल 06 प्रकरणों में दोनों पक्षों को दूरभाष /नोटिस के माध्यम से सूचित कर मीडिएशन हेतु उपस्थित कराया गया, जिसमें सभी प्रकरणों में पक्षकार उपस्थित रहे। गहन काउंसलिंग एवं अथक प्रयासों के उपरांत 02 प्रकरणों में आपसी सहमति से समझौता कराया गया। शेष प्रकरणों में एक मामले में पति द्वारा शराब के नशे में मारपीट, गाली-गलौज एवं भरण-पोषण न देने का आरोप पाया गया, जबकि एक अन्य प्रकरण में कम दहेज के कारण पति एवं ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट कर घर से निकाल देने का मामला सामने आया। इन प्रकरणों में अगली तिथि नियत कर पक्षकारों को पुनः उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया है। नई किरण प्रोजेक्ट के माध्यम से बिखरे हुए परिवारों को पुनः एकजुट करने एवं समाज में पारिवारिक सौहार्द स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे पारिवारिक न्यायालयों पर बढ़ते कार्यभार को भी कम किया जा सकेगा।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं भूरा पुत्र खडक सिहं निवासी इन्दिरा गांधी कालोनी, पेपर मिल रोड, थाना सदर बाजार, जिला सहारनपुर सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र अनुज पुत्र भूरा व श्रीमती माला पत्नी अनुज नि. इन्दिरा गांधी कालोनी, पेपर मिल रोड, थाना सदर बाजार , सहारनपुर का व्यवहार /आचरण एवं संगत शोभनीय नहीं है पुत्र अनुज पुत्र वधु माला मेरी व मेरे परिवार की बात नही मानते मन मानी करते हैं माना करने पर गाली गलौच कर हमें झूठे केस में फंसाने की धमकियां देते हैं अतः विवश होकर मैंने उक्त दोनों से सभी संबंध ख़त्म कर दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बे दखल कर दिया है।

**कोर्ट सूचना**

न्यायालय मा.सिविल जज सीडी सहारनपुर वाद संख्या 2188 सन 2025 श्रीमती अफसाना पत्नी मौ0 नदीम पुत्री इरफान निवासी ग्राम बेहरेवाला जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश वर्तमान निवासी चिलकाना तहसील व जिला सहारनपुर (वादीया)... बनाम....फरमान पुत्र इनाम निवासी ग्राम पटना उर्फ नया बांस प.सुलतानपुर तहसील व ज़ि.सहारनपुर (मो. नं.-8395091608) प्रतिवादी हरगाह वादनी ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थायी निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07 माह 04 सन 2026 ई0 बाबत 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमो के हालात के करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हों कि जवाब ऐसे सवाल का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे बस आपको लाजिम है कि उसी दिन अपने जुमला गवाह एवं दस्तावेज़ जो अपनी ताईद में इस्तेमाल करना चाहें पेश करें इत्तला दी जाती है कि बरोज मजकूर यदि आप हाज़िर ना होंगे तो मुकदमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फ़ैसला होगा आज दिनांक 26/3/26 को मेरे द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मशीयत फातिमा (MASHIYAT FATIMA) पुत्री मोहम्मद अतहर (MOHD ATHAR) निवासिनी- मकान नं.-450/775/ 001, फ्रेंड्स कालोनी, मुफ्तिगंज, चौक, लखनऊ उ.प्र. पिन-226003।

मेरे हाईस्कूल की अंकपत्र व मार्कशीट में मेरे पिता का नाम मोहम्मद अतहर (MOHD ATHAR) के स्थान पर मोहम्मद अतहर हुसैन (MOHAMMAD ATHAR HUSAIN) अंकित हो गया है, जो गलत है। अभिलेखों में में मेरे पिता का नाम (MOHD ATHAR) दर्ज है, जो सही है।

अतः मेरे पिता का नाम मोहम्मद अतहर (MOHD ATHAR) सही व सत्य है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पुत्रगण राकेश और सौरभ और उनकी पत्नियों आरती व लतेस ने हम पति-पत्नी का रहना खाना हरामकर रखा है घर में हर समय क्लेश का माहौल बनाए रखते हैं जिससे हमारा जीवन दुश्वार हो गया है ऐसी स्थिति में हमने अपने दोनों पुत्र और पुत्रवधुओं को अपनी चल-अचल संपत्ति से भी दखल कर दिया है और अपने व्यक्तिगत सार्वजनिक जीवन से भी अलग कर दिया है उनके द्वारा किए गए कोई भी लेनदेन एवं व्यवहार के लिए हम जिम्मेदार नहीं होंगे।

**पोप सिंह पुत्र राम भरोसी**
**मीना देवी पत्नी पोप सिंह**
निवासी :- रामलीला मैदान के पीछे थाना गोविंद नगर मथुरा।

# दबंगों ने युवक की पिटाई कर छीने 30 हजार रुपए

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र में बीती रात सरस्वती हाईटेक सिटी के पास एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ। दबंगों ने युवक की बेरहमी से पिटाई कर उसकी जेब से 30 हजार रुपये नकद छीन लिए। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी प्रवीण सिंह (पुत्र नागेंद्र सिंह) शहर से अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी औद्योगिक क्षेत्र के सरस्वती हाईटेक सिटी के समीप कुछ दबंगों ने उन्हें रोक लिया। इससे पहले कि प्रवीण कुछ समझ पाते, दबंगों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी और उनकी जेब से 30 हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित प्रवीण सिंह ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी और बाद में औद्योगिक थाने में लिखित तहरीर दी। हालांकि, पीड़ित का आरोप है कि पुलिस उनसे तहरीर से रुपये छीनने की बात हटाने का दबाव बना रही है। इस कथित उदासीनता के कारण अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। आरोप है कि घटना के बाद, एक आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल पर फोन कर मारपीट की घटना को ट्रेलर बताया। आरोपी ने धमकी दी कि पिक्चर अभी बाकी है और वह पीड़ित के साथ दोबारा मारपीट करेगा। वायरल ऑडियो रिकॉर्डिंग के अनुसार, आरोपी ने दिल्ली दिखाने पर हाथ-पैर तुड़वा देने की भी धमकी दी है।

# इंस्पेक्टर शिवकुमार अति विशिष्ट रेल सेवा पदक से सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे ने निरीक्षक शिवकुमार सिंह को अति विशिष्ट रेल सेवा पदक से सम्मानित किए हैं। यह सम्मान एवं प्रमाण पत्र इंस्पेक्टर शिवकुमार सिंह को बीते 2024-25 के दौरान प्रयागराज जंक्शन पर बतौर आरपीएफ इंस्पेक्टर तैनाती के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए सम्मानित किया गया है। वर्तमान में वह आरपीएफ क्राईम ब्रांच इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक शिवकुमार सिंह को महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह, अपर महाप्रबंधक जे एस लकड़ा, आईजी आरपीएफ प्रदीप कुमार गुप्ता एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी मुदित चंद्र ने उत्तर मध्य रेलवे की ओर से अति विशिष्ट रेल सेवा पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किए हैं। बता दें कि वर्ष 2024-25 के दौरान शिव कुमार सिंह प्रयागराज जंक्शन पर आरपीएफ इंस्पेक्टर पद पर तैनाती थी। इस दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के अंतर्गत किडनैप किए गए तीन बच्चों को सकुशल बरामद किया गया तथा हत्या के मामले में हत्यारोपी को गिरफ्तार किया गया। जहर खुरानी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मानव तस्करी मामले में 99 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया गया तथा 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। तीन नशे के सौदागरों को तस्करी के मामले में 34 किलो ग्राम अवैध गांजा जिसकी कीमत 6 लाख 75 हजार बरामद किया गया। 13 अवैध शराब तस्करी के मामले में 3 लाख 39 हजार 290 रुपए मूल्य की अवैध शराब बरामद की गई।

यात्री सामान चोरी के 66 मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर छोरी के सामान बरामद किया गया। 17 अवैध टिकट दलालों एवं 872 अवैध वेंडर सहित कुल 1986 मामलों में रेलवे एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर संबंधित लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय के माध्यम से 16 लाख 83 हजार 335 रुपए जुर्माना कराया गया। आरपीयूपी एक्ट के कुल 20 मामलों में सभी आरोपियों सहित रिसीवरों को गिरफ्तार कर संपूर्ण रेलवे संपत्ति बरामद की गई। इन किए गए कार्यों के कारण उत्तर मध्य रेलवे ने निरीक्षक शिव कुमार सिंह को अति विशिष्ट रेल सेवा प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

# उत्तर प्रदेश में 50 लाख एमएसएमई कर रहे अच्छा प्रदर्शनः अवनीश अवस्थी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई एवं निर्यात संवर्धन विभाग के साथ साझेदारी में वॉलमार्ट वृद्धि ने आइडियाज टु इम्पैक्ट फाउंडेशन (आई2आई) के साथ मिलकर वॉलमार्ट वृद्धि एमएसएमई कनेक्ट 2026 का आयोजन किया। इस आयोजन में विभिन्न उद्यमी, सरकार के प्रतिनिधि और उद्योग जगत के प्रमुख लोग एक मंच पर आए और राज्य में एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत करने के विषय पर विमर्श किया। इस दौरान वॉलमार्ट वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्रम के माध्यम से मिलने वाले अवसरों को भी सामने रखा गया। कानपुर में हुये इस कनेक्ट कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के सलाहकार श्री अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में करीब 96 लाख एमएसएमई हैं। इनमें से करीब 50 लाख एमएसएमई सक्रिय हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वॉलमार्ट वृद्धि जैसी पहल से एमएसएमई को जुड़ने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए सही सपोर्ट मिल रहा है। फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स चैनल्स के माध्यम से बिक्री करने की बात हो या वॉलमार्ट के जरिये निर्यात की, दोनों ही मामलों में व्यापक संभावनाएं हैं। सही मार्गदर्शन और सपोर्ट से हमारे एमएसएमई और विस्तार कर सकते हैं तथा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं।' वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सोर्सिंग एंड प्रोक्योरमेंट, जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा, 'एमएसएमई को मजबूत बनाने के लिए पूरे इकोसिस्टम में गठजोड़ की जरूरत है। लंबी अवधि में कारोबारी सफलता के लिए एमएसएमई को विकास एवं प्रतिस्पर्धा की राह पर लाना जरूरी है। वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम निशुल्कप्रशिक्षण, पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप और मार्केटप्लेस एक्सेस के माध्यम से उद्यमियों को उनके कारोबार का विस्तार करने में सक्षम बनाता है और नए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने में मदद करता है।' वॉलमार्ट वृद्धि लगातार निशुल्क प्रशिक्षण, मार्केट एक्सेस और टूल्स प्रदान करते हुए उत्तर प्रदेश में एमएसएमई को रेजिलिएंट और डिजिटल रूप से सक्षम कारोबार स्थापित करने में मदद कर रहा है। इस प्रोग्राम के तहत वर्कशॉप एवं सेमिनार के जरिये विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिनका उद्देश्य उनकी कारोबारी क्षमताओं को बढ़ाना होता है। वॉलमार्ट वृद्धि, उत्तर प्रदेश में लेदर उत्पाद, फुटवियर, टेक्सटाइल्स, होजरी और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों के निर्यात से जुड़े क्लस्टर्स में एमएसएमई को सशक्त बना रहा है।

**आयोजन**

**एमएसएमई एवं निर्यात संवर्धन विभाग के साथ मिलकर वॉलमार्ट वृद्धि ने किया एमएसएमई कनेक्ट का आयोजन**



यह प्रोग्राम आगरा, मऊ, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद और वाराणसी में भी अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। 2019 में लॉन्च किए गए वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे देशभर के एमएसएमई को आधुनिक होने, विस्तार करने और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में विकास करने में सक्षम बनाया जा सके। इस साल की शुरुआत में वॉलमार्ट वृद्धि ने अपने प्रोग्राम पार्टनर के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया था। इसका उद्देश्य एमएसएमई की क्षमताओं को बढ़ाना और उन्हें फ्लिपकार्ट एवं वॉलमार्ट मार्केटप्लेस पर ऑनबोर्ड होने में मदद करना है। यह साझेदारी 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप है और इसका लक्ष्य स्थानीय कारोबारियों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक बाजारों में अपनी मौजूदगी को बढ़ाने में सहयोग करना है। राज्य के उद्यमी वॉलमार्ट वृद्धि से मिले प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कारोबार का विकास कर रहे हैं। रेनहोम्ज की मालकिन रेणुका मिश्रा बताती हैं कि उन्होंने पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप के माध्यम से अपनी प्रोडक्ट पैकेजिंग, प्राइसिंग और रेडिनेस को बढ़ाया है। वह 150 से ज्यादा महिला कारीगरों का सहयोग कर रही हैं और 200 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि हासिल की है। इसी तरह, प्रतीक एंटरप्राइजेज के मालिक संजय कुमार बताते हैं कि उन्होंने प्राइसिंग, मार्केट स्ट्रेटजी और क्लाइंट एंगेजमेंट पर मिले मार्गदर्शन कीमदद से अपनी कंपनी के बर्ड-नेट एवं सेफ्टी इनोवेशन बिजनेस को आगे बढ़ाया है। संजय के अनुसार, प्रोग्राम से मिली सीख को अपनाने से उनकी मासिक बिक्री करीब 50,000 रुपये से आज 10 लाख रुपये के ऊपर पहुंच गई है।

# सैमसंग ने भारत में आकर्षक ऑफर्स के साथ गैलेक्सी ए57 5G और गैलेक्सी ए37 5G पेश किए



**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स (उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स) ब्रांड, सैमसंग ने आज गैलेक्सी ए57 5G और गैलेक्सी ए37 5G लॉन्च करने की घोषणा की। ये दोनों उपकरण गैलेक्सी ए सीरीज के नए मॉडल हैं, जिनमें खास तौर पर युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो फोटोग्राफी, इंडिगो (प्रदर्शनी), मशील-इन एनल्ड (क्रिटम मेधा से लेज़) फीचर्स और ड्यूरेबिलिटी (मजबूती) को पसंद करते हैं।

**डिज़ाइन और डिज़ाइन**

Galaxy ए57 5G: इसमें एल्युमिनियम फ्रेम दिया गया है। 6.9 राक्षस के साथ यह अब तक की सबसे पवित्र गैलेक्सी ए सीरीज़ है।

इसके मौलिक बेज़ल्स (किनारे) विज़ुअल बैलेंस (दृश्य संतुलन) को बेहतर झटके देते हैं और देखने का अनुभव सबसे शानदार ( व्यूइंग एक्सपीरियंस ) देते हैं।

**शानदार कैमरा रिकॉर्डिंग**

दोनों उपकरणों में 50 एमपी का मुख्य कैमरा है, जिसमें एस्पेक्ट इमेज स्टेबिलिटी (ओआईएस) और 1.0 माइक्रोन का बड़ा सेंसर दिया गया है।

इसमें बेहतर इमेज सिग्नल आईएसपीआई और लाइज़ मोड शामिल हैं, जिसमें कम रोशनी में भी फोटो ज्यादा ब्राइट (चमकदार) और शार्प ब्राइटनेस (स्पष्ट कैरेक्टर) के साथ आते हैं।

गैलेक्सी ए57 5G: 50 एमपी मुख्य कैमरा + 12 एमपी अल्ट्रा-वाइड + 5 एमपी एमपी कैमरा।

गैलेक्सी ए37 5G: 50 एमपी मुख्य कैमरा + 8 एमपी अल्ट्रा-वाइड + 5 एमपी ग्रैब कैमरा।

दोनों दस्तावेजों में 12 एमपी का एचडीआर (एचडीआर) फ्रंट कैमरा है, जिससे सेल्फी और वीडियो कॉल ज्यादा साफ आते हैं।

**होटल (एआई) आधारित विशेषताएं**

नए ए सीरीज के कैमरा सॉफ्टवेयर में मोट-ड्विन एडिटिंग टूल्स (संपादन उपकरण) दिए गए हैं-

बेस्ट फेस फीचर यह एक ग्रुप शॉट में ज्यादातर पांच लोगों के लिए काम करता है, जिससे काम करने वाले (उपयोगकर्ता) हर व्यक्ति का सबसे अच्छा फेस चुन सकते हैं।

ऑब्जेक्टिव इरेज़र टूलः यह 33 प्रतिशत तेज गति से काम करता है, जिससे बिना इंटरनेट के भी फोटो से अनाचाही सामान हटाया जा सकता है।

## यूपी में इंडिया फर्स्ट लाइफ के चार नए एजेंसी ब्रांच, आगरा-गोरखपुर-कानपुर-मेरठ में विस्तार

**लखनऊ।** इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (इंडियाफर्स्ट लाइफ) ने उत्तर प्रदेश में अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए चार नए एजेंसी ब्रांच शुरू करने की घोषणा की है। ये ब्रांच आगरा, गोरखपुर, कानपुर और मेरठ में खोली गईं। कंपनी का कहना है कि सएजेंसी÷ निर्माण 2.0 के तहत किया गया। यह विस्तार इन शहरों में उसकी मौजूदगी मजबूत करेगा। ग्राहकों को जीवन बीमा के बेहतर व व्यापक समाधान उपलब्ध कराएगा।

इंडियाफर्स्ट लाइफ के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर (एजेंसी व अलायंस) सुमीत साहनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नए एजेंसी ब्रांच खोलकर कंपनी अपनी पकड़ और मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, ÷यह विस्तार हमारी सएजेंसी÷ निर्माण रणनीति के अनुरूप है। तेजी से बढ़ते इस बाजार में भरोसेमंद बीमा समाधान देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बढ़ती आय और आर्थिक गति के चलते राज्य में विकास की बड़ी संभावनाएं हैं।÷ उन्होंने यह भी कहा कि इस विस्तार से रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और कंपनी की टीमें खासतौर पर उन वर्गों तक वित्तीय सुरक्षा पहुंचाने पर ध्यान देंगी। अब तक इससे वंचित रहे हैं।दिसंबर 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, आगरा, गोरखपुर, कानपुर और मेरठ उत्तर प्रदेश में कंपनी के प्रमुख प्रदर्शन केंद्र बनकर उभरे हैं। इन शहरों की एजेंसी चैनल टीमों का कुल एजेंसी एपीई (एनुअल प्रीमियम इक्विवेलेंट) में लगभग 18 प्रतिशत योगदान रहा है। राज्य में बीमा एजेंटों की भर्ती में भी तेजी आई है। सालाना आधार पर इसमें 113त्न की वृद्धि दर्ज की गई है। यह देश में सबसे अधिक है कंपनी ने कहा कि वह अपनी ग्रकस्टरफर्स्ट नीति के प्रति प्रतिबद्ध है। नई शाखाएं आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। प्रशिक्षित पेशेवरों की टीम यहां ग्राहकों को उनकी जरूरत के आधार पर बीमा समाधान देगी।

# द ऑल हार्ट्स टूर-लाइवः श्रेया घोषाल तीन दशकों में लाइव एल्बम लॉन्च करने वाली भारत की पहली महिला कलाकार बनीं

**नई दिल्ली।** भारतीय संगीत की सबसे पसंदीदा और प्रतिष्ठित आवाजों में से एक, श्रेया घोषाल ने अपने हालिया ऑल हार्ट्स टूर की विशेष रिकॉर्डिंग वाले लाइव टूर एल्बम को रिलीज़ कर इतिहास रच दिया है। पिछले तीन दशकों में ऐसा करने वाली वह भारत की पहली महिला कलाकार बन गई हैं। अपनी भावपूर्ण आवाज़ और बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचानी जाने वाली श्रेया का यह लाइव एल्बम उनके प्रशंसकों के लिए एक दिल छू लेने वाला उपहार है। यह एल्बम उस वास्तविक ऊर्जा, भावनात्मक गहराई और संगीतमय प्रतिभा को कैद करता है जिसने ऑल हार्ट्स टूर को परिभाषित किया, जो श्रोताओं को कॉन्सर्ट जैसा एक शानदार अनुभव प्रदान करता है।



ये लाइव संस्करण दुनिया भर के खचाखच भरे एरेना और वेन्यू में महसूस किए गए पैमाने, भावना और ऊर्जा को दर्शाते हैं। बॉलीवुड की कुछ सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के गानों के साथ, यह एल्बम श्रेया घोषाल के कैटलॉग की उल्लेखनीय विविधता और लंबी उम्र को प्रदर्शित करता है ओमकारा (2006) के ओ साथी रे की गहराई से लेकर बाजीराव मस्तानी (2015) के दीवानी मस्तानी की भव्यता तक, अग्निपथ (2012) के चिकनी चमेली जैसे युग-परिभाषित डांस एंथम से लेकर हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया (2014) के समझावां की खूबसूरत आत्मीयता तक यह एल्बम तीन दशकों के उन पलों को समेटे हुए है जिन्होंने आधुनिक भारतीय पॉप संस्कृति की ध्वनि और भावनाओं को आकार दिया है।

एल्बम के बारे में बात करते हुए श्रेया घोषाल कहती हैं, द ऑल हार्ट्स टूर लाइव एल्बम मेरे लिए बेहद खास है। पहली बार, मैं कॉन्सर्ट रिकॉर्डिंग रिलीज़ कर रही हूँ ताकि मेरे श्रोता उसी भावना और ऊर्जा को फिर से महसूस कर सकें। यह उन सभी के लिए मेरा उपहार है जो इन वर्षों में मेरी यात्रा का हिस्सा रहे हैं- मेरे श्रोता, मेरे प्रशंसक, वे लोग जो इस टूर में शामिल हुए, और यहाँ तक कि वे भी जो नहीं आ सके। मैं उन्हें इसके बदले में कुछ देना चाहती थी, क्योंकि जैसा कि नाम से ही पता चलता है, मेरे प्रशंसक वास्तव में ऑल हार्ट हैं। 44 शहरों के इस वैश्विक दौरे में भारत, उत्तरी अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, मध्य पूर्व, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप शामिल थे। श्रेया घोषाल ने ओवीओ एरिना वेम्बली (लंदन), ओकलैंड एरिना (कैलिफोर्निया) और वुल्फ ट्रैप (वाशिंगटन डीसी) सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति दी। वह फॉक्स थिएटर (डेट्रॉइट) में प्रस्तुति देने वाली (लता मंगेशकर के बाद) दूसरी भारतीय कलाकार हैं और डॉल्बी थिएटर (लॉस एंजिल्स) में प्रस्तुति देने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं।

## गुजरात साइंस सिटी में 27 से 29 मार्च तक साइंस कार्निवल 2026 का भव्य आयोजन

**लखनऊ।** गुजरात काउंसिल ऑफ साइंस सिटी द्वारा वर्ष 2007 से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का बड़े स्तर पर आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रहती है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गुजरात काउंसिल ऑफ साइंस सिटी द्वारा गुजरात साइंस सिटी में 27 से 29 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय साइंस कार्निवल 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

इस साइंस कार्निवल के दौरान विद्यार्थियों एवं आम जनता के लिए विभिन्न वैज्ञानिक एवं रोचक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य आकर्षण निम्नलिखित हैं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी, वैज्ञानिक कार्यशालाएं , लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान, हैंड्स-ऑन प्रयोग एवं गतिविधियां, साइंस क्विज, ड्रोन शो (IMAX पार्किंग में), साइंस ड्रामा (विज्ञान भवन में), नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन , हॉल ऑफ फेम प्रदर्शनी , 3ष्ठ रंगोली, वैज्ञानिक फिल्मों का प्रदर्शन इस कार्यक्रम में लगभग 50,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिनमें राज्य एवं देशभर के विद्यार्थी, शिक्षक, वैज्ञानिक, इनोवेटर्स तथा मीडिया प्रतिनिधि शामिल होंगे। गुजरात काउंसिल ऑफ साइंस सिटी द्वारा देशभर की लगभग 100 वैज्ञानिक संस्थाओं एवं इनोवेटर्स को इस प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

यह आयोजन साइंस सिटी के विभिन्न स्थलों जैसे विज्ञान भवन, साइंस डोम, एम्फीथिएटर तथा ऑडिटोरियम I एवं II में आयोजित किया जाएगा।

इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है।

# ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई समिट 2026 ने नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं उद्यमशीलता में महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाया



**नई दिल्ली।** ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई (वुमेन एंपावरमेंट) वार्षिक महिला सम्मेलन एवं सम्मान 2026 के छठे संस्करण को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और खेल एवं युवा मामलों की राज्यमंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने कहा, वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के विजन की जड़ें समावेशी वृद्धि में निहित हैं जिसमें महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत के युवा और महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट्र की रीढ़ हैं। नवप्रवर्तन और उद्यमशीलता में अवसरों के साथ उन्हें सशक्त करना राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। स्वागत भाषण देते हुए ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई (वुमेन एंपावरमेंट)की अध्यक्ष सुश्री रूबी सिन्हा ने कहा, यह समिट कार्रवाई के लिए एक आह्वान है। मजबूत पारितंत्रों का निर्माण करना, व्यापक पहुंच सुगम बनाना और महिलाओं के नेतृत्व वाले नवप्रवर्तन में निवेश करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि जब महिलाएं विज्ञान एवं उद्यमशीलता में नेतृत्व करती हैं तो नवप्रवर्तन में तेजी आती है, अर्थव्यवस्थाओं का विस्तार होता है और समाज में बदलाव आता है। अपने विशेष संबोधन में ब्रिक्स सीसीआई के उपाध्यक्ष श्री समीप शास्त्री ने कहा, ब्रिक्स प्लस देश प्रतिभाओं के एक पावरहाउस का प्रतिनिधित्व करते हैं। रणनीतिक नीतिगत हस्तक्षेप से हमारी महिलाएं अब हाईटेक उद्योगों में नेतृत्व करने के लिए सशक्त हो रही हैं जिससे टिकाऊ वृद्धि जो सही मायने में समावेशी है, सुनिश्चित हो रहा है। भारत सरकार के डीजी एनआईसी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के अपर सचिव और ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई ग्लोबल वुमेन लीडरशिप प्रोग्राम के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि श्री अभिषेक सिंह ने वैश्विक सभा को संबोधित करते हुए कहा, जैसा कि टेक्नोलॉजी शासन और हर दिन के जीवन में अधिक समाहित हो चुकी है, पूर्वाग्रह को दूर करना विशेषकर एआई सिस्टम में इसे दूर करने के लिए विविध दृष्टिकोणों की जरूरत है और महिलाओं को इस प्रयास में केंद्र में आना होगा। विज्ञान, टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष खोज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व को परिलक्षित करती एक पहल मिशन शक्तिसैट का अनावरण करते हुए पूर्व विदेश राज्यमंत्री और मिशन शक्तिसैट की ग्लोबल चेयर श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने कहा, वैश्विक कूटनीति, नवप्रवर्तन और सांस्कृति आदान प्रदान के लिए महिलाओं का नेतृत्व महत्वपूर्ण है।

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच चिंता में बाजार, दुनिया की हालात देख निवेशक बरत रहे सतर्कता

**मुंबई।** लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और रिसर्च एनालिस्ट हरिप्रसाद कहते हैं कि भारतीय इक्विटी बाजार में उछाल आया, बेंचमार्क इंडेक्स 1.5 प्रतिशत से अधिक चढ़े। अमेरिका और ईरान के बीच सकारात्मक घटनाक्रम की खबरों ने बाजार में उत्साह का माहौल पैदा किया। इससे वैश्विक बाजार में रिस्क ऑन रिएक्शन देखने को मिला। हालांकि सतर्क रूख अभी भी अपनाया जा रहा है।

प्रसाद कहते हैं, बाजार में बढ़त का एक बड़ा कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट भी रही, जिसमें कच्चे तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के निशान से नीचे आ गया। कच्चे तेल के प्रति भारत की मैक्रो सेंसिटिविटी को देखते हुए इससे महंगाई की उम्मीदें, करेंसी के दबाव और कॉर्पोरेट मार्जिन पर राहत मिली। लेकिन बाजार के रिएक्शन से पता चलता है कि घरेलू बाजार के सेंटिमेंट अभी भी वैश्विक एनर्जी डायनामिक्स से जुड़े हुए हैं। रैली के बाद भी वोलैटिलिटी बनी हुई है, भारत का वीआईएक्स 24 के निशान के ऊपर बना हुआ है। इससे पता चलता है कि अंदर की घबराहट अभी कम नहीं हुई है और मौजूदा तेजी में मजबूत इंस्टीट्यूशनल भरोसे की कमी है। हालांकि गुरुवार को कच्चे तेल के दाम में उछाल देखने को मिला। ब्रेंट क्रूड 1.3 प्रतिशत बढ़कर 98.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

जियोजित इंवेस्टमेंट लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर कहते हैं, वैश्विक रिस्क सेंटिमेंट में सुधार की वजह से शांति की उम्मीदों भी कुछ बढ़ी हैं। इसमें अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत की संभावना, मिले-जुले भू-राजनीतिक घटनाक्रम की वजह से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के नीचे आ गईं है, जिसका बाजार ने स्वागत किया है। होर्मुज स्ट्रेट के जरिए समुद्री आवाजाही सामान्य होने के शुरुआती संकेतों से निवेशकों का भरोसा और बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। नायर कहते हैं, घरेलू रैली बड़े पैमाने पर थी, जिसमें सभी सेक्टर में वैल्यू ड्रिवन खरीदारी से सहारा मिला।

## मेघालय में सीटी का आगमनः भारत की अनकही खान-पान की कहानियों का जश्न मनाने वाला एक अभूतपूर्व पाक-कला आंदोलन

**शिलांग।** पूर्वोत्तर भारत में कुछ असाधारण होने वाला है। सीटी भारत का सबसे साहसी नया पाक-कला समूह–मेघालय में अपने बहुप्रतीक्षित दूसरे अध्याय का आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन में देश के कुछ सबसे बेहतरीन शेफ़, कहानीकार, रचनाकार और सांस्कृतिक हस्तियाँ एक साथ मिलकर एक यादगार अनुभव प्रदान करेंगे। 26 मार्च से 31 मार्च तक, मेघालय भोजन, संस्कृति और समुदाय के एक जीवंत और धड़कते हुए उत्सव में बदल जाएगा। यहाँ स्थानीय परंपराएँ राष्ट्रीय प्रतिभाओं से मिलेंगी, और वे कहानियाँ जिन्हें लंबे समय से नज़रअंदाज़ किया जाता रहा है, आखिरकार केंद्र-मंच पर अपनी जगह बनाएँगी। मेघालय के मुख्यमंत्री, कॉनराड संगमा कहते हैं, मेघालय की पहचान उसकी जीवंत संस्कृति, समृद्ध प्राकृतिक दृश्यों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से, यहाँ के युवाओं की ऊर्जा और रचनात्मकता से होती है। हमारे समुदायों और परंपराओं में रची-बसी, हमारी स्थानीय उपज, संगीत और पाक-कला की विरासत एक जीवंत धरोहर को दर्शाती है। सीटी 2.0 इसी भावना का उत्सव है–यह हमारे युवाओं को नेतृत्व करने, नवाचार करने और मेघालय की कहानी को दुनिया के साथ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह हमारी असल पहचान का एक प्रतिबिंब है और हमारे युवाओं द्वारा गढ़े जाने वाले भविष्य की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। सीटी केवल एक और आम फ़ूड फ़ेस्टिवल (भोजन उत्सव) नहीं है। यह एक आंदोलन है–एक ऐसा आंदोलन जो भारत की पाक-कला संबंधी चर्चाओं की मौजूदा स्थिति को चुनौती देता है। यह चर्चा का केंद्र-बिंदु जाने-पहचाने महानगरों से हटाकर उन क्षेत्रों की ओर ले जाता है, जो समृद्ध विरासत, विशिष्ट पहचान और अब तक अनकही कहानियों से भरे हुए हैं। मेघालय के मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों की पृष्ठभूमि में आयोजित होने वाले इस अध्याय में निम्नलिखित आकर्षण शामिल होंगे-

-स्थानीय सामग्रियों पर आधारित विशेष भोजन अनुभव

-क्षेत्रीय और पाक-कला से जुड़ी प्रतिभाओं के बीच आपसी सहयोग

-स्थानीय समुदायों के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव और अनुभव

-कहानी कहने के ऐसे सत्र, जो केवल भोजन की थाली तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उससे कहीं आगे की बातें करेंगे

मेघालयन एज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ. विजय कुमार डी., कहते हैं, मेघालयन एज में, हमारा मुख्य ध्यान ऐसे पर्यटन मॉडल विकसित करने पर रहा है जो टिकाऊ हों, समुदाय से जुड़े हों और राज्य की विशिष्ट पहचान में गहरे तक रचे-बसे हों। सीटी इसी दृष्टिकोण को दर्शाता है; यह एक ऐसा मंच तैयार करता है जो स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र, खान-पान की पद्धतियों और सांस्कृतिक आख्यानों के साथ एक सुव्यवस्थित और सार्थक तरीके से जुड़ाव स्थापित करता है।

## टाटा पावर ने साउथ ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड परियोजना के तहत सभी एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों का काम पूरा किया

**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश में 154 सर्किट किलोमीटर में फैली दो ट्रांसमिशन लाइनों 400 किलोवोल्ट टांडा-गोंडा और 400kV गोंडा-बस्ती डबल सर्किट के सफल संचालन (कमीशनिंग) की घोषणा की। इस उपलब्धि के साथ, कंपनी ने अब साउथ ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड परियोजना के तहत सभी एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों और सब-स्टेशनों को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। अब इस नेटवर्क में पूरे राज्य में 951 Ckm की तीन 765 kV लाइनें, 566 Ckm की चौदह 400 kV लाइनें और 3460 MVA परिवर्तन क्षमता वाले तीन 765/400 kV सब-स्टेशन शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश में 765 kV मैनपुरी-बारा सिंगल सर्किट लाइन, 765 kV मैनपुरी-उन्नाव सिंगल सर्किट लाइन, 400 kV टांडा-गोंडा और 400 kV गोंडा-बस्ती डबल सर्किट लाइन जैसी चार ट्रांसमिशन लाइनों के चालू होने से राज्य के भीतर उत्पन्न 4,000 मेगावाट से अधिक थर्मल पावर की सुरक्षित और विश्वसनीय निकासी संभव हो सकेगी। यह परियोजना ग्रिड स्थिरता को बढ़ाते हुए और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए राज्य की बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने में सहायता करेगी।

SEUPPTCL रिजर्जेंट पावर वेंचर्स पीटीई लिमिटेड का हिस्सा है, जो टाटा पावर, आईसीआईसीआई बैंक और वैश्विक निवेशकों के नेतृत्व वाला एक संयुक्त उद्यम है। किसी समस्या की वजह से अटके हुए इस प्रोजेक्ट को टाटा पावर ने खरीदकर दोबारा चालू किया और पूरा किया। 765 kV मैनपुरी-बारा सिंगल सर्किट लाइन (380 Ckm), 765 kV मैनपुरी-उन्नाव सिंगल सर्किट लाइन (194 Ckm), और 154 Ckm लंबी 400 kV टांडा-गोंडा व गोंडा-बस्ती डबल सर्किट लाइन को चालू करने के लिए बहुत बड़े स्तर पर प्लानिंग और काम किया गया।

# एचएफसीएल ने भारत की महत्वाकांक्षी मल्टी-डोमेन डिफेंस इकाई की घोषणा की, 1,570 करोड़ रुपये के निर्यात ऑर्डर के साथ कदम रखा

**नई दिल्ली।** अग्रणी टेक्नोलॉजी एंटरप्राइस एचएफसीएल लिमिटेड ने उच्च मूल्य वाले एयरोस्ट्रक्चर, एयरोनॉटिक्स एवं रक्षा विनिर्माण में दीर्घकालीन वृद्धि को गति देने के लिए एक विस्तार योग्य प्लेटफॉर्म तैयार करते हुए अपने रक्षा कारोबार का रणनीतिक विस्तार एवं एकीकरण करने की आज घोषणा की।

इस घोषणा पर बोलते हुए एचएफसीएल के प्रबंध निदेशक महेंद्र नहाटा ने कहा, एचएफसीएल एडवांस्ड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड का निर्माण, एचएफसीएल की सबसे महत्वपूर्ण पहल का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें भारत के लिए एक संप्रभु, टेक्नोलॉजी आधारित क्षमताओं के निर्माण के लिए रणनीतिक प्रतिबद्धता है। हम एक पुष्ट निर्यात ऑर्डर बुक, स्थापित कारोबार, देशज टेक्नोलॉजी और विनिर्माण संपत्तियों एवं संगठनात्मक क्षमता के साथ इसे क्रियान्वित कर रहे हैं। भारत के रक्षा स्वदेशीकरण एजेंडा में ऐसे निजी क्षेत्र के साझीदारों की जरूरत है जिनके पास कार्यक्रम क्रियान्वयन की विश्वसनीयता के साथ टेक्नोलॉजी हो एचएएसपीएल इस राष्ट्रीय प्राथमिकता और हमारे शेयरधारकों के लिए दीर्घकालीन मूल्य सृजन को लेकर हमारी प्रतिबद्धता है।

इस पहल से एयरोस्ट्रक्चर, एयरोनॉटिक्स, राडार सिस्टम्स और एडवांस्ड थर्मल वेपन साइट सॉल्यूशंस की पूरक क्षमताएं एक एकीकृत प्लेटफॉर्म के नीचे आ जाएंगी जिससे भारत के तेजी से उभरते रक्षा पारितंत्र में एचएफसीएल की स्थिति और मजबूत होगी। इस विस्तार की प्रमुख बातों में से एक करीब 1,570 करोड़ रुपये का पुष्ट निर्यात ऑर्डर है।

तालमेल स्थापित करने के लिए सामरिक एकीकरण

एचएफसीएल अपनी अनुषंगी एचएफसीएल एडवांस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के जरिए इस समेकन को लागू करेगी जोकि विभिन्न रक्षा एवं एयरोस्पेस कारोबार के लिए वाहन के तौर पर काम करेगा।

इस पहल के तहत एचएएसपीएल निम्नलिखित कार्य करेगी-

एक इंजीनियरिंग एवं सटीक विनिर्माण कंपनी स्पाइरल ईएचएल इंजीनियरिंग लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगी जो बदले में डेफसिस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के एयरोस्ट्रक्चर एवं एयरोनॉटिक्स कारोबार का स्लंप सेल आधार पर अधिग्रहण करेगी।

एक राडार टेक्नोलॉजी कंपनी राडेफ प्राइवेट लिमिटेड में एचएफसीएल की 80 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी जिससे इसके देशज रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षमता मजबूत होगी।

एचएफसीएल के मौजूदा थर्मल वेपन साइट (टीडब्लूएस) कारोबार का अधिग्रहण करेगी

इन कदमों से एक लंबवत एकीकृत मंच का निर्माण होगा जिसका दायरा डिजाइन, प्रोटोटाइप, सटीक विनिर्माण एवं प्रणाली एकीकरण क्षमताओं तक फैला होगा और जिसमें एचएफसीएल की बहुलांश हिस्सेदारी होगी।

**एचएएसपीएल के पीछे रणनीतिक संदर्भ**

भारत की रक्षा खरीद का परिदृश्य एक संरचनात्मक बदलाव से गुजर रहा है। मेक इन इंडिया के तहत स्वदेशी की तरफ सरकार के जोर और घरेलू खरीद के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपये का रक्षा बजट निर्धारित किए जाने एवं भारतीय एयरोस्पेस निर्यात को लेकर विश्व का भरोसा बढ़ने के साथ एक ऐसी समर्थ, टेक्नोलॉजी फर्स्ट कंपनी जो समयबद्ध तरीके से व्यापक स्तर पर निर्माण करे, के लिए अवसरों के द्वार खुले हैं।

एचएफसीएल को रक्षा सेवाओं के लिए मिशन महत्वपूर्ण नेटवर्कों में जटिल विनिर्माण के वर्षों के अनुभवका लाभ मिलेगा जो इसने अति मांग वाले क्षेत्रों में दूरसंचार ढांचा स्थापित कर हासिल किया है। इसका अनुशासित पूंजी आबंटन का ट्रैक रिकॉर्ड है और व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन की संगठनात्मक क्षमता है।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए पेश किए गए एसईटी एण्ड एसआईटीईईई 2026 आवेदन जल्द बंद होने जा रहे हैं

**लखनऊ।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) अपने फुल-टाइम अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए एसईटी 2026 (सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट) और एसआईटीईईई 2026 (सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम) के रजिस्ट्रेशन जल्द बंद करने जा रही है। इच्छुक छात्र 15 अप्रैल 2026 तक इन परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले छात्र ध्यान दें कि इस अंतिम दिनांक को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।एसईटी और एसआईटीईईई दोनों कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है। इनके ज़रिए छात्र सिम्बायोसिस संस्थानों में बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश पा सकते हैं। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज़्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है।सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट एसईटी 2026 के माध्यम से छात्र सिम्बायोसिस के 10 से अधिक प्रतिष्ठित अंडरग्रेजुएट संस्थानों में विभिन्न विषयों जैसे मैनेजमेन्ट, मास कम्युनिकेशन, आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स, इकोनोमिक्स, अप्लाईड स्टेटिसटिक्स एवं डेटा साइंस, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट एण्ड एक्सरसाइज़ साइंस, कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन्स और लिबरल आर्ट्स आदि में प्रवेश पा सकते हैं। ये प्रोग्राम पुणे, नोएडा, नागपुर, बैंगलुरू और हैदराबाद कैंपस में उपलब्ध कराए जाते हैं।वहीं एसआईटीईईई 2026 को इंजीनयरिंग के उन महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो पुणे, नागपुर और हैदराबाद के सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कैंपस में विशेष बी.टेक प्रोग्रामों में प्रवेश पाना चाहते हैं।

# कुशीनगर में पेट्रोल-डीजल को लेकर अफरा-तफरी, पंपों पर लगी कतारें

- पेट्रोल-डीजल खत्म होने की सूचना पर पेट्रोल पंपों पर लगी भारी भीड़
- कई पेट्रोल पंपों पर कुछ ही घंटों में खत्म हुआ तेल, प्रशासन लगातार कर रही मॉनिटरिंग

**अवधनामा ब्यूरो**



मथौली में बंद पड़ा एचपी पेट्रोल पंप



इंडियन ऑयल पर जुटी भारी भींड

**कुशीनगर।** पेट्रोल और डीजल खत्म होने की अफवाहों के बीच गुरुवार को जिले के कई पेट्रोल पंपों पर अचानक भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही वाहन चालकों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे कई स्थानों पर अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। तेल भरवाने के लिए लोगों की भीड़ इतनी अधिक रही कि कुछ पेट्रोल पंपों पर कुछ ही घंटों में पेट्रोल और डीजल समाप्त हो गया। पंप संचालकों का कहना है कि अचानक बढ़ी मांग के कारण सप्लाई कम पड़ गई और कई जगह तेल खत्म हो गया।

बता दें कि अमेरिका, इजराइल और ईरान में चल रहे युद्ध के कारण देश में ईंधन की समस्या उत्पन्न हो गई है। पिछले दो सप्ताह से गैस को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लोग सुबह से शाम तक गैस के लिए एजेंसियों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। अभी ये मामला चल ही रहा था कि पेट्रोल डीजल की समस्या सामने आ गई। गुरुवार को पेट्रोल और डीजल खत्म होने की अफवाह से सुबह से ही पंपों पर अफरा तफरी देखने को मिली जो देर रात तक चलता रहा। लोग अपने वाहनों का टैंक फुल कराने के लिए पंपों पर पहुंच रहे हैं। कई पंपों पर हालात ऐसे हो गए कि वहां लॉकडाउन जैसी स्थिति दिखाई देने लगी। पहले से ही गैस की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए अब पेट्रोल-डीजल को लेकर नई परेशानी सामने आ गई है। हालांकि प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लेकिन लोगों में अब भी असमंजस और चिंता बनी हुई है।

### पेट्रोल-डीजल की किल्लत, वाहन चालकों को परेशानी

**मथौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की किल्लत से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय पेट्रोल पंपों पर तेल की कमी के कारण कहीं सन्नाटा पसरा हुआ है तो कहीं वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 स्थित लोहेपार के एचपी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल दोनों खत्म हो जाने से पंप बंद हो गया है। पंप के मैनेजर राजेश यादव ने बताया कि पेट्रोल बुधवार को ही समाप्त हो गया था, जबकि डीजल गुरुवार सुबह करीब 11 बजे तक उपलब्ध रहा, उसके बाद वह भी खत्म हो गया। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर भी डीजल समाप्त हो चुका है, जिसके कारण यहां केवल पेट्रोल लेने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। दूसरी ओर मद्धेशिया फ्यूल स्टेशन पर फिलहाल पेट्रोल और डीजल दोनों उपलब्ध हैं, जिससे वहां भारी भीड़ उमड़ रही है और लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है।

# डीएम-एसपी ने पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण, अफवाहों से बचने की अपील

- पुलिस अधीक्षक ने भी लोगों से शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

**अवधनामा संवाददाता**



पडरौना रिलायंस पम्प का निरीक्षण करते डीएम

**कुशीनगर।** जिले के पडरौना स्थित रिलायंस जियो और इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का गुरुवार को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिले में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। लोग किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं। पुलिस अधीक्षक ने भी लोगों से शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### बोदरवार के तीनों पेट्रोल पंप हुए ड्राई, मचा हाहाकार

**बोदरवार, कुशीनगर।** अफवाहों के चलते बोदरवार बाजार में संचालित तीनों पेट्रोल पंपों पर अचानक बढ़ी भीड़ बढ़ने से दोपहर तक तीनों पेट्रोल पंप ड्राई हो गये। भीड़ ज्यादा होने से पेट्रोल मालिकों को भीड़ काबू करने में पसीने छूट गए। गुरुवार को बोदरवार बाजार में एचपी आयल, इंडियन आयल और भारत आयल के पेट्रोल पंप संचालित हैं। बुधवार देर रात हमारा पंप से पेट्रोल और डीजल समाप्त होने का बोर्ड लग गया। सुबह इंडियन आयल पर सुबह आठ बजते बजते डीजल पेट्रोल पंप समाप्त का बोर्ड टंग गया। आयांश पेट्रोल पंप पर दोपहर तक पेट्रोल और डीजल दिया जा रहा था। लेकिन अचानक घुघली, परतावल, पिपराइच क्षेत्रों से लोग डीजल और पेट्रोल लेने के लिए उमड़ पड़े। कई बार उपभोक्ताओं से झड़प होते होते बची।देखते ही देखते भारत आयल का पेट्रोल पंप आयांश भी ड्राई हो गया।देर शाम तक लोग पेट्रोल पंपों पर इस आस में मंडराते रहे कि शायद तेल आ जाय और मिल जायेगा।

# धार्मिक आयोजन : आज श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा भगवान राम का जन्मोत्सव

- गुरुवार को शुरू अखंड मानस पाठ, आज होगा समापन
- पूर्वाह्न 11 बजे पूजन, दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव व भजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के गोपलापट्टी स्थित प्राचीन जीतशाह शिवमंदिर परिसर में नव प्राण प्रतिष्ठित श्री जानकीरमण सरकार मंदिर में रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस निमित्त गुरुवार को अपराह्न एक बजे से अखंड रामचरित मानस पाठ प्रारंभ हुआ।

आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पहली बार आयोजित हो रहे इस जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह बना हुआ है। श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें सोहर व भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। अपराह्न एक बजे श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। यज्ञ समिति राजापाकड़ धाम के अध्यक्ष राजू यादव ने बताया कि आयोजन को भव्य व व्यवस्थित बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### शंकर गैस एजेंसी में कुंडा काटकर सिलेंडर चोरी का आरोप

**बोदरवार, कुशीनगर।** मंसूरगंज स्थित शंकर गैस एजेंसी में रात को कुंडा काटकर अज्ञात चोरों ने गोदाम में रखा दर्जनों भरा और खाली सिलेंडर उठा ले गयें। एजेंसी मालिक ने कप्तानगंज पुलिस को आनलाइन तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मंसूरगंज चौकी क्षेत्र में संचालित शंकर गैस एजेंसी के गोदाम में बुधवार की रात में अज्ञात चोरों ने गोदाम में लगे ताले के कुंडें को काटकर सोलह भरे घरेलू गैस सिलेंडर और नौ खाली सिलेंडर गोदाम से अज्ञात चोर उठा ले गयें। गोदाम की रखवाली के लिए रखें गये चौकीदार को इसकी भनक भी नहीं लगी। सुबह चौकीदार ने गोदाम के ताले के कुंडें को कटा देखकर एजेंसी मालिक राजू जायसवाल को सूचना दी। प्रोपराईटर राजू जायसवाल ने गोदाम की स्थिति देखकर बताया कि सोलह घरेलू भरा हुआ और नौ खाली सिलेंडरों को चोरों ने गोदाम से लेकर रफूचक्कर हो गये।

# सम्राट अशोक का भारतीय इतिहास, संस्कृति में अतुलनीय योगदान : महेन्द्रनाथ यादव

**अवधनामा संवाददाता**




**बस्ती ।** सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सम्राट अशोक की जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें याद करते हुए विधायक महेन्द्रनाथ ने कहा कि सम्राट अशोक का भारतीय इतिहास और संस्कृति में अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कलिंग युद्ध के बाद युद्ध त्याग कर 'धम्म' (नैतिकता) की नीति अपनाई, बौद्ध धर्म का विश्वभर में प्रसार किया, और अहिंसा, जनकल्याण (अस्पताल, सड़कें, कुएं) तथा धार्मिक सहिष्णुता पर जोर दिया। उनके द्वारा निर्मित शिलालेख, स्तूप (सांची), और अशोक स्तंभ आज भी भारतीय विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। कहा कि हमें अपने महापुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिये।कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, संजय गौतम, मो. सलीम, आर.डी. निषाद, जावेद पिण्डारी, अरविन्द सोनकर, जमील अहमद आदि ने कहा कि सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में एक विशाल साम्राज्य को एकता के सूत्र में बांधकर न केवल राजनैतिक, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक रूप से भी भारत को समृद्ध किया। सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म को राजकीय संरक्षण देकर उसे एक विश्व धर्म बनाया। उन्होंने अपने पुत्र महेंद्र और पुत्री संघमित्रा को बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए श्रीलंका भेजा और वहां बोधि वृक्ष का पौधा लगवाया। उन्होंने चिकित्सालय, सराय, सड़कों का निर्माण, और वृक्षारोपण जैसे कार्य करवाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रन बहादुर यादव, राजेन्द्र चौधरी, डा. आर.डी. गोस्वामी, अरविन्द यादव, राम प्रकाश सुमन, नित्याराम चौधरी, घनश्याम यादव, अनिल निषाद, विजय विक्रम आर्य, अकबर अली, मुरलीधर पाण्डेय, भोला पाण्डेय, मो. युनूस आलम, गौरीशंकर यादव, सुशील यादव आदि ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन् किया।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया कन्या पूजन

**बस्ती।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिला अस्पताल परिसर में स्थिति सखी वन स्टॉप सेंटर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा की अध्यक्षता में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं उनके प्रति समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करना रहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा द्वारा विधि-विधान से कन्या पूजन किया गया तथा उपस्थित बालिकाओं को चुनरी ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को टिफिन, पानी की बोतल, बैग, ज्योमेट्री बॉक्स सहित अन्य उपयोगी उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती नेहा वर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने समाज से बेटियों के सम्मान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

# सम्राट अशोक का जीवन शांति और अहिंसा का संदेश देता है : रामअवध



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** महान मौर्य सम्राट सम्राट अशोक की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामअवध यादव ने कहा कि सम्राट अशोक का जीवन शांति और अहिंसा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि कलिंग युद्ध में भारी जनहानि को देखकर सम्राट अशोक का हृदय परिवर्तन हो गया था और उन्होंने हिंसा का मार्ग त्यागकर बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। बौद्ध धर्म मानवता, शांति और अहिंसा का संदेश देता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सम्राट अशोक एक महान शासक थे और उनके द्वारा स्थापित अशोक स्तंभ से ही भारत का राष्ट्रीय प्रतीक प्रेरित है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जुल्म, जोर-जबरदस्ती और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष कर लोकतंत्र को बचाना होगा तथा वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम को विजय प्रताप कुशवाहा, विक्रमा यादव, राजेंद्र यादव मुन्ना, मोहम्मद इलियास अंसारी, वीरेंद्र सिंह सैथवार और अवधनाथ ठाकुराई ने भी संबोधित किया।

### गैस संकट से छोटे व्यापारियों की कमर टूटी

**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र में रसोई गैस संकट गहराता जा रहा है जिससे छोटे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।होम डिलिवरी न होने व गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने से चाय-नाश्ते की दुकानों पर ताले लगने लगे हैं और दुकानदार वैकल्पिक व्यवस्था तलाशने को मजबूर हैं। परतोष तिराहे पर चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले शनि गुप्ता ने बताया कि गैस सिलेंडर न मिलने के कारण उनकी दुकान पिछले तीन दिनों से बंद है। उन्होंने कहा कि दुकान ही परिवार की आय का एकमात्र साधन है ऐसे में बंदी से आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। सिर्फ शनि गुप्ता ही नहीं बल्कि बाजार के अन्य छोटे-बड़े दुकानदार भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। गैस के अभाव में उनका कामकाज ठप पड़ गया है और आमदनी रुकने से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। वहीं सरूवांवां गांव निवासी राजीव कुमार ने बताया कि उनके घर में भी करीब दस दिन से गैस खत्म है। ऑनलाइन बुकिंग करने पर 45 दिन बाद की तारीख दिखाई जा रही है जिससे समस्या और गंभीर हो गई है।

# दुर्गाष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुवार को दुर्गाष्टमी पर देवी मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका।वासन्तिक नवरात्रि के आठवें दिन भक्तो ने अपने घरों में भी पूजा अर्चना की।व्रतियों ने विधि विधान से माँ का पूजन अर्चन और पाठ किया।आठवें दिन माँ आदि शक्ति दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की जाती है। मां महागौरी का वर्ण अत्यंत गौर है। यहां तक कि इनके वस्त्र और आभूषण सभी सफेद हैं मां की चार भुजाएं हैं और इनका वाहन बैल है। मां के दाहिने ओर के ऊपर हाथ में अभय मुद्रा और नीचे हाथ में त्रिशूल है वहीं बाईं ओर के ऊपर वाले हाथ में डमरू और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है।इस दिन बहुत से श्रद्धालुओं ने हवन और कन्याभोज का भी आयोजन किया।कहा गया है कि इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है।नगर स्थित देवीपाटन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी लोगो ने हवन पूजन किया। गायत्री मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन किया संग्रामपुर स्थित सिद्ध पीठ माँ कालिकन धाम में भोर से भक्तो की कतार लग गयी।

### 50,000/- का ईनामिया चोर पकड़ा गया

**बस्ती।** थाना कप्तानगंज पुलिस, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना कप्तानगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 209/2019 धारा 419,420, 467,471, 413, आईपीसी से सम्बन्धित रुपया-50,000/- का वर्ष 2019 से फरार चल रहा ईनामिया वांछित थाना क्षेत्र के ही बनहा निवासी लालमन यादव पुत्र राम प्रकाश यादव को महराजगंज ओवरब्रिज अण्डरपास (थाना कप्तानगंज) के पास से गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक कलवारी ने बताया कि 27.11.2019 को थाना कप्तानगंज पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में दो आरोपियों दीप नारायण यादव और अतुल पाठक को गिरफ्तार कर उनके पास से दो अदद मोटर साइकिल व 1200 ग्राम गांजा बरामद किया गया था, पूछताछ के दौरान तीसरे आरोपी थाना क्षेत्र के ही बनहा गांव निवासी लालमन यादव पुत्र रामप्रकाश यादव और चौथे कप्तानगंज थाना क्षेत्र के परसपुरा निवासी विजय कुमार चौधरी उर्फ टोनी पुत्र कमला प्रसाद चौधरी का नाम प्रकाश में आया था।

# हाटा में तीन सड़कों व नालियों के निर्माण को मिली वित्तीय स्वीकृति



**हाटा, कुशीनगर।** हाटा विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण विकास कार्य को मंजूरी मिली है। क्षेत्र के विधायक मोहन वर्मा के प्रयासों से नगर के समग्र विकास के लिए तीन सड़कों व नालियों के निर्माण कार्य को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह स्वीकृति अनुदान संख्या-37 के अंतर्गत मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के तहत दी गई है। इसके माध्यम से क्षेत्र में सड़क, नाली और पथ प्रकाश जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। स्वीकृत कार्यों में वार्ड नंबर 22 ढाढ़ा पिपर मार्ग से जेनराहा मस्जिद टोला तक सीसी रोड व पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) का निर्माण, ढाढ़ा खुर्द के जेनराहा टोला से ड्रेन तक नाली निर्माण तथा ढाढ़ा खुर्द के काली मंदिर से थरूआडीह बिचले टोला होते हुए ह्वा-28 तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। इस जनहितकारी निर्णय के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा नगर विकास मंत्री एके शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। बताया गया कि इन कार्यों के पूरा होने से नगर पालिका क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

### डीएम ने वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को लेकर जारी किया दिशा-निर्देश

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर जनपद के सभी विक्रय अधिकारियों (एलपीजी) को वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह निर्देश पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों के अनुपालन में जारी किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार राज्यों को एलपीजी संकट से पूर्व की स्थिति के सापेक्ष 50 प्रतिशत वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन निर्धारित शर्तों के तहत किया जाएगा। अतिरिक्त आवंटन प्राथमिकता के आधार पर रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल, औद्योगिक कैंटीन, खाद्य प्रसंस्करण व डेयरी इकाइयों, रियायती कैंटीन, सामुदायिक रसोई तथा प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम एफटीएल श्रेणी को दिया जाएगा। सभी वाणिज्यिक एवं औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को संबंधित ऑयल मार्केटिंग कंपनी (ओएमसी) में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। साथ ही सिटी गैस वितरण इकाई से पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना भी आवश्यक बताया गया है।

### अफवाह से पेट्रोल पंपों पर लगी लम्बी कतारें



**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह ने गुरुवार सुबह बड़ा असर दिखाया। भोर होते ही मुंशीगंज सरायखेमा बंदोइया व श्री का पुरवा समेत कई पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की लंबी कतारें लग गईं। हालात यह रहे कि कई पंपों पर तेल पूरी तरह खत्म हो गया जबकि जहां थोड़ा बहुत स्टॉक बचा वहां एक बाइक में 100 रुपये से अधिक का पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। तेल भराने के लिए लोग एक पंप से दूसरे पंप तक भटकते नजर आए। अचानक बढ़ी भीड़ के चलते पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आपूर्ति विभाग ने हालांकि स्थिति सामान्य होने का दावा किया है।सप्लाई इंस्पेक्टर शुभम चौधरी ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल डीजल की कोई कमी नहीं है लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं मुंशीगंज के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने भी लोगों से संयम बरतने और बिना वजह भीड़ न लगाने की अपील की है।

# गन्ना फसल में खरपतवार नियंत्रण जरूरी, घटा सकता है उत्पादन

- किसान का सबसे बड़ा दुश्मन है खरपतवार : ओ. पी. गुप्ता

**ओम प्रकाश राय**



**सेवरही, कुशीनगर (अवधनामा संवाददाता)।** गन्ना फसल में खरपतवार नियंत्रण बेहद आवश्यक है, क्योंकि यह फसल की उपज को 35 से 40 प्रतिशत तक कम कर देता है। यह जानकारी उ.प्र. गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र, पिपराइच (गोरखपुर) के पूर्व सहायक निदेशक एवं गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि खरपतवार ऐसे अवांछित पौधे होते हैं जो बिना बोए उग जाते हैं और फसल के लिए नुकसानदायक होते हैं। किसान इन्हें सामान्य भाषा में 'घास' भी कहते हैं। गन्ना फसल में यह सबसे बड़ा दुश्मन साबित होता है। विशेषज्ञों के अनुसार खरपतवार गन्ना फसल की तुलना में 5 गुना नत्रजन, 3 गुना फास्फोरस और ढाई गुना पोटाश अधिक उपयोग करते हैं। साथ ही ये खेत की नमी और सूर्य के प्रकाश का भी अधिक उपयोग करते हैं, जिससे फसल कमजोर हो जाती है और उत्पादन लागत बढ़ जाती है। समय पर खरपतवार एवं कीट नियंत्रण अपनाकर किसान गन्ना उत्पादन बढ़ा सकते हैं और अपनी आय में भी वृद्धि कर सकते हैं।

#### इनके कारण

गन्ने की औसत उपज घट जाती है
चीनी परता (रिकवरी) प्रभावित होती है
किल्लों की संख्या कम हो जाती है
कीटों को छिपने का स्थान मिलता है

#### समय-समय पर निराई-गुड़ाई करें

अधिक खरपतवार होने पर 2,4-ष्ठ (58%) एक लीटर, कम होने पर आधा लीटर, 200 ग्राम मेट्रीब्यूजीन व 500 ग्राम एट्राजीन को 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें यह छिड़काव बुवाई के 30-35 दिन बाद करना लाभकारी होता है साथ ही उन्होंने गन्ने के साथ मूंग व उड़द की सहफसली खेती अपनाने की भी सलाह दी।

#### खरपतवार नियंत्रण के उपाय

श्री गुप्ता ने किसानों को निम्न उपाय अपनाने की सलाह दी– एक ही खेत में लगातार कई वर्षों तक गन्ना न बोएं, फसल चक्र अपनाएं गन्ने की पंक्तियों के बीच सूखी पत्तियां (मल्चिंग) बिछाएं।

**प्रमुख खरपतवार और नुकसान:** गन्ने में मोथा, दूब, बथुआ, हिरनखुरी, भांग, सत्यानाशी, कृष्णनील, मकोय, पत्थरचट्टा, बड़ी दुधी, तिनपतिया, गेहूंसा आदि प्रमुख खरपतवार पाए जाते हैं। ये गन्ना बोने के 90 से 120 दिनों के भीतर सबसे अधिक नुकसान पहुंचाते हैं।

कीट नियंत्रण पर भी ध्यान जरूरी

इस समय गन्ना फसल में पिल्हीका व पायरीला कीट का प्रकोप देखा जा रहा है। कृषि विशेषज्ञ राजेश कुमार सिंह के अनुसार, इनके नियंत्रण के लिए क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 4% दानेदार दवा 8 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से सिंचाई के बाद प्रयोग करने से दोनों कीटों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# एटीएम कैबिनेट में छिपाकर ले जाई जा रही 101 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**अवधनामा संवाददाता**



**खड्डा, कुशीनगर।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खड्डा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एटीएम कैबिनेट में छिपाकर ले जाई जा रही गैर प्रांत निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन से कुल 101 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (लगभग 782 लीटर) बरामद की है। बरामद शराब और वाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब 17 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना खड्डा पुलिस टीम द्वारा सालिकपुर बैरियर पुलिस चौकी पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान 25 मार्च 2026 को एक संदिग्ध महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन में एचडीएफसी बैंक का एक रेफरेंस लेटर मिला, जिसमें लिखा था कि वाहन में चार एटीएम कैबिनेट (लकड़ी के लैमिनेटेड बड़े बॉक्स) दरभंगा, बिहार ले जाए जा रहे हैं। पुलिस को शक होने पर जब कैबिनेट खुलवाए गए तो उनके अंदर चंडीगढ़/हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी हुई मिली। पुलिस द्वारा गिनती करने पर कुल 101 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। हालांकि पुलिस को देखते ही वाहन में सवार आरोपी मौके से फरार हो गए। वाहन नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# प्रदेश की 9 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का प्रभारी मंत्री ने किया विमोचन

■ उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुई प्रेस-वार्ता



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में 18 से 26 मार्च 2026 तक आयोजित समारोह के अन्तिम दिन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता से पूर्व प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, नानपारा के राम निवास वर्मा, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, अपना दल के जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ प्रदेश सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए प्रभारी मंत्री श्री शाही ने उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा के संकल्प के 09 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों का आभार ज्ञापित किया। श्री शाही ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन के साथ सुरक्षा, सुशासन और विकास की नई यात्रा में मा. मुख्यमंत्री के नेतृत्व ने आज उत्तर प्रदेश नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में देश के सामने एक मॉडल के रूप में उभरा है। प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में भी गुणात्मक वृद्धि हुई है। प्रदेशवासियों की आय में 03 गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाये जाने का लक्ष्य है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीते 09 वर्ष में उत्तर प्रदेश ने अराजकता से व्यवस्था, निराशा से विश्वास, बीमारू से विकासशील की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्णायक, पारदर्शी और परिणाममुखी नेतृत्व के परिणामस्वरूप आज पूरा देश हमारे राज्य उत्तर प्रदेश को देख रहा है, सीख रहा है, प्रेरणा ले रहा है। कानून का राज, पारदर्शी नीति व प्रशासन, अंतिम व्यक्ति तक लाभ की गारंटी के कारण उत्तर प्रदेश मात्र घोषणाओं का नहीं, बल्कि परिणामों का प्रदेश के रूप में पहचाना जाता है। योगी सरकार द्वारा अपनाई गई ज़ीरो टालरेन्स नीति के कारण नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा है।

## अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने शाहजहांपुर वन प्रभाग का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** पी. पी. सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभारी मुख्य वन संरक्षक, बरेली जोन द्वारा शाहजहांपुर वन प्रभाग का वार्षिक कार्यालय निरीक्षण किया गया। आगमन पर प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया, इसके पश्चात शाखावार सभी कक्षों का निरीक्षण करते हुए विस्तृत निरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ हुई। समस्त शाखाओं द्वारा संधारित अभिलेखों का विधिवत अवलोकन किया गया जिसमे पेंशन, नियुक्ति, योजनावार बजट एवम व्यय, लंबित प्रकरणों एवम वेतन सम्बन्धी प्रकरण शामिल रहे। निरीक्षण में संबंधित समस्त शाखाओं के अभिलेख सुव्यवस्थित मिले। लेखा शाखा में योजनावार बजट एवं व्यय की स्थिति निर्धारित मानकों के अनुरूप रही तथा अभिलेख संधारण पूर्ण पाया गया साथ ही वृक्षारोपण एवं पौधशाला संबंधी अद्यतन पाई गई। निरीक्षण अंतर्गत अभिलेखों को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभाग अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली गयी।

# रेरा को ठेंगा, रातों-रात 'सिटी टॉवर' का खेल




**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** शहर में तेजी से खड़ी हो रहीं बहुमंजिला इमारतों के बीच अब एक और बड़ा विवाद सामने आया है। एस.एन. रोड स्थित दाऊजी मिष्ठान के सामने निर्माणाधीन कथित 'सिटी टॉवर' परियोजना पर गंभीर अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन के आरोप लग रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस प्रोजेक्ट के लिए न तो त्त्त। में कोई वैध पंजीकरण कराया गया है और न ही आवश्यक स्वीकृतियां पूरी की गई हैं, इसके बावजूद फ्लैट और दुकानों की खुलेआम बिक्री के लिए करोड़ों की टोकन मनी ले ली हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बिना त्त्त। रजिस्ट्रेशन के ही अपार्टमेंट के कैटलॉग छापे गए और बड़े पैमाने पर बांटे गए। साथ ही शहर में विज्ञापन होर्डिंग लगाकर लोगों को आकर्षित किया गया और ÷टोकन मनी÷ के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये वसूले जाने की बात सामने आ रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि देर रात तक निर्माण कार्य जारी रहता है, जबकि दिन में ग्राहकों को प्रोजेक्ट दिखाकर बुकिंग की जा रही है। जिस जमीन पर यह निर्माण हो रहा है, वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। इसके अलावा तहसील से एनओसी भूमि उपयोग स्वीकृत नक्शा और फायर एनओसी जैसे जरूरी दस्तावेजों का अभाव भी बताया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि रेरा कानून के तहत बिना पंजीकरण न तो प्रोजेक्ट लॉन्च किया जा सकता है और न ही उसका प्रचार-प्रसार या बुकिंग की जा सकती है। इस पूरे मामले में प्रशासन और विकास प्राधिकरण की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। इतनी बड़ी गतिविधि के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना मिलीभगत की आशंका को जन्म देता है। शहरवासियों की मांग है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, निर्माण कार्य तत्काल रोका जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अन्यथा भूमाफ़ियाओं के हौसले बुलंद होने के साथ साथ निवेशकों के साथ बड़े आर्थिक धोखे और भविष्य में संभावित हादसों का कारण बन सकता है। अब बड़ा सवाल यही है। क्या फिरोजाबाद में कानून का राज चलेगा या 'सिटी टॉवर' का खेल ?

### रेरा नियम क्या कहते हैं ?

उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के तहत किसी भी रियल एस्टेट परियोजना के लिए निम्न नियम अनिवार्य हैं। अनिवार्य रजिस्ट्रेशन (Section 3) कोई भी बिल्डर 500 वर्गमीटर से अधिक या 8 से अधिक यूनिट वाली परियोजना बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के न तो शुरू कर सकता है और न ही बिक्री-बुकिंग कर सकता है। परियोजना की पूरी जानकारी सार्वजनिक (Section 4) बिल्डर को भूमि का स्वामित्व, स्वीकृत नक्शा, लेआउट प्लान, निर्माण समयसीमा, और सभी अनुमतियों की जानकारी RERA पोर्टल पर अपलोड करनी होती है। 70 प्रतिशत राशि एस्क्रो अकाउंट में (Section 4(2)(l)(D) खरीदारों से ली गई राशि का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा अलग बैंक खाते (Escrow Account) में रखना अनिवार्य है, ताकि वह केवल निर्माण कार्य पर खर्च हो। विज्ञापन और बुकिंग नियम (Section 12) बिना RERA रजिस्ट्रेशन के किसी भी प्रकार का विज्ञापन, प्रमोशन या बुकिंग करना अवैध है। समय पर निर्माण और हैंडओवर (Section 18) निर्धारित समय में प्रोजेक्ट पूरा न होने पर खरीदार को मुआवजा या पैसा वापस करने का प्रावधान है। स्ट्रक्चरल सुरक्षा (Section 14) (3) निर्माण के बाद 5 साल तक किसी भी संरचनात्मक खामी के लिए बिल्डर जिम्मेदार होता है। एजेंट रजिस्ट्रेशन अनिवार्य (Section 9) प्रॉपर्टी बेचने वाले एजेंट का भी RERA में रजिस्ट्रेशन जरूरी है।

## जयकिशन अजवानी को उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला विशिष्ट सम्मान

**टूंडला।** कैरिज एंड वैगन (सीएंडडब्ल्यू) में कार्यरत सहायक पद पर तैनात रेल कर्मचारी को वर्ष 2025 के विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिया गया है। यह सम्मान उनके द्वारा रेल सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए महाप्रबंधक (जीएम) द्वारा प्रदान किया गया है।

प्रयागराज मंडल के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने अपने विभाग में कार्यशैली अनुशासन में रहकर कार्य करने वाले सीएंडडब्ल्यू में सहायक पद पर तैनात जयकिशन अजवानी को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिया गया। विशिष्ट रेल सेवा पुरूस्कार भारतीय रेल के सर्वोच्च प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है। उन्होंने अपने विभाग में सेवा काल के दौरान रेलवे सुरक्षा रख-रखाव एवं परिचालन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी कार्यशैली अनुशासन एवं जिम्मेदारी के प्रति गंभीरता उन्हें अन्य कर्मचारियों से विशिष्ट पहचान दिलाती है।

# उत्थान आडिटोरियम में आयोजित हुआ वृहद रोज़गार मेला

■ प्रभारी मंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को बांटे जॉब आफर लेटर



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर ÷उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष÷ के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्थान आडिटोरियम में 09 दिवसीय समारोह के अन्तिम दिन प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक बलहा सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी व अन्य जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर वृहद रोज़गार मेले का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

9 दिवसीय समारोह के अन्तिम दिन आयोजित हुए वृहद रोज़गार मेले में 09 नियोजकों द्वारा प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि इसी कड़ी में सोमवार को आयोजित हुए रोज़गार मेले में 19 नियोजक तथा मंगलवार को आयोजित हुए मेले में 10 नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुए मेले के दौरान कुल 1056 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न नियोजकों द्वारा किया गया। उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत 06 लाभार्थियों को डेमो चेक तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान निधि योजना के तहत मोची, कुम्हार, लोहार व बढ़ई ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को टूल किट तथा श्रम विभाग द्वारा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत 04 लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री ने मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ 10 लाभार्थियों को जाब ऑफर लेटर, 06 लाभार्थियों को डेमो चेक, टूल किट तथा स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि 09 दिवसीय समारोह के दौरान आडिटोरियम परिसर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, महिला स्वयं सहायता समूह, जिला मिशन प्रबन्धन इकाई, ओडीओपी, चिकित्सा विभाग, गन्ना विभाग, आईसीडीएस विभाग, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाकर विभागीय प्रचार-साहित्य इत्यादि का वितरण कर आमजन को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## सोषल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध असलाह के प्रदर्शन पर युवक पुलिस अभिरक्षा में

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध असलहा का प्रदर्शन करने वाले एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा नाजायज असलहा रखने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ पिलस टीम द्वारा चैंकिंग के दौरान मुखबिरखास की सूचना पर नगला गुलरिया थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद से बाल अपचारी को एक अवैध तमंचा 315 बोर के साथ पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। बाल अपचारी के विरुद्ध मु0अ0सं0 185/26 धारा 09/25 आर्म्स एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# सरेशाम गोली मारकर प्रापर्टी डीलर की हत्या

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** व्यवसाय के लिए प्लाटिंग की गई जमीन में रास्ते के विवाद को लेकर आपसी बैठक में समझौता न होने पर हिस्सेदारों द्वारा सरेशाम हत्या किए जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने तीन नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के कस्बे का है। बताया जाता है कि बुधवार सरेशाम हलियापुर सुल्तानपुर मार्ग स्थित एक कॉम्प्लेक्स में खड़े माता प्रसाद पांडेय (55) पुत्र स्व. वशिष्ठ पांडेय निवासी पूरे बेनी माधव (नरवापार) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। देर रात मृतक के बेटे अवनीश पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पिता ने बांसी गांव निवासी अशोक तिवारी से चौहद्दी देकर जमीन लिखाई थी, जिसे लेकर हिस्सेदार रमेश मौर्य असंतुष्ट थे।आरोप है कि बुधवार दिन में जुड़इयापुर गांव में सतीश उपाध्याय के घर बैठक हुई, जिसमें रमेश मौर्य, सुरेंद्र शर्मा, रुस्तम, राहुल सिंह व अजय शुक्ला मौजूद थे। बैठक के दौरान मृतक और सुरेंद्र शर्मा के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि सुरेंद्र शर्मा और रमेश मौर्य यह कहते हुए वहां से चले गए कि थोड़ी देर रुको, अभी तुमसे रास्ता ले लेंगे।शाम करीब सात बजे कुड़वार कस्बे में कॉम्प्लेक्स के पास खड़े माता प्रसाद पांडेय पर दो बाइक सवार बदमाशों ने गोली चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना में रमेश मौर्य, उसका बेटा अनुराग, सुरेंद्र शर्मा व एक अज्ञात व्यक्ति शामिल था।पुलिस ने बेटे की तहरीर पर तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सिटी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर,देर रात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह परिजन शव को लेकर राजघाट कुड़वार पहुंचे,जहां अंतिम संस्कार किया गया।

# अभी भी जारी है मेडिकल कालेज में बदइंतजामी का दौर

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** राजकीय मेडिकल कालेज से प्राचार्य द्वारा 43 कर्मचारियों को रिलीव करने के बावजूद अभी भी कुछ रिलिविंग से बचे हुए चिकित्सक अपनी प्राइवेट प्रैक्टिस से बाज नहीं आ रहे है यही मंजर जनपद को वाराणसी से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इकलौता ट्रॉमा सेंटर में भी देखने को मिल रहा है मेडिकल कॉलेज के अधीन होने के बावजूद यहां आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं धडाम नजर आ रही हैं। हालत यह है कि सड़क हादसों में घायल मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा, जिससे उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकों की तैनाती होने के बावजूद नियमित सेवाएं नहीं मिल रही हैं। यहां डॉक्टर समीर सुमन, डॉक्टर आर. ए. वर्मा, डॉक्टर गुफरान समेत दो जूनियर रेजिडेंट तैनात हैं, लेकिन केंद्र पर सेवाएं सिर्फ सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही सीमित हैं। जबकि नियमों के तहत ट्रॉमा सेंटर में 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि तैनात चिकित्सक सरकारी ड्यूटी से अधिक निजी प्रैक्टिस में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में ट्रॉमा सेंटर की पूरी जिम्मेदारी जूनियर रेजिडेंट्स के कंधों पर आ जाती है। इमरजेंसी की स्थिति में भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता न होने से मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पाता। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि केंद्र में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यहां एक्स-रे जैसी आवश्यक जांच तक उपलब्ध नहीं है। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के आकस्मिक कक्ष या लखनऊ रेफर कर दिया जाता है।

## मुख्यमंत्री के आदेश के बाद फिर लगीं अमर शहीदों की नई प्रतिमाएं

**शाहजहांपुर।** शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर नगर निगम परिसर के बाहर लगी शहीदों की प्रतिमाओं को रातों-रात बुलडोजर से तोड़े जाने और प्रतिमाओं के सर और धड अलग-अलग पड़े देखकर लोगों में रोष व्याप्त हो गया था जिसको लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों के साथ समाजसेवियों ने शहीदों के अपमान को लेकर सवाल उठाए थे जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया और संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट करते हुए संबंधित अधिकारियों पर निलंबन की कार्रवाई की गई और मुख्यमंत्री के आदेश पर अनुसार 24 घंटे के अंदर शहीदों की नई प्रतिमाएं स्थापित कर दी गई जिसमें काकोरी केस के अमर नायकों की नई प्रतिमाओं को नगर निगम के बाहर स्थापित किया गया है मूर्तियों पर गुरुवार को नगर आयुक्त विपिन मिश्रा महापौर अर्चना वर्मा , अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित तमाम पार्षदों ने माल्यार्पण कर भारत माता के जयकारे लगाते हुए सम्मान किया।

# सबसे शक्तिशाली राजा थे सम्राट अशोक: तनवीर

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद में गुरुवार को बिजली पूरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और सम्राट अशोक जी के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक विश्व के सभी महान एवं शक्तिशाली सम्राटों एवं राजाओं की पंक्तियों में हमेशा शिर्ष स्थान पर ही रहे है। सम्राट अशोक ही भारत के सबसे शक्तिशाली एवं महान सम्राट थे पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सम्राट अशोक ने सड़कों, अस्पतालों, विश्राम गृहों और कुओं का निर्माण करवाया। उनके शासन में कला और वास्तुकला (जैसे सारनाथ का अशोक स्तंभ) का बहुत विकास हुआ पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ़ रिंकू ने कहा कि सम्राट अशोक के ही समय में 23 विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई जिसमें तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, कंधार आदि विश्वविद्यालय प्रमुख थे इस मौके पर सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी,सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सपा नेता अरविंद पाल,सपा नेत्री अंजली वर्मा,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, पूर्व समाचार दुर्गेश कुमार गुप्ता, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी,सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया,अंजली वर्मा,सविता कटारिया पार्वती सैनी मानवेंद्र सिंह उदयवीर सिंह यादव, आयुष यादव प्रभात कुमार हरिराम वर्मा असलम खान बबल किशोर, आरिफ खान,तय्यब खां,रिजवान खान, सिद्दीक खान, रवि प्रकाश पांडे, अनिल भास्कर, मो.ज़की, सुनील जाटव, फराज इदरीसी सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## रेलवे ने चलाई नई दिल्ली-कटियार-नई दिल्ली आरक्षित विशेष ट्रेन



**टूंडला।** रेल प्रशासन नियमित ट्रेनों पर बढ़ते दबाव को लेकर नई दिल्ली-कटियार-नई दिल्ली आरक्षित विशेष ट्रेन का संचालन करने जा रहा है। यह ट्रेन नई दिल्ली-कटियार के बीच एक-एक फेरा लेगी।

प्रयागराज के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि ट्रेन नंबर 04074 नई दिल्ली-कटियार-नई दिल्ली आरक्षित विशेष ट्रेन 27 मार्च दोपहर 01:45 बजे नई दिल्ली से चलेगी। जो शाम 05:58 बजे टूंडला जंक्शन पहुंचेगी, दो मिनट के ठहराव के बाद गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, ऑनरिहार जंक्शन, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, पटोरी, बरौनी जंक्शन, बेगुसराय, खगड़िया जंक्शन, मानसी जंक्शन, नौगचिया होकर अगले दिन शाम 07:30 बजे कटियार जंक्शन पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन नंबर 04074 कटियार-नई दिल्ली-कटियार आरक्षित विशेष ट्रेन कटियार जंक्शन से 28 मार्च देर शाम 09:30 बजे चलेगी। जो इसी क्रम में होकर अगले दिन देर रात्रि 11:40 बजे टूंडला जंक्शन पहुंचेगी। जो दो मिनट के ठहराव के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी। इस ट्रेन में स्लीपर-आठ, सामान्य-छह, एसी तृतीय-दो, एसएलआर-दो कोच सहित 18 कोच होंगे।

# झा के कारनामों से दहली केन की अस्मिता !

## मरौली चार नंबर से ओवरलोड निकासी का बड़ा खेल, खुद को मीडियाकर्मी बताकर रौब गांठते हैं नूनू झा

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** केन नदी की अस्मिता एक बार फिर ओवरलोड खनन और अवैध निकासी के बोझ तले कराहती नजर आ रही है। जनपद के मरौली चार नंबर घाट से इन दिनों बड़े पैमाने पर ओवरलोड गाड़ियों की निकासी और खनन का खेल खुलेआम चलने की चर्चा तेज है। स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रीय सूत्रों की मानें तो इस पूरे नेटवर्क के केंद्र में नूनू झा नामक व्यक्ति का नाम तेजी से उभरकर सामने आ रहा है, जो खुद को मीडियाकर्मी बताकर अपना रौब-दबदबा कायम करने में लगे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि मरौली घाट से इस समय सबसे अधिक ओवरलोड ट्रकों का संचालन किया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि भारी-भरकम ट्रकों की लगातार आवाजाही से गांव के संपर्क मार्ग, खेतों के किनारे और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार महकमा जैसे आंखें मूंदे बैठा है।

रास्ते का मुआवजा आज तक नहीं, आश्वासन पर चल रही ट्रकों की कतार

ग्रामीणों ने बताया कि खनन और ट्रकों की आवाजाही के लिए जिन रास्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है, उसके एवज में उन्हें अब तक कोई उचित मुआवजा नहीं मिला। गांव के लोगों का कहना है कि शुरुआत में उन्होंने विरोध किया था, लेकिन नूनू झा द्वारा भरोसा दिलाया गया कि ÷कुछ दिन ट्रकों का संचालन चलने दिया जाए, उसके बाद जमीन और रास्ते का उचित भुगतान कर दिया जाएगा।÷

ग्रामीणों के अनुसार, दस दिन बीत जाने के बाद भी न तो भुगतान हुआ और न ही कोई ठोस पहल दिखाई दी। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और अब वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

**'मीडियाकर्मी' की आड़ में दबदबा बनाने का आरोप–** क्षेत्र में चर्चा है कि नूनू झा खुद को मीडियाकर्मी बताकर अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस पहचान का इस्तेमाल कर वे अपने प्रभाव का ऐसा माहौल तैयार करते हैं कि कोई खुलकर विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता।

लोगों का यह भी आरोप है कि ओवरलोड गाड़ियों की निर्बाध निकासी बिना किसी मजबूत संरक्षण के संभव नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर खनन विभाग, परिवहन विभाग, राजस्व विभाग और स्थानीय प्रशासन की निगाहें इस पूरे खेल पर क्यों नहीं पड़ रहीं?

**केन नदी पर फिर संकट, नियमों को ठेंगा–** विशेषज्ञों और पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि ओवरलोड खनन और अवैध निकासी केवल सरकारी राजस्व को ही नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि इससे केन नदी का प्राकृतिक संतुलन भी बिगड़ता है। एक ओर सरकार नदी संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की बात करती है, दूसरी ओर जमीन पर हालात इसके ठीक उलट दिखाई दे रहे हैं।

मरौली चार नंबर से हो रही इस कथित निकासी ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि क्या केन नदी को बचाने के दावे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं?

ग्रामीणों ने की जांच और भुगतान की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मरौली चार नंबर घाट से हो रही निकासी की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

**ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए–** जिन किसानों और ग्रामीणों की जमीन/रास्ते का उपयोग हो रहा है, उन्हें तत्काल मुआवजा दिया जाए। पूरे प्रकरण में शामिल लोगों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

## पेट्रोल-डीजल खबर के बाद डीएसओ पर दबाव और डील के आरोप!

**सुल्तानपुर।** पेट्रोल-डीजल क्राइसेस पर खबर चलने के बाद अब मामला और गरमा गया है। सूत्रों के मुताबिक, खबर प्रसारित होते ही जिला पूर्ति अधिकारी और एक कोटेदार द्वारा दबाव बनाने की कोशिशें शुरू हो गई। दावा किया जा रहा है कि खबर को हटवाने के लिए लगातार फोन और संपर्क किए गए, जिससे पूरे मामले में 'मैनेजमेंट' का खेल सामने आता दिख रहा है। इस बीच, एक कथित वायरल ऑडियो ने मामले में और आग लगा दी है। सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही इस ऑडियो क्लिप को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इसमें डीएसओ से जुड़ी बातचीत सामने आई है, जो पूरे विवाद को और गहरा कर रही है। हालांकि, इस वायरल ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। सूत्र यह भी बताते हैं कि डीएसओ एक कोटेदार के साथ एक चैनल के स्थानीय कार्यालय तक पहुंचे, जहां मामले को सेटल करने की कोशिश की गई।

## त्रुटि सुधार

**कार्यालय : जिला समाज कल्याण अधिकारी, जनपद बहराइच ।**

दिनांक 24/मार्च 2026 को पत्रांक- सी0-6600/ए0टी0एस0 ज0जा0 बि0/भो0आ0/2025-26 प्रकाशित निविदा में भोजन एवं नाश्ते की आपूर्ति हेतु स्वंय सहायता समूह के इम्पैनलमेंट संबंधी सूचना प्रकाशित हुई है जिसमें त्रुटि हो जाने के कारण क्रमांक संख्या 9 पर अंकित नाश्ते व भोजन की आपूर्ति हेतु स्वंय सहायता समूह का इम्पैनल वित्तीय वर्ष 2026-27 को मिलाकर तीन वर्ष हेतु किया जायेगा तथा निदेशालय, जनजाति विकास विभाग से यदि कोई निर्देश प्राप्त होते है, तो ऐसी दशा में स्वंय सहायता समूह को उक्त निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।

**श्रद्धा पाण्डेय**
**जिला समाज कल्याण अधिकारी बहराइच**

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106–सिग/टेंडर/72/2025–26 |
| कार्य का नाम | नॉर्दर्न रेलवे के लखनऊ मंडल में स्थापित STATCONENERGIA निर्मित IPS (24 नग) के लिए 36 (छत्तीस) महीनों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध । |
| अनुमानित लागत | रु0 10783514.88/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 203900.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 14.04.2026 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू0सं0–106–सिग/टेन्डर/72/2025–26 दिनांक: 24.03.2026 1022/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## यूपी बोर्ड मूल्यांकन में सामने आया सामूहिक नकल का मामला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के मूल्यांकन के दौरान सामूहिक नकल का मामला सामने आया है। प्रयागराज के करछना स्थित एक परीक्षा केंद्र की कॉपियों में बड़े स्तर पर गड़बड़ी पकड़ी गई है। इसके बाद यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने उच्च स्तरीय जांच और कॉपियों की स्क्रीनिंग के सख्त आदेश जारी किए हैं। यह मामला अलीगढ़ जिले के नौरंगी लाल इंटरमीडिएट कॉलेज मूल्यांकन केंद्र पर सामने आया। यहां प्रयागराज के पं. अनंतराम पाण्डेय इंटरमीडिएट कॉलेज, लेहारी, बसही, करछना की इंटर रसायन विज्ञान और इतिहास विषय की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा था। मूल्यांकन के दौरान परीक्षकों ने पाया कि अभ्यर्थियों की मुख्य ए-कॉपी में लिखे गए उत्तरों को जानबूझकर काट दिया गया था। इसके स्थान पर अलग से लिखी गई बी-कॉपी नत्थी की गई थी, जिसमें सभी उत्तर सही-सही लिखे गए थे। प्रथम दृष्टया स्पष्ट हुआ कि कॉपियों को परीक्षा केंद्र पर या बाद में बाहर से लिखकर जोड़ा गया है, जो सीधे तौर पर सामूहिक नकल की ओर इशारा करता है।

## सेविन हिल्स स्कूल में हुई मोशन सर्च टेलेंट परीक्षा के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** सेवन हिल्स विद्यालय में विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यापक समझ बढ़ाने को लेकर कराई गई मोशन सर्च टेलेंट परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया और विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 6 से 12 तक के लगभग 900 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग् किया। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्र छात्राओं में कंपटीटिव एवं कॉम्प्रिहेंसिव सोच को जागृत करना है। परीक्षा में कक्षा 6 की श्रुति पाल ने 94.38 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान तथा इशिता राजपूत ने 93.36 प्रतिशतअंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 के आदित्य ने 93.49 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान तथा शिवाजी पांडे ने 92.34 प्रतिशत प्रकार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 8 की पल्लवी ने 92.43 अंक पाकर प्रथम स्थान एवं किंजल राजपूत ने 92.15 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 के आयुष कुमार ने 96.6 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एवं माही पाल ने 95.76 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 10 के आकांक्षा यादव ने 95.60 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त तथा वंशिका पांडे ने 95.20 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 के अनंत मिश्रा ने 93.70 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एवं ध्रुव चौधरी ने 90 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 के वीर प्रताप सिंह ने 97.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान एवं नैतिक गोयल ने 96.52 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजयी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने सर्टिफिकेट एवं मैडल देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के प्रतियोगी दौर में बच्चों को स्कूली पढ़ाई देने के साथ साथ उनमें अपनी शिक्षा पूरी होते होते ही जॉब और रोजगार सम्बन्धी प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करने का व्यापक ज्ञान बोध कराना ही इस परीक्षा का उद्देश्य है, जिसे आगे भी कराया जाता रहेगा। इस पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे एडवोकेट एवं ट्रस्टी सुनील राजपूत भी शामिल रहे एवं उन्होंने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विद्यार्थियों ने आईआईटी कानपुर में प्रभावशाली सहभागिता की

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** एमनीव विज़न स्कूल के कक्षा 9 वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने Indian Institute of Technology Kanpur में आयोजित विज्ञान एवं स्टार्टअप मेले में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम Startup Incubation and Innovation Centre के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें नवाचार (इनोवेशन) और तकनीकी समझ को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एवं मशीन लर्निंग, कृषि तकनीक तथा चिकित्सा तकनीक जैसे आधुनिक और उभरते क्षेत्रों की गहन जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में देशभर से आए 150 से अधिक स्टार्टअप्स और 120 से अधिक मार्गदर्शकों (मेंटर्स) ने भाग लिया, जिससे छात्रों को नई तकनीकों, नवाचारों (इनोवेशन) और उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) के क्षेत्र में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। विद्यालय के शिक्षक भी विद्यार्थियों के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण में शामिल रहे, जिससे छात्रों का उत्साह एवं आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्टार्टअप्स के मॉडल और कार्यप्रणाली को समझते हुए विशेषज्ञों से संवाद (इंटरैक्शन) स्थापित किया। जिज्ञासा हेतु बच्चों ने कई प्रश्न पूछे, जिससे उनकी समझ और अधिक गहरी हुई। इस सहभागिता ने छात्रों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार (इनोवेशन) की भावना तथा भविष्य में स्टार्टअप्स के प्रति रुचि को और अधिक सशक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूजे के हुए 324 जोड़ों

**अवधनामा संवाददाता**



**चोपन/सोनभद्र।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को रेलवे फुटबॉल मैदान, चोपन में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के कुशल पर्यवेक्षण में कुल 324 जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया, जिसमें 322 हिन्दू एवं 2 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। विकास खंडवार भागीदारी में चोपन से 77, कोन से 65, दुद्धी से 68, म्योरपुर से 59 तथा बभनी से 55 पात्र जोड़े शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान वैवाहिक रस्में विधि-विधान से संपन्न कराई गई और समारोह स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), जिला विकास अधिकारी, विभिन्न खंड विकास अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। शासनादेश के अनुसार प्रति जोड़े पर एक लाख रुपये की सहायता निर्धारित है। इसमें 60 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से कन्या के खाते में भेजे जाएंगे, जबकि 25 हजार रुपये की वैवाहिक सामग्री जैसे पायल, बिछिया, वस्त्र, बिस्तर, डिनर सेट एवं सीलिंग फैन प्रदान किए गए। शेष 15 हजार रुपये आयोजन व्यवस्था पर व्यय किए गए। इस अवसर पर बिरला कार्बन, रेनुकूट द्वारा भी नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री वितरित की गई। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सेल्फी प्वाइंट बनाकर जनजागरूकता फैलाने के साथ समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। यह आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एक बड़ी सहायता साबित हुआ, जिससे सैकड़ों परिवारों को सामाजिक और आर्थिक राहत मिली तथा क्षेत्र में इस पहल की व्यापक सराहना की जा रही है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख लीला देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदीप अग्रवाल, राजन जायसवाल, विकास चौबे, राहूल सिंह, मीनू चौबे, सोनी रावत, शबनम मिश्रा, धर्मशिला देवी, धर्मेंद्र जायसवाल, आचार्य पं दिलीप पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग बाग मौजूद रहे संचालन मंडल महामंत्री विकास चौबे ने किया।

## रन फॉर एम्पावरमेंट दौड़ का किया गया आयोजन

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** रिजर्व पुलिस लाइन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रन फॉर एम्पावरमेंट दौड़ का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर श्रीमती सरिता भदौरिया व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस विशेष कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर/लाइन्स सुश्री आयुषी सिंह व रिक्रूट महिला आरक्षियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। दौड़ की शुरुआत रिजर्व पुलिस लाइन से हुई और यह मोतीझील चौराहा, डीएम चौराहा एवं एसएसपी चौराहा होते हुये पुलिस लाइन में समाप्त हुयी, जिसकी दूरी लगभग 3 किलोमीटर रही। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर/लाइन्स सुश्री आयुषी सिंह ने भी स्वयं दौड़ में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। रिक्रूट महिला आरक्षियों ने देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भाव के साथ दौड़ में भाग लेकर यह संदेश दिया कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में सक्षम और जागरूक हैं। इस दौरान कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर/लाइन्स आयुषी सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा व प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस कर्मी उपस्थित रहें।

## नवनीत श्रीवास्तव को सार्फ लेजेंडरी अवार्ड से किया सम्मानित



**प्रयागराज।** सार्फ संस्था ने सिविल लाइंस स्थित एक होटल में अभिनय, लोक गायन, समाज सेवा, साहित्य समेत अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रयागराज की हस्तियों को सार्फ लेजेंडरी अवार्ड से सम्मानित कियाा। अलग-अलग विधाओं से अभिलाष नारायण, फिल्मों में अभिनय करने वाले नवनीत श्रीवास्तव, उदयचंद्र परदेसी, दलीप चौरसिया, राकेश वर्मा, डॉ. तौकीर जैदी, अतिया नूर, रमा मेंत्रोस, एम. गुलरेज, मनोज गोस्वामी, भोला सिंह, , डिप्टी गौतम व निर्देशक राकेश वर्मा को सम्मानित किया गया। रवि इलाहाबादी को प्रयाग गौरव सम्मान प्रदान किया गया। संचालन संस्था के अध्यक्ष व फिल्म निर्देशक राकेश श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता और कुमार नारायण मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत बिलग्राम में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम, हरदोई।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत कस्बा बिलग्राम में ÷रन फॉर यूनिटी÷ कार्यक्रम के तहत एक भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाना, उनके प्रति समाज में जागरूकता फैलाना तथा एकता और सुरक्षा का संदेश देना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई, जिसमें स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दौड़ के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर बिलग्राम कोतवाल विजय कुमार, कस्बा इंचार्ज अजय तोमर, मोनू चौधरी, महिला सिपाही आरती एवं ममता सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और जागरूक बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर खुलकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया।

रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के सफल आयोजन से कस्बे में सकारात्मक माहौल देखने को मिला और लोगों में एकता, सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ी। अंत में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## सम्राट अशोक जयंती पर बेलहथि में भव्य आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/हाथीनाला।** दिन हाथीनाला थाना क्षेत्र के बेलहथि ग्राम पंचायत के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य के जन्मोत्सव को पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। गांव को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर आयोजकों और ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में देश-विदेश से बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु और श्रद्धालु पहुंचे, जहां पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना और प्रवचन का आयोजन किया गया। भिक्षुओं ने सम्राट अशोक के धम्म, अहिंसा और विश्व शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि सम्राट अशोक का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने समाज में समानता, भाईचारा और शांति बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज को जोड़ने वाला बताया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भजन, प्रवचन और सामूहिक प्रार्थनाएं भी आयोजित की गई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बना रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और युवाओं की भागीदारी ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया। बेलहथि ग्राम में आयोजित यह आयोजन क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित कर रहा है, जो भविष्य में और भी बड़े स्तर पर मनाए जाने की संभावना को दर्शाता है।

## सोनभद्र में बिजली समस्याओं को लेकर व्यापारियों का प्रदर्शन

**अवधनामा ब्यूरो**

**विद्युत विभाग के खिलाफ संगठन ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र ने विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया एवं चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जनता की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं होता तो उग्र आंदोलन किया जाएगा वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि सरकार के लाख प्रयास के बावजूद भी अधिकारी जनहित के कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस दौरान संगठन का प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ओ पी गुप्ता से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया। संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर की वर्तमान व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बनती जा रही है उन्होंने कहा कि अचानक बैलेंस जीरो दिखाकर बिना पूर्व सूचना के विद्युत आपूर्ति बंद कर दिया जा रहा है। कई बार घंटों लाइन जुड़ नहीं रही है।उन्होंने कहा कि प्रीपेड सिस्टम में बार-बार तकनीकी खराबी एवं रिचार्ज अपडेट ना होने की शिकायतें आ रही है उन्होंने कहा कि पुराने बकाया को स्पष्ट जानकारी के बिना बिल में जोड़ दिया जा रहा है जिसके कारण आए दिन बिजली बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने हेतु 30 मीटर आर्म्ड केबल देने का प्रावधान है परंतु संबंधितों द्वारा ग्राहकों से ही केबल मंगा करके लगाया जा रहा है जो नियम विरुद्ध है। नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि उपभोक्ता शिकायतों का विभाग द्वारा न ही समय पर समाधान हो रहा है न ही कार्यालय में जिम्मेदार अधिकारी मिल रहे हैं जिसके कारण स्थानीय जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर खंबे एवं बिजली के तारों का मकड़जाल हादसे का सबब बना हुआ है। लाइन लेने हो तो पोल से 400 से 500 मीटर की दूरी पर केवल जोड़कर आपूर्ति हो रही है कम ऊंचाई पर लटक रहे तार मौत को आमंत्रण दे रहे हैं उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में बारिश होने वाली है पूर्व में इससे जनजीवन की हानि हो चुकी है प्रत्येक वर्ष विभाग की लापरवाही से कई लोग असमय कालकलवित हो जाते हैं। जिला महामंत्री प्रितपाल सिंह ने कहा कि पुराने बकाए को बिना स्पष्ट जानकारी के बिल में जोड़ दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि 1912 टोल फ्री पर फोन करने पर कहा जाता है कि यह सुविधा आपके एरिया के लिए नहीं है। जिला कोषाध्यक्ष शरद जायसवाल ने कहा कि छोटे बकायदारों का? 500 के बकाए पर कनेक्शन काट दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कई माननीय बड़े-बड़े बाकाये दार होने के बावजूद आबाध रूप से बिजली आपूर्ति हो रही है यह दोहरा मापदंड क्यों? जिला उपाध्यक्ष रवि जायसवाल ने ने कहा कि जो लोग सोलर पैनल लगाए हुए हैं उनके द्वारा जो बिजली पैदा हो रही है और वितरण विभाग द्वारा जो आपूर्ति हो रही है उसमें समायोजन न किए जाने से बिजली कट जा रही है।जिला उपाध्यक्ष राजू जायसवाल ने कहा कि जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गों पर ट्रांसफार्मर खुले में पड़े हैं जिसका कोई सुरक्षा घेरा नहीं है। जिससे कोई हादसा होने का खतरा बराबर बना रहता है। नगर मंत्री नागेंद्र मोदनवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं का दो साल से बिजली कनेक्शन विच्छेदन के बावजूद लगातार बिजली का बिल आ रहा है। नगर महामंत्री जसकीरत सिंह ने कहा कि उपभोक्ता शिकायतों का समय पर समाधान नहीं किया जा रहा है।जिला उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल नगर मंत्री अमित केसरी ने कहा कि झटपट योजना अंतर्गत आवेदन करने पर समय अवधि में ही ढेर सारी आपत्तियां लगा दी जाती हैं इसके बाद उसी दस्तावेज पर नए कनेक्शन जोड़ दिए जा रहे हैं। प्रदर्शन एवं वार्ता करने वालों में मुख्य रूप से कौशल शर्मा, प्रितपाल सिंह, प्रशांत जैन, शरद जायसवाल, अमित केसरी, विनोद जायसवाल अमित केसरी, नागेंद्र मोदनवाल, आदि लोगों उपस्थित रहे।

## अनिमेष ने विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** अनिमेष यादव के हरफनमौला खेल (87 रन नाबाद, 92 गेंद, 10 चौके एवं 6-0-29-2) की बदौलत विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने गोपाल दास क्लब को 44 रन से हराकर पांचवीं केएस स्पोर्ट्स ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने 30 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन (अनिमेष यादव 87 नाबाद, ईशान सिंह 43, शिवम केसरवानी 31 नाबाद, अक्षत सिंह 1/14, प्रिंस 1/27) बनाए। जवाब में गोपाल दास क्लब की टीम 28.5 ओवर में 160 रन (रौनक यादव 54, प्रिंस 38, शिवम केसरवानी 4/35, अनिमेष यादव 2/29, नैतिक यादव दिव्यांशु व शिवम यादव एक-एक विकेट) पर सिमट गई। अनिमेष यादव को क्रिकेट कोच उत्पल दास ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

## खौलते दूध में गिरकर मासूम झुलसा, हालत नाजुक

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** नगर के मराठीपुरा मोहल्ले में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। दूध डेयरी का कार्य करने वाले संजय यादव के घर में रखे खौलते दूध के बड़े भगोने में उनका 8 वर्षीय पुत्र शौर्य अनजाने में गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के समय घर में मौजूद परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को तुरंत बाहर निकाला और सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी और चिंता का माहौल बना हुआ है।

## सियार से टकराकर बाइक सवार दो सगे भाई घायल

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** पाटनपुर मार्ग पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम पाटनपुर निवासी अमित कुमार (20) अपने छोटे भाई आशीष के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। मौदहा-पिपरौंदा मार्ग के बीच अचानक सड़क पर आए सियार से बाइक टकरा गई, जिससे दोनों भाई अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अमित की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया।

## निषाद वोटरों को साधने में जुटीं भाजपा और सपा

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए निषाद समुदाय राजनीतिक दलों के लिए बेहद अहम बन गया है। भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच इस समुदाय को अपने पक्ष में करने की होड़ तेज हो गई है। बुंदेलखंड के हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, महोबा, झांसी, जालौन और ललितपुर सहित रुहेलखंड व कानपुर क्षेत्र के कई जिलों में निषाद मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है, जो कई सीटों पर जीत-हार तय करने की क्षमता रखते हैं। भाजपा ने साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाकर बड़ा संदेश दिया है, वहीं सपा ने फूलन देवी की बहन रुक्मिणी देवी को महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर संतुलन बनाने की कोशिश की है। इसके अलावा भाजपा के बाबूराम निषाद और सपा के विशंभर निषाद भी अपने-अपने स्तर पर मतदाताओं को साधने में जुटे हैं। बसपा और निषाद पार्टी भी इस वोट बैंक पर नजर बनाए हुए हैं।

## फास्ट फूड कारोबारियों को राहत



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** गैस संकट से जूझ रहे फास्ट फूड कारोबारियों को राहत देने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने 5 किलो के नीले रंग के व्यावसायिक सिलेंडर की व्यवस्था लागू की है। अब छोटे कारोबारियों को प्रतिदिन रिफिल की सुविधा के साथ यह सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। कस्बे में अब तक करीब एक दर्जन लोगों ने इसका कनेक्शन लेकर अपना व्यवसाय पुनः शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि व्यावसायिक सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से होटल और फास्ट फूड कारोबार लगभग बंद होने की स्थिति में पहुंच गए थे।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली में गुरुवार दोपहर एक 18 वर्षीय युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिजन मंदिर गए हुए थे, जिससे घर सूना था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका गुड़िया, अमर सिंह की पुत्री थी और इंटरमीडिएट पास करने के बाद घरेलू कार्यों में हाथ बंटा रही थी। घटना के बाद गांव में शोक और चर्चा का माहौल है।

## जन्मदिन पार्टी के बाद होटल में मारपीट, आरोपी फरार

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के अर्थ होटल में हुई मारपीट की घटना का खुलासा हुआ है कि यह घटना एक उद्यमी के पुत्र की जन्मदिन पार्टी के बाद हुई। बताया गया कि पार्टी के बाद आरोपी होटल में खाना खाने पहुंचे, लेकिन देर रात और गैस की कमी के चलते होटल बंद होने जा रहा था। मैनेजर द्वारा मना करने पर आरोपियों ने मारपीट कर दी। घटना के 48 घंटे बाद भी पुलिस किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है, हालांकि सभी की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। नामजद आरोपी प्रत्यूष साहू ने खुद को निर्दोष बताते हुए राजनीतिक साजिश का आरोप लगाया है और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## कन्या भोज और जवारे का आयोजन

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** नवरात्र के अवसर पर कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में महागौरी का पूजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। घर-घर कन्या भोज आयोजित किए गए और महिलाओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। ग्राम बांक, बिलहड़ी और बांकी में शाम को गाजे-बाजे के साथ भव्य जवारे निकाले गए, जिनका विसर्जन मौहर देवी मंदिर के तालाब में किया गया। जवारों के दौरान सांगों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

## भाजपा की नामित सभासद नीलम बाजपेई ने दिया इस्तीफा

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** नगर पालिका की नामित सभासद और भाजपा नेता नीलम बाजपेई ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि वह इस पद की जिम्मेदारी को निभाने में खुद को असहज महसूस कर रही थीं। नीलम बाजपेई का राजनीतिक सफर करीब 26 वर्षों का रहा है और उन्होंने पार्टी में कई अहम पदों पर कार्य किया है। हाल ही में 14 मार्च को उन्हें नामित सभासद बनाया गया था। भाजपा जिलाध्यक्ष ने मामले की जानकारी लेकर उनसे बातचीत करने की बात कही है।

## जिला अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप, प्रदर्शन

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिला अस्पताल में इलाज में लापरवाही से एक मरीज की मौत का आरोप लगाते हुए कोरी समाज महासंस्थान के लोगों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि समय पर इलाज न मिलने से मरीज की मौत हुई। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुआवजा और दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि मरीज को रात में भर्ती किया गया, लेकिन कई घंटे तक उसकी फाइल तक नहीं बनाई गई।

## एनसीएल की जयंत परियोजना ने एक दिन में 1.21 लाख टन कोयला प्रेषण कर बनाया रिकॉर्ड

**सोनभद्र/सिंगरौली (अवधनामा संवाददाता)** वैश्विक ऊर्जा संकट और अनिश्चितताओं के वर्तमान दौर में देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) का योगदान निरंतर उल्लेखनीय बना हुआ है। कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख अनुषंगी कंपनी एनसीएल द्वारा कोयला मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप निर्बाध कोयला उत्पादन एवं प्रेषण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे देश के ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिल रही है। इसी क्रम में बुधवार को एनसीएल की सबसे बड़ी परियोजना जयंत परियोजना ने एक दिन में सर्वाधिक कोयला प्रेषण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस दौरान परियोजना द्वारा देश के विभिन्न ताप विद्युत गृहों एवं उद्योगों को कुल 1.21 लाख टन कोयले का प्रेषण किया गया। इसमें भारतीय रेल के माध्यम से 17 रैक्स, पिटहेड पावर प्लांट्स को एमजीआर के माध्यम से 20 रैक्स तथा सड़क मार्ग से 278 ट्रक शामिल रहे। इस वर्ष जयंत परियोजना द्वारा सामान्यतः रेल माध्यम से औसतन 11 रैक्स तथा एमजीआर के माध्यम से औसतन 12 रैक्स का प्रेषण किया गया है। इस औसत की तुलना में बुधवार का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। यदि एनसीएल के समग्र प्रदर्शन की बात करें, तो कंपनी का वार्षिक औसत प्रतिदिन 45 रेल रैक्स तथा 55 एमजीआर रैक्स (पिटहेड प्लांट्स हेतु) का है, जबकि बुधवार को कंपनी ने 52 रेल रैक्स और 55 एमजीआर रैक्स का प्रेषण कर बेहतर प्रदर्शन किया।

**मंत्री ए.के. शर्मा की प्रेरक पहल, प्रभार जनपद भदोही में आत्म लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का दिलाया संकल्प**

# मेरा लक्ष्य-मेरा संकल्प, विकसित भारत की दिशा में बड़ा कदम

- 2047 तक विकसित राष्ट्र के निर्माण हेतु जन-जन की भागीदारी जरूरी : मंत्री

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** जनपद भदोही के जीआईसी ग्राउंड (ज्ञानपुर) में उत्तर प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने प्रत्येक नागरिक को अगले दस वर्षों के लिए अपना 'आत्म लक्ष्य' निर्धारित करने एवं उसे प्राप्त करने हेतु संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि अब समय पीछे मुड़कर देखने का नहीं, बल्कि आगे बढ़कर बड़ी छलांग लगाने का है। वर्ष 2047 तक देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए गांव, तहसील, ब्लॉक और प्रत्येक नागरिक को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने इस अभिनव पहल को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने मुक्त कंठ से सराहा और आत्म लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प लिया।

अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री शर्मा ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हर नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके लिए व्यक्तिगत स्तर पर लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब हर व्यक्ति अपने लक्ष्य को लेकर संकल्पित होगा, तभी प्रदेश और देश तेजी से प्रगति करेगा। इस दौरान उन्होंने मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि बीते 09 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व विकास किया है। सड़क, बिजली, ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि, आवास एवं कानून व्यवस्था सहित सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक सुधार हुए हैं और प्रदेश बीमा राज्य की श्रेणी से निकलकर अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, सांसद विनोद बिंद, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर एवं ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखा। कार्यक्रम के अंत में मंत्री शर्मा ने प्रेस वार्ता के माध्यम से सरकार के 9 वर्षों के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना तथा निशुल्क खाद्यान्न योजना से लाभान्वित लोगों की संख्या की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत एंटी रोमियो विषयक नुक्कड़ नाटक की सराहना की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी सांसद विनोद बिंद्रा विधायक औराई से दीनानाथ भास्कर विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा पूर्व विधायक रविंद्र त्रिपाठी जिलाधिकारी शैलेश कुमार पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी, अन्य जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ श्री गोरखनाथ मन्दिर परिसर, गोरखपुर में पूजा-अर्चना करते हुए।

## आसिफी मस्जिद परिसर में प्रदर्शन आज

**लखनऊ।** सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना स्थित जन्नतुल बकी में दुख्तरे रसूल और चार इमामों की मजारों के ध्वस्तीकरण के विरोध में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद परिसर में प्रदर्शन किया जाएगा। मजलिस उलमा-ए-हिन्द की ओर से आयोजित होने वाले प्रदर्शन का नेतृत्व उलमा करेंगे। मजलिस उलमा-ए-हिन्द ने विभिन्न संगठनों और अंजुमनों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास की ओर से 8 शव्वाल शनिवार को शहीद स्मारक पर जन्नतुल बकी में मजारों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। मौलाना यासूब अब्बास के नेतृत्व में दोपहर 12ः30 बजे होने वाले प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी नई दिल्ली स्थित सऊदी दूतावास को मजारों के पुनर्निर्माण के लिए खून से लिखा ज्ञापन भेजेंगे। वहीं आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड ने प्रदर्शन को अपना समर्थन देते हुए लोगों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

# लखनऊ में अफवाह से पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़, प्रशासन ने संभाला मोर्चा

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के बीच राजधानी लखनऊ में गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाह ने बड़ा असर दिखाया। शाम होते-होते शहर के कई पेट्रोल पंपों पर अचानक भारी भीड़ उमड़ पड़ी और लोग जल्द से जल्द ईंधन भरवाने के लिए लाइन में लग गए।

अफवाह यह फैली कि आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, जिसके चलते लोगों में घबराहट का माहौल बन गया। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि राज्य में ईंधन की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। इसके बावजूद अफवाहों का असर देर शाम तक साफ दिखाई दिया।

शहर के बालागंज, सरफराजगंज, लालकुआं और बर्लिंग्टन चौराहे सहित कई क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गई। कुछ स्थानों पर पंपों पर ईंधन खत्म होने की आशंका के चलते उन्हें अस्थायी रूप से बंद भी करना पड़ा, जबकि कई जगहों पर केवल प्रीमियम (पावर) पेट्रोल ही उपलब्ध रहा।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन और पुलिस को तुरंत सक्रिय होना पड़ा। जिलाधिकारी विशाख जी और जॉइंट पुलिस कमिश्नर बबलू कुमार स्वयं पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करने निकले और हालात का जायजा लिया। कई संवेदनशील पंपों पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की सप्लाई सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। हालांकि, देर रात तक कई स्थानों पर लोगों को पेट्रोल के लिए परेशान होते देखा गया। इस पूरे घटनाक्रम के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने वाले लोग अपेक्षाकृत राहत महसूस करते नजर आए। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और आमजन से संयम बनाए रखने की अपील की है।

## बिजली की मांग में अचानक उछाल से बढ़ी चिंता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश में मार्च माह के दौरान बिजली की अधिकतम मांग (पीक डिमांड) में हो रहे अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। परिषद के अध्ययन के अनुसार 10 मार्च को जब एकाएक गर्मी बढ़ गई थी अधिकतम मांग 21,675 मेगावाट दर्ज की गई थी, जो मौसम में बदलाव के कारण 21 मार्च को घटकर 18,031 मेगावाट रह गई। इसके बाद 24 मार्च को यह बढ़कर 19,432 मेगावाट हुई, जबकि 26 मार्च को अचानक उछलकर लगभग 21,450 मेगावाट तक पहुंच गई। परिषद का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में लगभग 3000 मेगावाट का अचानक लोड बढ़ना सामान्य मौसमीय बदलाव से परे है। वर्तमान में तापमान अत्यधिक नहीं होने के बावजूद इस तरह की वृद्धि से संकेत मिलता है कि सिस्टम पर अतिरिक्त लोड के नए स्रोत तेजी से जुड़ रहे हैं। परिषद के आकलन के अनुसार बाजार में इन दिनों बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हों की बिक्री बढ़ी है।

## अधिवक्ताओं का सम्मेलन 11 अप्रैल को

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस विधि, आरटीआई और मानवाधिकार विभाग के चेयरमैन अभिषेक मनु सिंघवी एडवोकेट की मौजूदगी में 11 अप्रैल को कैसरबाग स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह में विधि विभाग के अधिवक्ताओं का सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को विधि विभाग के चेयरमैन अली आसिफ जमा रिजवी एडवोकेट की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में चेयरमैन अली आसिफ जमा ने विभाग के पदाधिकारियों से सम्मेलन को सफल बनाने के लिए निर्देशित करते हुए उनके कार्यक्षेत्र की जानकारी दी। बैठक को सम्बोधित करते हुए विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अमानुर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मानवाधिकार विभाग का विधि विभाग में विलय करने के निर्णय से संगठन और अधिक मजबूत होगा। इससे समाज में शोषित, पीड़ित वर्ग और महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचार और अन्याय के खिलाफ कांग्रेस उनकी आवाज और हक व अधिकारों की लड़ाई और अधिक मजबूती से लड़ कर उन्हें न्याय दिलाने का काम करेगी। विभाग के प्रदेश समन्वयक सरवन कुमार अवस्थी के संचालन में हुई बैठक में विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन मोहम्मद अनस खान, उपाध्यक्ष विजय कुमार, डोली चन्द्रा, विकास चौधरी, नासिर जिया सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# शारदा बैराज बनेगा नया पर्यटन हब

- टेंट सिटी से बढ़ेगा इको-टूरिज्म आकर्षण
- 2.67 एकड़ में विकसित होगी आधुनिक टेंट सिटी
- जयवीर सिंह ने दी योजना की जानकारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी का शारदा बैराज अब पर्यटन मानचित्र पर बड़ी छलांग लगाने की तैयारी में है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड (यूपीईटीडीबी) यहां 2.67 एकड़ क्षेत्र में निजी सहभागिता से टेंट सिटी विकसित करने जा रहा है, जिसके लिए निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। सरकार की योजना प्रकृति की गोद में बसे इस खूबसूरत स्थल को 'एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित कर पर्यटकों के लिए नया आकर्षण केंद्र बनाने की है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्लखीमपुर खीरी स्थित शारदा बैराज को जल्द ही एक प्रमुख पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तहसील सदर ग्राम कोठिया के निकट करीब 2.67 एकड़ भूमि पर आकर्षक टेंट सिटी विकसित की जाएगी, जो पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनेगी। दुधवा नेशनल पार्क के करीब स्थित इस जगह को आधुनिक वेलनेस सुविधाओं से जोड़ने की योजना है, ताकि यहां आने वाले सैलानी प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बेहतर स्वास्थ्य और शांत वातावरण का अनूठा अनुभव प्राप्त कर सकें। सरकार की इस पहल से न सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### टेंट सिटी से इको-टूरिज्म को विशिष्ट पहचान

अधिकारियों के मुताबिक, यह क्षेत्र दुधवा नेशनल पार्क और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य के मध्य स्थित है, जिससे इसकी पर्यटन संभावनाएं और बढ़ जाती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ग्राम कोठिया में टेंट सिटी विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को प्रकृति के बीच ठहरने का अनूठा अनुभव मिल सके। बोर्ड का प्रयास इस खूबसूरत स्थल को 'एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित करना है।

## सी.एम.एस. छात्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं : दानिश

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि दानिश आजाद अंसारी, राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, उ.प्र., ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री अंसारी ने कहा कि सी.एम.एस. छात्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं और इन छात्रों की ऊर्जा, रचनात्मकता, सकारात्मक सोच एवं वैश्विक दृष्टिकोण वास्तव में प्रशंसनीय है। सी.एम.एस. की प्रशंसा करते हुए श्री अंसारी ने कहा कि सी.एम.एस. एक ऐसी संस्था है जो छात्रों के उज्वल भविष्य के साथ ही समाज व देश के रचनात्मक उत्थान हेतु सतत् प्रयासरत है। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि बच्चों के प्राब्लम-साल्वर बनें और उनमें उज्वल भविष्य की ललक जगायें।

# स्वयं सहायता समूहों से बढ़ रहा महिला सशक्तिकरण

- 'लखपति दीदी' बनाने की दिशा में तेज प्रयास
- ग्रामीण महिलाओं ने दुग्ध उत्पादन में बनाया रिकॉर्ड

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश मे महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा मे क्रान्तिकारी कदम उठाये जा रहे है। स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उन्हे विभिन्न गतिविधियों व क्रियाकलापो के माध्यम से न केवल स्वावलम्बी बनाया जा रहा है, बल्कि उन्हे लखपति दीदी की श्रेणी मे लाने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। समूहो की दीदियो को विभिन्न विभागो से समन्वय कर उनकी आमदनी मे इजाफा किया जा रहा है। दीदियो को उनके क्रियाकलापो व गतिविधियों मे किसी प्रकार की दिक्कत या अवरोध न आने पाये, उन्हे किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाये, इस दिशा मे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की सोच व मन्शा के अनुरूप राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा क्रान्तिकारी कदम उठाये गये है। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं ने दुग्ध उत्पादन एवं संग्रहण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए आत्मनिर्भरता की नई मिसाल स्थापित की है। प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप महिला स्वयं सहायता समूह आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में सशक्त भूमिका निभा रहे हैं तथा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रहे हैं। प्रदेश के 31 जनपदों में सक्रिय महिला समूहों द्वारा प्रतिदिन लगभग 10 लाख लीटर दूध का संग्रहण किया जा रहा है, जिससे अब तक लगभग ?5000 करोड़ का कारोबार सृजित हुआ है। इस पहल से न केवल ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्राप्त हुई है। प्रदेश में महिला संचालित मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियां इस परिवर्तन की धुरी के रूप में कार्य कर रही हैं। मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन के मुताबिक बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी (बुंदेलखंड क्षेत्र) मे महिलाओ द्विवेदी प्रतिदिन लगभग 2.5 लाख लीटर संग्रहण किया जा रहा है और लगभग रू. 2300 करोड़ कारोबार किया जा चुका है। काशी एमपीसीएल (पूर्वांचल क्षेत्र) द्वारा प्रतिदिन लगभग 2 लाख लीटर संग्रहण किया जा रहा है और लगभग रू 750 करोड़ का करोबार किया गया है। सामर्थ्य एमपीसीएल (मध्य क्षेत्र) द्वारा प्रतिदिन लगभग 3 लाख लीटर संग्रहण, किया जा रहा है और लगभग रू. 1450 करोड़ का कारोबार किया गया है। बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीसीएल (गोरखपुर मंडल) द्वारा प्रतिदिन लगभग 1 लाख लीटर संग्रहण, किया जा रहा है और लगभग रू. 220 करोड़ का करोबार किया गया है।और सृजनी एमपीसीएल (तराई क्षेत्र) द्वारा प्रतिदिन लगभग 1.5 लाख लीटर संग्रहण किया जा रहा है, तथा लगभग रू 250 करोड़ का कारोबार किया गया है।

# योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 'प्रोजेक्ट प्रवीण' में एआई शामिल

- कपिल देव अग्रवाल के नेतृत्व में युवाओं को मिलेगी नई तकनीकी शिक्षा
- कक्षा 9 से 12 तक एआई कोर्स अनिवार्य
- 2026-27 से लागू होगा नया एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम
- 2 लाख से अधिक छात्रों को मिलेगा लाभ

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में और प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (न्वैक्ड) के मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर अब कक्षा 09 से 12 तक संचालित सभी वोकेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कोर्स को अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है। यह पहल आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी, जिसके अंतर्गत 04 घंटे का विशेष ।प् कोर्स प्रशिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए अनिवार्य किया गया है। यह उत्तर प्रदेश के स्कूली शिक्षा ढांचे में तकनीक के समावेश की दिशा में एक अभिनव और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

'प्रोजेक्ट प्रवीण' माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 210 घंटे का निःशुल्क कौशल विकास कार्यक्रम है, जिसमें आईटी, ब्यूटी, हेल्थकेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। अब इस कार्यक्रम में श।प् ध्वत ।ससश् को जोड़ते हुए छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से भी सशक्त बनाया जाएगा, जिससे वे शिक्षा पूर्ण करने के साथ ही रोजगार के लिए तैयार हो सकें।

इस पहल के माध्यम से प्रदेश के 1200 से अधिक सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के 02 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। ।प् कोर्स के जरिए विद्यार्थियों में समस्या समाधान, रचनात्मक सोच, डेटा विश्लेषण और डिजिटल दक्षता जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित किए जाएंगे, जो उन्हें भविष्य की नौकरियों के लिए सक्षम बनाएंगे। छात्रों की रुचि और बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए प्ज् कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, टेलरिंग, हेल्थकेयर, डिजिटल मित्र और अन्य प्रमुख जॉब रोल्स के लिए 04 घंटे के कस्टमाइज्ड मॉड्यूल भी तैयार किए गए हैं, जिससे छात्र अपने-अपने क्षेत्र में एआई के व्यावहारिक उपयोग को समझ सकें।

# केशव मौर्य ने सम्राट अशोक को दी श्रद्धांजलि

- अशोक के 'धम्म' और शांति संदेश को बताया प्रासंगिक
- कलिंग युद्ध के बाद अशोक के परिवर्तन का किया उल्लेख

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती के अवसर पर उन्हें विनम्र नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अखंड भारत की गौरवगाथा को एक विराट चेतना में रूपायित कर उसे शिखर पर प्रतिष्ठित करने वाले सम्राट अशोक महान ने अपने धम्म के दिव्य प्रकाश से पूरे युग को आलोकित किया। उनका जीवन त्याग, करुणा और लोककल्याण की भावना का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कलिंग युद्ध के उपरांत सम्राट अशोक का आत्मपरिवर्तन मानवता के इतिहास की एक अद्वितीय घटना है, जहां एक विजेता ने हिंसा का मार्ग त्यागकर करुणा, शांति और सेवा का पथ अपनाया। उनके इसी परिवर्तन के कारण धम्म का संदेश भारत की सीमाओं से निकलकर दूर-दूर तक फैला और अनेक देशों में बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट अशोक द्वारा प्रसारित शांति, सह-अस्तित्व और नैतिक अनुशासन के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और संपूर्ण विश्व को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक के शासनकाल की सबसे बड़ी विशेषता उनकी जनकल्याणकारी नीतियां और सुदृढ़ न्याय व्यवस्था थी, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर गरीब और वंचितों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाता था।

उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी सम्राट अशोक के आदर्शों से प्रेरणा लेकर एक सशक्त, समृद्ध और समरस राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है।

# गो-आश्रय स्थलों को सीसीटीवी निगरानी से जोड़ा गया

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित 5446 गो-आश्रय स्थलों को सीसीटीवी निगरानी से जोड़ कर सरकार से गोवंश संरक्षण में बड़ा कदम उठाया है। अब तक कुल 7592 कैमरे स्थापित किये जा चुके हैं। गो-आश्रय स्थलों को सीसीटीवी से जोडने से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि गोवंश की सुरक्षा और बेहतर देखभाल सुनिश्चित होगी। सीसीटीवी की निगरानी में आए गो-आश्रय स्थलों में अब सप्ताह के सातों दिन 24 घण्टे निगरानी होगी और पशुओं के खान-पान, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं किसी तरह की लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। गो-आश्रय स्थलों को सीसीटीवी निगरानी में लाने से गोवंश को समय से चारा, साफ पानी और जरूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि यह डिजिटल निगरानी प्रणाली प्रशासनिक पारदर्शिता के साथ आम जनता के विश्वास को भी सुदृढ़ कर रही है। वर्तमान में 56 जनपदों में कमाण्ड और कंट्रोल रूम सक्रिय हैं शेष 19 जनपदों में सीएसआर फण्ड के जरिए जल्द ही कंट्रोल रूम स्थापित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने सभी जिलों को सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और किसी भी खराबी की स्थिति में तत्काल सुधार कराया जाए।

साथ ही अधिकारियों को समय-समय पर स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिये गये हैं।